


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के शुरू हुए बुरे दिन!......

सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे हैं बाइडेन : ट्रंप का बड़ा आरोप..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 265 | पटना, बुधवार, 08 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## प्रगति यात्रा : सीएम नीतीश ने सीवान जिले को करीब 109 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

# 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी हुआ काम : नीतीश

## 127 विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को प्रगति यात्रा के क्रम में सीवान जिला को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का निरीक्षण कर ओपीडी कक्ष, टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हम लोग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा वितरण करा रहे हैं। वर्ष 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है ताकि लोगों को इलाज में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीवान जिले के कई विकास योजनाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तावित पथ मोहम्मदपुर मोड़ एनएच-531 से छपिया-टेढ़िघाट-गोपालपुर एनएच-227ए में आरोबी सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाना है। इस प्रस्तावित पथ की कुल लंबाई 13.80 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इसके बन जाने से आवागमन सुगम होगा। लोगों की जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली का जीरा छोड़ा :

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदगीर्कृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली का जीरा छोड़ा। तालाब निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। तालाब के चारों तरफ यहां अच्छे ढंग से वृक्षारोपण कराया गया है। यह अच्छी बात है। हमलोग वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत कर सभी सार्वजनिक तालाब, पोखर, कुओं आदि के सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम कर रहे हैं।

### खेल मैदान का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। उत्क्रमित मध्य विद्यालय करहनु के प्रांगण में 8.74 लाख रुपये की लागत से मनरेगा अंतर्गत निर्मित सार्वजनिक खेल मैदान का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोक सेवा केंद्र एवं पंचायत सरकार भवन मचकना का निरीक्षण कर सरपंच न्यायालय, पुस्तकालय आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने करहनु बाजार के प्रांगण में 7.18 लाख रुपये की लागत से निर्मित मनरेगा हाट का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बासगीत पर्चा, सतत जीविकोपार्जन योजना एवं परियोजना निधि अंतर्गत जीविका दीदियों को 51 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी, 19 जीविका दीदियों को 42 लाख 6 हजार 736 रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, 29 हजार 663 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,51,506 जीविका दीदियों को बैंक लिकेंज द्वारा 101 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक, जीविका भवन की चाबी, मुख्यमंत्री चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चलित वाहन की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभुकों को प्रदान किया।



### सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही महिलाएं

प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से हमारी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर हम लोग कई प्रकार के काम कर रहे हैं। इससे हमें अच्छी आमदनी हो रही है। इससे समाज में महिलाओं की काफी इज्जत बढ़ी है। कारोबार करने के लिए हमें बैंक लोन के अलावा परियोजना से भी आर्थिक मदद मिलती है। जीविका ने हमारा जीवन बदल दिया है। हम सभी महिलाएं आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सांसद और केंद्र में मंत्री थे तो अनेक जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह का काम देखते थे। वर्ष 2005 में जब हमारी सरकार बनी तो वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढाना शुरू किया। अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जीविका नाम हमने ही दिया। इससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने आजीविका नाम से योजना शुरू की। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से बात करते हैं और उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं। अब वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। जिससे उन्हें आमदनी भी हो रही है। वे अच्छे ढंग से लोगों से बात भी करने लगी हैं।

### ये रहें मौजूद

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडे, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सीवान जिले की प्रभारी मंत्री रेणु देवी, सांसद विजया लक्ष्मी देवी, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, सारण प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा दीपक वर्णवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण प्रक्षेत्र नीलेश कुमार, जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण

मुख्यमंत्री ने सीवान जिला अंतर्गत जीरादेई प्रखंड के भैसाखाल में 520 आसन वाले नवनिर्मित राजकीय अतिपिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय के शैक्षणिक सह प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस आवासीय विद्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित पथ सीवान आंदर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 16.250 किलोमीटर है। मैप के माध्यम से अधिकारियों ने इस पथ के विषय में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा (एनएच-31, बलिया मोड़) मांझी-दरौली-गुठनी (एनएच-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 72.183 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 701 करोड़ 25 लाख 89 हजार रुपये है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार सहित कई राज्यों में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। राजधानी पटना सहित बिहार के कई जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके साथ ही नेपाल और बांग्लादेश में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, कोई हताहत की खबर सामने नहीं आई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, नेपाल और भारत के सिक्किम की सीमा के पास चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत क्षेत्र में सुबह 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र नेपाल के लोबुचे से करीब 91 किमी दूर था। भूकंप के झटके भूटान और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, बीती रात दक्षिणी ईरान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई है। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, कोई क्षति की खबर सामने नहीं आई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में थोड़ी-थोड़ी देर में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 7:00 बजे दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग इलाके में 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद भी कई बार झटके महसूस किए गए।जानकारी के अनुसार, भूकंप के कारण जानमाल और क्षति के बारे में कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# एचएमपीवी : केंद्र ने राज्यों से कहा श्वसन संबंधी बीमारियों पर रखें नजर

## देश भर में एचएमपीवी के कुल सात मामले सामने आए

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत में मन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र ने मंगलवार को राज्यों से देश में श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी की समीक्षा करने को कहा है। देश में अब तक कर्नाटक और तमिलनाडु में दो-दो व गुजरात से 1 एचएमपीवी सहित कुल सात मामले सामने आए हैं। सभी मामले 3 महीने से लेकर 13 साल की उम्र के छोटे बच्चों में पाए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने वर्चुअल मोड में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण एसएआरआई निगरानी को मजबूत करना चाहिए और इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार है। श्रीवास्तव ने कहा, एचएमपीवी से जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह बैठक भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और चीन में एचएमपीवी मामलों में उछाल की रिपोर्ट के बाद रखी गई थी। इसके साथ ही इस बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में सचिव डॉ. राजीव बहल, डीजीएचएस डॉ प्रो अतुल गोयल, राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीवास्तव ने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम आईडीएसपी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, देश में कहीं भी आईएलआई एसएआरआई मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकर के अनुसार, एचएमपीवी निश्चित रूप से जानलेवा नहीं है और आज तक मृत्यु दर या गंभीर संक्रमण दर का कोई सबूत नहीं है।

- नागपुर और तमिलनाडु में दो दो-दो बच्चों में एचएमपीवी की पुष्टि
- जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य सचिव




### जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को वायरस के संक्रमण की रोकथाम के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की भी सलाह दी है। जारी की गई सलाह में साबुन से बार-बार हाथ धोना, बिना धुले हाथों से अपनी आंखें, नाक या मुंह को छूने से बचना, ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना जिनमें बीमारी के लक्षण दिख रहे हों। इसके साथ ही खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढकना जैसी बातें कही गई हैं। एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में संक्रमण का कारण बन सकता है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का और स्व-सीमित स्थिति वाला होता है और अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं।

बच्चे व बुजुर्गों के लिए विशेष एहतियात बरतने का सुझाव

विभाग के अनुसार इसके लक्षणों में कफ, बुखार, नाक में संक्रमण, श्वास में परेशानी, गंभीर स्थिति में ब्रोंकाइटिस एवं न्यूमोनिया शामिल है। एचएमपीवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने अथवा छींकने से फैलता है। साथ ही संक्रमित व्यक्ति को छूने, एवं संक्रमित वस्तुओं के मुंह, आंख अथवा नाक के संपर्क होने से फैल सकता है। एचएमपीवी से बचाव के लिए कोरोना के समान ही प्रमुख विधि बताई जा रही है। विशेषकर छोटे बच्चे, 60 वर्षो से अधिक अधिक उम्र वाले व्यक्ति तथा कमजोर इम्यूनिटी वाले व्यक्ति के लिए एहतियात बरतने का सुझाव दिया गया है।

### बिहार में एचएमपीवी वायरस को मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर होंगे इंतजाम

पटना। चीन में फैले एचएमपीवी वायरस को बिहार में मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के बाद सभी जिलों के जिलाधिकारियों, मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षक, सिविल सर्जनों को इस वायरस से बचाव के लिए कोरोना की तर्ज पर ही इंतजाम करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह एक श्वसन तंत्र से जुड़ा हुआ वायरस है। इसके संक्रमण से बचने के लिए कोई विशेष एंटी वायरल या वैक्सीन अबतक उपलब्ध नहीं है। विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा इन्फ्लूएंजा के समान बीमारी एवं सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी न्यूमोनिया (सारी) का सर्विलांस सुनिश्चित करते हुए इसको आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन रिपोर्ट दी जाए। कोविड-19 से संबंधित दवा, किट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, मास्क इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके ट्रेंड पर ध्यान रखने और इसके बढ़ने की स्थिति में सभी अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण गतिविधियों की सघन निगरानी करने को कहा गया है। अस्पताल में गंभीर रूप से भर्ती मामलों के सैंपल को राष्ट्रीय लैब में भेजकर जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जिससे एचएमपीवी की लैब में पुष्टि हो सके।

# भारतपोल से अंतर्राष्ट्रीय जांच के मामले में देश में सबसे पहले नये युग की शुरूआत : शाह

## गृह मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता के लिए भारतपोल का किया शुभारंभ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब समय आ गया है कि भारतीय जांच एजेंसियां भगोड़ों को पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने जांच एजेंसियों के लिए तेजी से अंतरराष्ट्रीय सहायता की सुविधा के लिए भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। यहां भारत मंडपम में भारतपोल की शुरूआत करते हुए, मंत्री ने रेखांकित किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित पोर्टल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल की मदद से केंद्रीय और राज्य एजेंसियां आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेंगी और अपनी जांच में तेजी ला सकेंगी। शाह ने कहा, अब समय आ गया है कि हम अपराध करने के बाद भारत से फरार हुए भगोड़ों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा, हमें वैश्विक चुनौतियों पर नजर रखनी होगी और अपनी आंतरिक प्रणालियों को अद्यतन करना होगा। भारतपोल उस दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल के 195 सदस्य देशों से अपने मामलों पर जानकारी साझा करने और प्राप्त करने की अनुमति देगा। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले साल मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानून यह सुनिश्चित करेंगे कि भगोड़ों और फरार लोगों के खिलाफ बेहतर तरीके से मुकदमा चलाया जाए। शाह ने कहा, ह्यह्यमैं सीबीआई से आग्रह करूंगा कि वह भारतपोल के बारे में क्षमता निर्माण और तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए राज्यों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी ले। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें विभिन्न प्रकार के इंटरपोल नोटिस और उनकी प्रक्रियाओं के ज्ञान के साथ-साथ इन प्रणालियों को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। भारतपोल पोर्टल की स्थापना के बारे में पीटीआई ने सबसे पहले खबर दी थी। सीबीआई और भारत का राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो इंटरपोल से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।



### आसाराम बापू को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं। पीठ ने 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत देते हुए इस दौरान लगाई गई शर्तों का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए संकेत दिया कि जमानत अवधि समाप्त होने की तारीख के आसपास आसाराम की चिकित्सा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। गौरतलब है कि आसाराम बापू दुष्कर्म के दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 11 साल से अधिक समय से आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

### विप उपचुनाव : ललन प्रसाद होंगे एनडीए के उम्मीदवार

पटना। बिहार की एक सीट पर होने वाले विधान परिषद उपचुनाव के लिए एनडीए गठबंधन ने अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। जदयू ने समता पार्टी के समय के ललन प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। ललन प्रसाद अतिपिछड़ा समाज के धानुक जाति से आते हैं और सीएम नीतीश के करीबी बताए जा रहे हैं। दरअसल, राजद के पूर्व एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई विधान परिषद की एक सीट एनडीए में जदयू के खाते में आई है। जदयू की तरफ से इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया गया है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एनडीए ने ललन प्रसाद को अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हम से के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, लोजपा आर के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

## सीएम नीतीश की मिमिक्री करने वाले राजद के पूर्व एमएलसी सुनील कुमार सिंह को कोर्ट ने दी नसीहत

टिप्पणी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधान परिषद सदस्य एवं राष्ट्रीय जनता दल नेता सुनील कुमार सिंह की याचिका पर अंतिम सुनवाई तय करते हुए कहा कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। सिंह ने अपनी याचिका में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ टिप्पणी के लिए उन्हें विधान परिषद से निष्कासित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने पिछले साल 13 फरवरी को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान सिंह द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रथम द्दष्टया असहमति जताने के बाद मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तारीख तय की है। राजद नेता की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सदन के भीतर अभिव्यक्ति की आजादी की व्यापक छूट है, जिस पर पीठ ने टिप्पणी की कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल एक अन्य विधान परिषद सदस्य ने भी किया था जिन्हें निलंबित कर दिया गया, लेकिन सिंह के मामले में केवल एक शब्द बोलने पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने सिंघवी से कहा, क्या सदन के अंदर अभिव्यक्ति की आजादी का इस तरह इस्तेमाल किया जाता है? आप (सिंघवी) भी सांसद हैं। क्या आप सदन के अंदर अपने विरोधियों के खिलाफ ऐसी भाषा के इस्तेमाल का समर्थन करते हैं? सिंघवी ने कहा कि वह ऐसी भाषा का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन ऐसी भाषा के इस्तेमाल के लिए निष्कासन से विपक्ष की सीट खाली हो जाएगी।



पीठ ने सिंघवी से मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तैयार रहने को कहा और इसे नौ जनवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पिछले साल 26 जुलाई को सिंह को सदन में अशोभनीय आचरण के लिए बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। आचार समिति द्वारा कार्यवाहक सभापति अवधेश नारायण सिंह को रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन बाद सिंह के निष्कासन का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ था। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले सिंह पर 13 फरवरी को सदन में तीखी बहस के दौरान नीतीश कुमार को अपशब्द बोलने का आरोप है। उन पर मुख्यमंत्री की नकल करके उनका अपमान करने और समिति के समक्ष पेश होने पर उसके सदस्यों की योग्यता पर सवाल खड़े करने का भी आरोप लगाया गया है। सिंह के निष्कासन के अलावा राजद के विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी सोहैब को भी दो दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। सोहैब पर उसी दिन अशोभनीय आचरण करने का आरोप है। आचार समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोहैब ने जांच के दौरान अपने कृत्य के लिए खेद व्यक्त किया था, जबकि सिंह अपनी बात पर अड़े रहे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्ग-असहायों के बीच कंबल वितरित

फतुहा। प्रखंड में बाली पंचायत के पचरूखिया गांव में बुजुर्ग-असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस संबंध में भाजपा नेता रौशन सिंह सोलंकी ने बताया कि ई. गोपाल शरण सिंह की ओर से सैंकड़ों बुजुर्ग-असहायों को कंबल दिया गया। इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल मिलने से लोगों ने खुशी जाहिर किया। इस कार्यक्रम में कपिन्द्र सिंह, समरजीत जी, रामानुज जी, नीकेत कुमार, संजय कुमार पप्पू जी, बलेन्द्र कुमार एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### लावारिस अवस्था में अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 1 फुट ओवर ब्रिज के नीचे से चार झोला में रखा अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग9 पीस फूल 8 स्त्रे.. टेट्रा पैक 50 पीस ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक 65 पीस ब्लेंडर प्राइस व्हिस्की 6 बोतल कुल शराब की मात्रा 31.95 लीटर शराब बरामद किया गया

### दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

मसौढ़ी ।पुलिस ने सोमवार को विभिन्न धाराओं में फरार दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।गिरफ्तार आरोपी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड मुहल्ले निवासी बिरजू प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार व चूलहाइ चक गांव निवासी सत्यनारायण चौधरी के पुत्र भुनेश्वर चौधरी के नाम शामिल है ।थाना अध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि इन सभी वारंटी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए थे, जिसके बाद न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था।

### चार पहिया वाहन का शीशा तोड़कर अंदर के पार्ट्स चोरी

मसौढ़ी ।चोरों ने चार पहिया गाड़ी का शीशा तोड़कर अंदर के पार्ट्स चोरी कर लिए ।पीड़ित ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है ।जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के रहमतगंज मोहल्ले निवासी बनवारी राम के पुत्र संतोष कुमार ने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया कि उसका चार पहिया वाहन गांधी मैदान स्थित भाकपा माले ऑफिस के पास भगत सिंह के प्रतिमा के पास लगा हुआ था ।सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर गाड़ी के अंदर का पार्ट्स चोरी कर ले गए ।जबकि रात में हम गाड़ी सही सलामत खड़ी कर घर चले गए थे। और सुबह देखने पर गाड़ी का शीशा टूटा मिला और गाड़ी के अंदर का कुछ पार्ट्स नहीं थे,चोरी गए पर पार्ट्स की कीमत लगभग 20हजार के आसपास है ।पीड़ित व्यक्ति के दिए गए आवेदन पर पुलिस ने जांच में जुट गई है।

### ट्रेनों पर पथराव करना कानूनन अपराधः आरपीएफ

मोकामा। मोकामा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने इन दिनों ग्रामीण इलाकों में सघन जागरुकता अभियान चला रखा है ।इस जागरुकता अभियान के तहत लोगों को रेलवे की संपत्ति को नुकसान नहीं करने की सलाह दी जा रही है ।लोगों और खास कर बच्चों को ट्रेनों पर पथराव से बाज आने की नसीहत भी दी जा रही है ।मोकामा-पंडारक रेल खंड के आस-पास के गांवों में अधिकारियों की टीम इस अभियान को परवान चढ़ाने की भरपूर कवायद कर रही है ।लोगों को रेलवे ट्रैक से बाइक,ट्रैक्टर अथवा किसी भी वाहन को नहीं ले जाने की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है ।चैन पुलिंग कर बिना वजह गाड़ियों को विलंब करने पर रेलवे एक्ट की धाराओं में कानूनी कारवाई करने और रेल की पटरियों को चरागाह बनाने से बचने की सलाह भी दी जा रही है ।पोस्ट प्रभारी हरिकेश मीणा ने बताया कि जागरुकता अभियान से लोगों को स्वस्थ संदेश मिल रहा है।

### कौशल्या देवी के मरणोपरांत परिजनों ने कराया नेत्रदान

पटना सिटी, दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के फलस्वरूप चौक के मिरचाई गली के दुर्गा अपार्टमेंट में रहने वाले समाजसेवी ललित अग्रवाल की माताजी का निधन हो गया। 85 वर्षीया धर्मपरायण की स्तंभ कौशल्या देवी अग्रवाल के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान करा कर पीड़ित मानवता की सेवा में मिसाल कायम किया है। उनके परिवार के चाचा विनोद कुमार अग्रवाल, पुत्र प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल एवं परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति से एवं समिति के सचिव गोविंद कानोडिया, उपाध्यक्ष संजीव यादव एवं मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की पहल से आईजीआईएमएस के नेत्रदान अधिकोष की टीम में डॉ मारुति नंदन से डॉ तृप्ति ठाकुर, डॉ संगीता कुमारी को कॉर्निया सौंप पीड़ित मानवता की सेवा कर समाज को एक ऐसा संदेश दिया है। यह नेत्रदान समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम करेगा। नेत्रदानी की आंखों से दो-तीन नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। समिति नेत्र अधिकोष के सभी पदाधिकारियों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद करती है। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद एवं महासचिव पद्मश्री बिमल कुमार जैन ने जागरुक नागरिकों से अनुरोध किया है ।

# राज्य के 26 जिलों के 65 स्वास्थ्य केंद्रों का होगा राज्य स्तरीय एनक्यूएएस असेसमेंट, बढ़ेगी सर्टिफाइड संस्थानों की संख्या

## 26 जिलों के हरेक अनुमंडल से चयनित एक-एक आयुष्मान आरोग्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का होगा मूल्यांकन

● स्टेट सर्टिफिकेशन के लिए चाहिए न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों के चुनाव के बाद अब जनवरी में अनुमंडलीय स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों का असेसमेंट किया जाएगा। इसके लिए 26 जिलों के 65 आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का चयन किया गया है। मालूम हो कि एनक्यूएएस के निर्धारित लक्ष्य के लिए प्रत्येक प्रशासनिक स्तर पर एक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का चयन किया जाना था। अनुमंडल स्तर पर चयनित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को सर्टिफिकेशन के लिए न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक चाहिए।

नए साल के पहले दिन तीन स्वास्थ्य संस्थानों को मिला नेशनल एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

राज्य के तीन स्वास्थ्य संस्थानों को पहली जनवरी को नेशनल लेवल का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। जिन स्वास्थ्य संस्थानों को नेशनल सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, उसमें यूपीएचसी तेलिया पोखर (बेगूसराय), एसएचसी, दीवानगंज (पूर्णिया) तथा पीएचसी महेन्द्रपुर (पूर्णिया) शामिल है। क्वालिटी एश्योरेंस के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में अभी कुल एनक्यूएएस सर्टिफाइड संस्थानों की संख्या 89 है। इनमें 25 नेशनल और 64 राज्य स्तरीय सर्टिफाइड संस्थान हैं।

इस बीच, पूर्व में राज्य स्तरीय प्रमाणित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ को बुधवार और गुरुवार को गुणवत्ता मानकों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इस संबंध में एनक्यूएएस के राष्ट्रीय असेसर डॉ. माहताब सिंह का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य केंद्रों के एनक्यूएएस प्रमाणीकरण से प्राथमिक स्तर पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के लिए मिलने वाली सुविधाओं से स्थानीय लोगों का विश्वास बढ़ेगा तो दूरगामी परिणामों में हेल्थ इंडिकेटरों में भी वृद्धि होगी ।

# पीएलएफएस के लिए एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना ।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षे. सं. प्र.), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के द्वारा पी.एल.एफ.एस. के लिए एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस सर्वेक्षण के मुख्य विषय है ह्ल रोजगार और बेरोजगारी के प्रमुख संकेतोंह्व (अर्थात श्रमिकों की जनसंख्या का अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोजगारी दर) का अनुमान लगाना है। इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने पी.एल.एफ.एस. सर्वेक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण के आंकड़े किस तरह देश के लिए अति महत्वपूर्ण है एवं सरकार के नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है ।साथ ही उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर प्रकाशित आंकड़े आज के दौर के नीति निर्माण में बहुत सहायक है तथा इस सर्वेक्षण में मुख्य रूप से रोजगार और बेरोजगारी के प्रमुख संकेतों जैसे श्रमिकों की जनसंख्या का अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोजगारी दर का डेटा प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है, जिसमें रोजगार और बेरोजगारी दर पर विशेष जोर दिया जाता है । इसी वर्ष से इस सर्वेक्षण के द्वारा ही जिला स्तरीय आंकड़ों का वार्षिक आंकलन किया जाएगा । इस प्रशिक्षण शिविर में उप निदेशक, परिमल द्वारा आंकड़ों की उपयोगिता एवं इसके तकनीकी पहलुओं से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। स्वागत भाषण श्रीमती मंजुषा कुमारी, व.सां.अधि. द्वारा किया गया। अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । इस प्रशिक्षण शिविर के तकनीकी पहलुओं से देवेन्द्र कुमार, व.सां. अधि., सुशील कुमार सिंह, व.सां. अधि., मनोज कुमार गुप्ता, व.सां. अधि., धीरेन्द्र नाथ प्रसाद, व.सां. अधि. ने लोगों को प्रशिक्षित किया। साथ ही श्री प्रवीण कुमार (स.प.) एवं रणवीर सिंह (स.प्र.) ने ी-रें & उअढक सॉफ़्टवेयर पर प्रशिक्षण दिया । इस मौके पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी सह व.सां.अधि राजीव कुमार झा. एवं रंजीत कुमार, व.सां.अधि. एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के प्रभारी सह व.सां.अधि. टेक नारायण प्रसाद एवं श्री रौशन कुमार, व.सां.अधि. उपस्थित थे। साथ ही ' रश्मि रंजन, कमलेश कुमार गुप्ता, कुमार इंद्रजीत, गुरुराज सिंह, आलोक कुमार पांडे, अमित कुमार, रवि कुमार, सभापति बैठा एवं रूबी कुमारी भी उपस्थित थे । इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्रीय कार्यालय पटना के सभी सर्वेक्षण पर्यवेक्षक एवं सर्वेक्षण प्रगणक ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

# पूर्व डिप्टी सीएम स्व सुशील मोदी की जयंती पर पौधा वितरण व रोपण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्मृति शेष सुशील कुमार मोदी के 73वें जयंती पर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत पाटलिपुत्र परिषद की ओर से 73 फलदार एवं छायादार पौधा का वितरण किया गया। साथ ही गांधी सरोवर परिसर में पौधारोपण किया गया। भाजपा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने कहा कि सुशील मोदी राजनीति क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी समर्पण भाव का निर्वाह करते हुए सामाजिक संस्थाओं को सहयोग प्रदान किए। मौके पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पटना सिटी शाखा के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया, चौक मंडल के महामंत्री विनय कुमार, उपाध्यक्ष दयानंद सिंह, नैय्यर इकबाल, नरेश पोद्दार, राजदीप मेहता, विजय पासवान, संजीव पटवा, अनिल यादव, राहुल कुमार, पूनम यादव, सुनीता चंद्रवंशी सहित खिलाड़ियों ने पौधारोपण किया।

# चोरों ने घर में घुसकर पांच लाख रुपए समेत कीमती सामान उड़ाए

प्रात :किरण संवाददाता



मसौढ़ी ।स्थानीय थाना क्षेत्र के श्याम नगर मुहल्ले में सोमवर की रात अज्ञात चोरों ने एक घर में छत के सहारे घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया ।यह घटना मसौढ़ी पाली रोड स्थित श्याम नगर मुहल्ले के तुसली प्रसाद के घर में घटित हुई ।चोरों ने करीब पांच लाख रुपए की आभूषण जेवरात सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ली। चोरी के घटना को अंजाम देने के बाद चोर आराम से फरार हो गए ।गृह स्वामी तुलसी प्रसाद ने बताया कि जब दो बजे रात्रि में शौच के लिए उठा तो इनके रूम का दरवाजा बाहर से बंद था,घर के अन्य सदस्यों को आवाज लगाया तो उन सभी लोगों का रुम का दरवाजा बाहर से बंद कर था। उसके बाद गृह स्वामी तुलसी प्रसाद अपने घर के ही बगल में भतीजा को फोन क्या तो भतीजा आकर बाहर से गेट खोला तो। देखा कि घर से बक्सा सहित अन्य समान गायब था ।कमरे में रखा अन्य समान तितर-बितर पड़ा था ।पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने खोज बिन के दरम्यान घर के कुछ दूरी पर बधार मे बक्सा टूटा फेंका हुआ था उसमें रखा गहने जेवर सहित अन्य कीमती समान गायब था ।पीड़ित परिवार के मुताबिक संभवत चोर छत की सीढ़ी के सहारे घर मे प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी तुसली प्रसाद ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मसौढ़ी थाना मे आवेदन दिया है ।आवेदन जिसमें पांच लाख रुपये की कीमती समान की चोरी कर लेने की बात कही है।

# न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल में 5 टीबी मरीजों को दिया गया फूड बास्केट



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, पटना में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टी.बी. से ग्रसित 5 चिन्हित गरीब मरीजों को सामाजिक कार्यकर्ता भाई सुधाकर के सौजन्य से मंगलवार को पोषाहार दिया गया. इस फूड बास्केट के पोषण सामग्री में चावल- 3 किलो, आटा- 3 किलो, मसूर दाल- 1/2 किलो, सोयाबीन बरी- 1/2 किलो, मूंगफली- 1/2 किलो, चना- 1/2 किलो और 1 कैरेट अंडा सभी पाँच मरीजों को अलग-अलग दिया गया. इस कार्य के लिए निक्षय पोर्टल पर निक्षय मित्र बनकर सामाजिक कार्यकर्ता भाई सुधाकर ने मंगलवार को यह पोषाहार प्रदान किया। टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार लेने की जरुरतः इस समारोह में न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा कहा कि चिन्हित टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट वितरण कराने के लिए अन्य लोगों से भी अपील की. उन्होंने कहा कि सभी लोग कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लें और छः माह तक उन्हें निर्धारित पोषाहार जरुर दें। उन्होंने कहा कि पोषाहार भी एक तरह की दवा है जो उपचाराधीन टीबी मरीजों के पोषण की जरूरतों को पूरा करती है। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी ने कहा कि मरीजों को नियमित दवा सेवन के साथ पौष्टिक आहार लेना जरुरी होता है. उन्होंने कहा कि कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को टीबी के संक्रमण का खतरा अधिक होता है, इसलिए खान पान में पौष्टिक भोज्य सामग्रियों को शामिल करें। विदित हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत होकर ही निक्षय मित्र बनना पड़ता है. वांछित प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद ही निर्धारित खाद्य सामग्रियों को फूड बास्केट में चिन्हित टी.बी. मरीजों को दी जाती है. समाज की सहभागिता टीबी मुक्त भारत बनाने में अहम है. विदित हो कि प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ साथ व्यक्तिगत तौर पर भी टी.बी. मरीजों को पोषाहार दी जा रही है. समारोह में डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, अधीक्षक, न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, के टीबी सेल के आईएसई विशेषज्ञ राकेश रंजन श्रीवास्तव, एसटीएस आनंद कुमार एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# पटना गुरु का घर से लौटने लगी संगत



पटना सिटी (प्राकि)। सर्वंशदानी साहिबे कमाल गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व की समाप्ति के बाद गुरुद्वारा बाललीला में मंगलवार को जन्मोत्सव मनाया गया। हालांकि संगतों का पटना साहिब आने का सिलसिला दिसंबर, 24 के अंतिम सप्ताह से ही शुरू हो गया था। साथ ही लौटने का सिलसिला भी जारी था। प्रकाश पर्व की समाप्ति के बाद कल से आज तक हजारों की संख्या में संगत लौटने लगे हैं। हालांकि उन सबों को विभिन्न ट्रेनों के घंटों लेट होने या रद्द होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के रद्द होने या घंटों लेट होने के कारण ऐसे लोग खुले में स्टेशन परिसर में रहने को मजबूर दिखे। वहीं लोगों के जिस ट्रेन में कराए आरक्षण वाली ट्रेन रद्द हो गई है, वह सब अब दूसरी ट्रेनों में आरक्षण पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मगर उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। ऐसे परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# अजीमाबाद साहित्यकारों व क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही : नंदकिशोर यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों ने कालजयी शायर खान बहादुर सैयद मोहम्मद शाद अजीमाबादी को उनकी 98वीं पुण्यतिथि पर स्मृति समारोह में स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। शाद अजीमाबादी पथ, लंगर गली, हाजीगंज में उनकी मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर फातेहा के साथ उन्हें नमन किया गया। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नवशक्ति निकेतन के तत्वावधान में आयोजित स्मृति सभा की अध्यक्षता बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ और संचालन महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि मृत्युंजय मिश्र ह्यकरुणेशह्न व साहित्यकार डॉ इशरत सुबुही को शाद अजीमाबादी सम्मान 2025 से तथा सुभचन्द्र सिन्हा, श्वेता गजल, शमा कौसर एवं फरीदा अंजुम को साहित्य एवं समाज सेवा सम्मान से शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं पौधा देकर अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने शाद को कालजयी शायर बताते हुए कहा कि अजीमाबाद साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही है। शाद की स्मृति रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना अपेक्षित है। कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि शाद की नज्मों में मुल्क का दिल धड़कता है। वे राष्ट्रीय एकता के पक्षधर शायर थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने कहा कि शाद उर्दू के मुकम्मल शायर थे। आज उनकी रचनाओं को जीवन में उतारने की जरूरत है। नवशक्ति निकेत के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद ने जून माह में ह्यएक शाम शाद के नामह्न आयोजित करने तथा उनकी रचनाओं का हिन्दी अनुवाद करा कर प्रकाशित कराने के घोषणा की। पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी ने शाद की दुर्लभ रचनाओ का हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित कराने की मांग सरकार से की। वक्ताओं ने कहा कि शाद अजीमाबादी पथ का शिलापट्ट तक नहीं लगाया जाना तथा शिलान्यास के बाद भी उनके नाम का पार्क का निर्माण नहीं किया जाना सरकारी उपेक्षा का उदाहरण है। वक्ताओं ने शाद की मजार को राष्ट्रीय संग्रहालय घोषित करने तथा उनके सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किए जाने की मांग सरकार से की। इस दौरान डॉ अनिल सुलभ, वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, अनंत अरोड़ा, मधुरेश नारायण, कमल किशोर वर्मा कमल, फैजान अली फहम, बबन प्रसाद वर्मा, डॉ एहसान शाम, प्रेमकिरण, डॉ निसार अहमद (शाद के प्रपौत्र), अकबर रजा जमशेद ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन फैजान अली फहम ने किया। समारोह का समापन डॉ कलीम आजिज की इन पंक्तियों से हुआ ह्यआज बरसी है तुम्हारी आओ शाद, हम रयाकारों से भी मिल जाओ शाद, कौन समझेगा तुम्हें इस दौर में, बन गए हैं हम तो लक्ष्मण साव शादह्न मौके पर मौजूद कवि और शायरों ने अपनी प्रस्तुति से शाद को श्रद्धांजलि दी।

# सीमा शुल्क ने जॉंच के दौरान एक यात्री के सूटकेश से 8.360 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड्स एवं 1 किलोग्राम चरस को किया बरामद

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों ने एक बड़ी करवाई में बैंकॉक, थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के सामान के जाँच के दौरान एक यात्री के सूटकेश से 8.360 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) एवं 1.00 किलोग्राम चरस को बरामद किया जिसे मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया एवं यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जब्त किए गए हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) एवं चरस का कुल अनुमानित मूल्य रुपए 8.56 करोड़ है। ज्ञात हो विगत दस दिनों में सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) एवं चरस की दुसरी बड़ी कार्यवाई की है। यह विगत वर्षों में मादक पदार्थ की सबसे बड़ी जब्सी की कारवाई है। । इस बड़ी कार्यवाई के लिए सीमा शुल्क, पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों के कामयाबी को सराहा है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों ने विदेश से आने वाले यात्रियों के सामानों के जाँच के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड से आने वाले विमान संख्या ळऋ327 के एक महिला यात्री सुश्री चेनचीरा दनफायू के सूटकेश के स्कैन के दौरान कुछ संदेहास्पद सामान दिखा। इसके बाद सूटकेश को खुलवाकर जाँच किया गया। जाँच में सूटकेश में प्लास्टिक पाउच में हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) एवं चरस को छुपा कर रखा गया था जिसे अधिकारिओं ने मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया। सुश्री चेनचीरा दनफायू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सुश्री चेनचीरा दनफायू मूलतः थाईलैंड की रहने वाली हैं। यह करवाई श्रीमती पिंकी कुमारी, संयुक्त आयुक्त सीमा शुल्क पटना के नेतृत्व में सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के सहायक आयुक्त श्री राम करन साफी एवं अन्य अधीक्षकों व निरीक्षकों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) एवं चरस कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रही है। विदित हो कि पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डा० यशोवर्धन पाठक के दिशा निर्देश में तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। आयुक्त महोदय ने यह बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुध मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त महोदय ने यह भी बताया कि विगत दिनों में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों खासकर गांजा / हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) / चरस के अनेकों तस्करी के प्रयासों को नाकाम करते हुए इसकी जब्तियाँ की गई है। इसके लिए उन्होंने विभाग के अधिकारीयों खासकर सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और भी अधिक चौकन्ने रहने के लिए कहा है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूकता पे बल दिया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।। इस सम्बन्ध में आयुक्त महोदय ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

# राज्य मानवाधिकार आयोग की टीम का एनएमसीएच आना टला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 15 नवंबर, 24 को गोली लगने से घायल इलाजरत फंटूश कुमार की मौत रात में सर्जरी आईसीयू में हो गई थी। इसके बाद देर रात उसका बायां आंख गायब होने के बाद परिजनों ने 16 नवंबर को खासा हंगामा किया था। मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग की टीम सात जनवरी को जांच के लिए एनएमसीएच आने की सूचना दी थी। इसे लेकर अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह ने तीन जनवरी को पत्र जारी कर इसमें सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुधीर कुमार, ए श्रेणी की परिचारिका श्रीमती सुनीता कुमारी, श्रीमती प्रीति मंडल, सर्जरी विभाग के आईसीयू इंचार्ज परिचारिका, सर्जरी विभाग के स्वास्थ्य प्रबंधक आफताब आलम, प्रभारी अस्पताल प्रबंधक प्रणय कुमार, अभिलेखागार के प्रभारी लिपिक को उपस्थित रहने को कहा गया है। साथ ही जांच समिति के चारों सदस्य को भी उस दिन उपस्थित रहने की बात तत्कालीन अधीक्षक के द्वारा जारी पत्र में कहा गया था। सभी बड़े ठंड और कनकनी हवा के बीच अस्पताल पहुंचे थे। मगर ऐन वक्त पर बिहार में मानवाधिकार आयोग की टीम के नहीं आने की सूचना अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह को मिली। इस पर लोगों ने राहत की सांस ली और अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद सभी लौटे। दरअसल मृतक फंटूश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद उसकी एक आंख गायब होने के मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग के अपर पुलिस महानिदेशक एवं निबंधन के द्वारा सात जनवरी, 25 को पूर्वाह्न 11 में स्थलीय जांच एवं निरीक्षण किए जाने की बात कही गई थी।

# गुरुद्वारा बाललीला में बाला प्रीतम का मनाया गया जन्म उत्सव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज (बाला प्रीतम गोविंद राय) का जन्मोत्सव मंगलवार को मनाया गया। संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह के देखरेख में यह आयोजन किया गया। यहां पिछले दो दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भोग लगाया गया। इसके बाद तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के रागी जत्था भाई जगत सिंह, भाई दिलीप सिंह और भाई ज्ञान सिंह, गुरुद्वारा बाललीला के रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह ने कीर्तन पेश किया। इस दौरान तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम ऐसी गौरवशाली विरासत के उत्तराधिकारी हैं कि दशम पिता गुरु गोविंद सिंह जी ने जुल्म के खिलाफ और मानवता के कल्याण के लिए पूरे परिवार की शहादत दी। दुनिया में ऐसा कोई अन्य उदाहरण नहीं मिलता है। उन्होंने लोगों से अमृतपान कर गुरसिख बनने और गुरु साहिब के बताए अनुसार गुरमत के जीवन का वाहक बनने की अपील की। उन्होंने संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 358वें प्रकाश पर्व के दौरान इस बार भी बाबा भूरीवाले ने आवास और लंगर की सेवा में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने गुरुद्वारा कंगन घाट और मालसलामी स्थित ओपी शाह सामुदायिक भवन में लंगर लगाने और दो दर्जन से अधिक स्थानों पर आवास की व्यवस्था करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बाबा जी ने आवास के विस्तार के लिए शुरू किए गए सेवा कार्यों में संगतों का सहयोग करने की अपील की। लुधियाना के ज्ञानी सरबजीत सिंह, तख्त साहिब के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह, ज्ञानी दलजीत सिंह और ज्ञानी तनवीर सिंह कथावाचक श्री हजूर साहिब जी, महंत श्याम सुंदर सिंह शास्त्री, ज्ञानी दलजीत सिंह ने कथा करते हुए संगत के साथ गुरमत विचार साझा किया। इस दौरान महाराष्ट्र का कीर्तनी जत्था ने भी दशमेश पिता का गुणगान किया। मंच का संचालन तख्तश्री पटना साहिब के कथावाचक ज्ञानी सतनाम सिंह ने किया। इस दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी, मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन, तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे, ज्ञानी रोशन सिंह, ज्ञानी सुखदेव सिंह, ज्ञानी जसवंत सिंह, तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य हरपाल सिंह जौहल, शिरोमणि समिति के सदस्य राजेंद्र सिंह मेहता और बाबा सिंह गुमानपुरा, धर्म प्रचार समिति के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, बाबा सुखविंदर सिंह भूरीवाले, बाबा जग्गा सिंह, एडवोकेट मनजीत सिंह छीना, सुखराज सिंह संधू, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा महेंद्र सिंह ,बाबा काला सिंह कारसेवा दिल्लीवाले, बाबा गुरनाम सिंह कारसेवा पटना साहिब, आदि भी यहां पहुंचे।

# जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा समाधान : नीतीश

## प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने सीवान जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में की समीक्षात्मक बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● बोलें- जो भी विकास के कार्य किए गए हैं, उन्हें लोगों को बताएं

प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीवान जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की। सीवान समाहरणालय स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यहां जो भी कमियां और जरूरते हैं उससे सरकार को अवगत कराएं, उसे पूरा किया जाएगा, यह जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। वर्ष 2005 के पहले बिहार की बदहाल स्थिति के विषय में भी लोगों को बताएं। आज हम सीवान जिले में कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखें हैं, लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए हैं। यहां काफी अच्छा काम हो रहा है। हमलोगों ने 24 नवंबर 2005 को बिहार की बागडोर संभाली, तब से लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण प्रदेश में काफी बदलाव आया है। राज्य में अमन चैन, भाईचारा और सद्भाव का माहौल कायम हुआ है। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। लोग घरों में डर के कारण दुबके रहते थे। शाम के बाद रास्ता सुनसान हो जाता था। अब लोग बेधड़क कभी भी, कहीं भी अपनी जरूरत के अनुसार आते-जाते हैं। कहीं कोई डर, भय का वातवरण नहीं है। वर्ष 2005 से पहले बिहार के अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत भी ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें सुर्खियों में रहती थी। जब हम विधायक से सांसद बने, तब भागलपुर के इलाके में लोगों से मिल रहे थे। उस दौरान लोगों ने हमसे अपनी पीड़ा बयां की। जब हमलोगों की सरकार बनी तो दंगा के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और पीड़ितों को न्याय दिलाया गया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में निरंतर विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। हमलोग एकजुट रहकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। पहले बिहार में सड़कों की संख्या काफी कम थी और जो सड़कें थी उनकी स्थिति भी काफी जर्जर थी। अब हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। खेती के लिए भी कृषि फीडर के माध्यम से किसानों को सस्ती दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है।





**अटल बिहारी वाजपेयी ने ही हमें मुख्यमंत्री बनवाया :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ही हमें बिहार का मुख्यमंत्री बनवाया था। पूरी मजबूती के साथ हमलोग एन०डी०ए० के साथ एकजुट हैं। वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। लोग वोट जिनको देना है दें, हमलोग समान भाव से सबकी सेवा कर रहे हैं। यह देखा गया कि हिन्दू मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसको देखते हुए 60 वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का काम शुरू कराया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों। संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है, इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है।

**मार्च तक सीवान के मेडिकल कॉलेज का काम होगा पूरा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। हमलोगों ने वर्ष 2006 से सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण का काम शुरू कराया। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। हमलोग जिलो में मेडिकल कॉलेज स्थापित करा रहे हैं। मार्च 2025 तक सीवान के मेडिकल कॉलेज का काम पूरा कर लिया जायेगा। सात निश्चय योजना के माध्यम से वर्ष 2020 तक हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घरशौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन, हर टोले तक पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी गई हैं। इसके बाद जो भी नई बसावटें बनी हैं वहां भी इसी साल विधानसभा चुनाव के पहले तक सात निश्चय योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**हर क्षेत्र के विकास के लिए हो रहा काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी संभव है हमलोग हर क्षेत्र के विकास के लिए काम करवा रहे हैं। हम सेवा करते हैं और हमेशा राज्य के विकास के कार्यों में लगे रहते हैं। हमलोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। हम सब मिलकर बिहार की तरक्की के लिए काम करते रहेंगे। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। सीवान जिले में हर प्रकार से विकास का काम कराया गया है। सीवान जिले में भी इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पॉलिटेक्निक संस्थान, एएनएम-जीएनएम कॉलेज, सभी अनुमंडल में आईटीआई, आवासीय विद्यालय, छात्रावासों आदि स्थापित करनेके साथ ही सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण एवं हर क्षेत्र में विकास का काम कराया गया है। 52 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का काम पूर्ण हो गया है। जून 2025 तक शेष सभी पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का कार्य पूरा करा लिया जायेगा। आप सभी जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र की समस्याओं से सरकार को अवगत कराएं, साथ ही जो भी विकास के कार्य किए गए हैं, उन्हें लोगों को बताएं।

**ये रहे मौजूद :**

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सीवान जिले के प्रभारी मंत्री रेणु देवी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सांसद विजया लक्ष्मी देवी, विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, विधायक देवेश कांत सिंह, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, विधान पार्षद विनोद कुमार जायसवाल, विधान पार्षद प्रो रामवचन राय, सीवान जिला परिषद की अध्यक्ष संगीता देवी, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सारण प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा दीपक वर्णवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण प्रक्षेत्र नीलेश कुमार, जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीवान जिले के संबंध में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं

सीवान जिले में जाम की समस्या के समाधान के लिए एनएच- 227 से एनएच- 531 के बीच सीवान बाईपास का निर्माण किया जायेगा। इसी प्रकार आंदर ढाला में जाम की गंभीर समस्या को देखते हुए आंदर बाला से हुसैनगंज पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। मौनिया बाबा महाराज मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिया जायेगा। यह 100 वर्ष पुराना मेला है। इससे यहाँ आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। सिसवन ढाला में आरओबी का निर्माण किया जायेगा। बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु मैरवा में ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। सीवान में एक नये प्रेक्षागृह का निर्माण किया जायेगा, इससे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुविधा होगी। भंटापोखर जीरादेई पथ (भाया जामापुर बाजार) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। इस पथ से देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान को अच्छी सम्पर्कता मिलेगी, जिससे लोगों को यहाँ आने में सुविधा होगी। सीवान जिले में 55 किलोमीटर लंबे मांझी-दरौली-गुठनी पथ का 10 मीटर चौड़ीकरण किया जायेगा। घाघरा नदी पर उत्तर प्रदेश की तरफ से बनाये गये 2 पुलों को सीवान जिला से सम्पर्कता हेतु पहुँच पथों का निर्माण कराया जायेगा। इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त सिवान जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सभी को बधाई एवं धन्यवाद देता हूं। समीक्षात्मक बैठक में पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सीवान जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु देवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जल संसाधन विभाग : 2338 कनीय अभियंता की नियुक्ति के लिए काउंसलिंग 14 जनवरी से

पटना। बिहार तकनीकी सेवा आयोग के तहत कनीय अभियंता के पद पर चयनित एवं जल संसाधन विभाग को आवंटित किये जाने के क्रम में बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में जल संसाधन विभाग में कनीय अभियंता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों या अभिलेखों का सत्यापन कार्यक्रम अधिवेशन भवन में 14 से 19 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इसकी विस्तृत जानकारी जल संसाधन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है जल संसाधन विभाग को कुल 2338 अभ्यर्थी आवंटित किये गये हैं। इनमें 2077 असैनिक, 26 विद्युत और 235 यांत्रिक कनीय अभियंता शामिल हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे अपने प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस दौरान कुछ प्रमाण पत्र या अभिलेख साथ लाने कहा गया है। इनमें पहचान के लिए आधार कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र के अलावा पूर्ण रूप से भरा हुआ सत्यापन प्रपत्र (दो प्रतियों में) शामिल है। विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र के अलावा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग का मूल प्रमाण पत्र और सभी वर्षों यासेमेस्टर के मूल अंक पत्र भी साथ लाना है। अनुभव, जाति, आय, स्वास्थ्य इत्यादि से संबंधित वांछित प्रमाण पत्रों की सूची जल संसाधन विभाग की वेबसाइट और फेसबुक पेज पर पर या विभाग द्वारा जारी विज्ञापनों में देखी जा सकती है। साथ ही सभी संबंधित विहित प्रपत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

# एचएमपीवी से बचाव और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट : मंगल



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। इससे सतर्कता बरतने और इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एचएमपीवी एक सामान्य श्वसन संक्रमण है, जिसके लक्षण कोविड-19 से मिलते-जुलते हैं। वर्ष 2024 में मलेशिया में एचएमपीवी के 327 मामले सामने आए थे, जबकि भारत में दिसंबर 2024 में गंभीर श्वसन संक्रमण (सारी) के 714 मामलों में से 9 मामलों की पुष्टि एचएमपीवी संक्रमण के रूप में हुई। एचएमपीवी से बचाव के लिए कोविड-19 जैसे प्रोटोकॉल का पालन करना आवश्यक है, जिसमें नियमित रूप से हाथ धोना, खांसते-छींकते समय मुंह ढकना, संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाए रखना और उनकी उपयोग की वस्तुओं को साफ रखना शामिल है। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे इन्फ्लूएंजा जैसे रोग (आईएलआई) और गंभीर श्वसन संक्रमण की नियमित निगरानी करें और इसे प्रतिदिन स्वास्थ्य पोर्टल पर रिपोर्ट करें। साथ ही, अस्पतालों में फ्लू कॉर्नर को सक्रिय करने, स्वास्थ्यकर्मियों को एचएमपीवी से बचाव और प्रबंधन पर प्रशिक्षित करने और संक्रमण नियंत्रण प्रक्रियाओं को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए है। इससे उत्पन्न संभावित खतरे को कम करने के लिए कोविड-19 से संबंधित दवाओं, किट, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि श्वसन संबंधी लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। विशेष रूप से छोटे बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्ति सावधानी बरतें। एचएमपीवी संक्रमण के लिए कोई विशेष टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, इसलिए लक्षण-आधारित उपचार जैसे पर्याप्त पानी पीना, आराम करना और गंभीर मामलों में ऑक्सीजन सहायता देना आवश्यक है। राज्य सरकार संक्रमण को रोकने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पप्पू यादव ने बीपीएससी मुद्दे को लेकर 12 जनवरी को किया बिहार बंद का आह्वान



पटना। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने को लेकर राजनीति चरम पर है। इस बीच, मंगलवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने 12 जनवरी को बिहार बंद की घोषणा कर दी। राज्यपाल से मिलने के बाद पप्पू यादव ने राजभवन से बाहर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद किया जाएगा। उन्होंने बिहार बंद के अपने आह्वान में राज्य के सभी राजनीतिक दलों से समर्थन करने की अपील की। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से उन्होंने विशेष अपील की कि वे बीपीएससी मामले में सड़क पर उतरकर बिहार बंद का समर्थन करें और छात्रों को न्याय दिलाने की आवाज बनें। पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उन्हें भरोसा दिया है कि बीपीएससी के मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि किसी हाल में बच्चों के साथ अन्याय नहीं होगा। पप्पू यादव ने कहा कि यह चार लाख बच्चों का सवाल है। इस दौरान उन्होंने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर जमकर निशाना साधा। यादव ने उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों को लड़ने दीजिए। अपनी नेतागिरी बंद कर दीजिए और अपनी मार्केटिंग बंद कर दीजिए। बिहार के लोग संघर्ष करने वालों को मुख्यमंत्री के रूप में देखते हैं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि 12 जनवरी को बिहार बंद में सभी विपक्षी दलों के लोग शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इसी मुद्दे को लेकर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर दो जनवरी से आमरण अनशन पर हैं।

# एनडीए की सरकार छात्रों की सबसे बड़ी हितैषी : लेशी सिंह

**बोलें- चुनावी वर्ष में तरह-तरह के हतकंडे अपना कर राजनीति रोटी सेंक रहे विपक्षी दलों के नेता**



पटना। खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार छात्रों की सबसे बड़ी हितैषी है। चुकी चुनावी वर्ष है इसलिए विपक्ष के तमाम नेतागण तरह-तरह के हतकंडे अपना कर अपना राजनीति रोटी सेंक रहे हैं लेकिन उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है, असल में विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। मंत्री उक्त बातें मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कही। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं की अनर्गल बयानबाजी से एनडीए की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हमारे नेता पर प्रदेश की आम जनता का भरोसा पहले की तरह आज भी अटूट है। मंत्री ने कहा कि नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए परिवर्तनकारी साबित हुआ है। वहीं, राजद ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में कभी आधी आबादी की सुधि नहीं ली। इससे पहले मंत्री लेशी सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# सैंकड़ो करोड़ों की सौगात से सिवान का होगा कायाकल्प : अंजुम आरा

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बिहार विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। फेसबुक लाइव की मदद से राज्य के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान सिवान को विकास के लिए मिली सैंकड़ों करोड़ों रुपए की योजनाओं से जिले में विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 700 करोड़ की लागत से दर्जनों योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से जिले में चल रहे विकास कामों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार में सिवान जिले में चल रहे विकास कामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 550 बिस्तरों वाले मैरवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में जीएनएम कॉलेज एवं बीएससी नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कराया गया है जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके के विकास और उसकी समृद्धि के कृत संकल्पित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में जिले के भैसाखाल में अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निर्माण कराया गया है साथ ही वृद्धाश्रम का निर्माण कराया गया है जहां बुजुर्गों को रहने का बेहतर इंतजाम किया गया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया है जहां लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह तक बेहद कम समय में आसानी से पहुंच पा रहे हैं।

# यादगार पल है मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा : मधुरेंदु

पटना। जदयू नेता डॉ मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कारकेड अपने पूर्व निर्धारित यात्रा पर, इस शीतलहर के बीच भी निकला और विपक्षी देखते रहे। पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें विपक्षी बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है,केवल सूबे की जनता का विकास ही सर्वोपरि है। अतः वे अपने धुन व गुण के साथ प्रगति यात्रा पर निकले हैं। बयानवीर विपक्षी खेमे के लिए परेशानी का सबब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता से मिले आशीर्वाद से है। बिहार विधानसभा उपचुनाव परिणामों की चिंता से विपक्ष खेमे की नींद हराम हो गई है।हड़बड़ी में बेतुके बयानबाजी पर उतर आए हैं।डॉ पांडेय ने सीधे अंदाज में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना सभी ने की है और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सूबे की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति मौन स्वीकृति दे दी है। यादगार पल है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर एसआई को लगी गोली



पटना। बिहार के पटना जिले के फुलवारी शरीफ इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों को मार गिराया गया जबकि एक सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्तौल भी बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लूटपाट के उद्देश्य से आठ- दस की संख्या में अपराधी फुलवारी शरीफ के हिंदुनी गांव में इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने दो से तीन थाना पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी।

पटना पश्चिम के सिटी पुलिस अधीक्षक शरत आर एस ने बताया कि पिछले कई दिनों से डकैती और चोरी की घटनाएं हो रही थीं। डकैतों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया था। इसी बीच सोमवार की रात सूचना मिली कि हिंदूनी गांव में वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाश पहुंचने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम हिंदुनी गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एसआई विवेक कुमार को गोली लग गई। पुलिस ने भी अपराधियों को वार्निंग देते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अपराधियों को गोली लगी। गोली लगने वाले अपराधियों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस मुठभेड़ में पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को गोली लगी है। घायल एसआई को इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से दो पिस्तौल और कई खोखे बरामद किए गए हैं। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंचकर जांच कर रही है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# शिक्षा व्यवस्था को रसातल में पहुंचाने की साजिश : गगन



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने केन्द्र सरकार पर यूजीसी के माध्यम से देश की शिक्षा को रसातल में ले जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि केन्द्र की सरकार अप्रत्यक्ष रूप से उच्च शैक्षणिक संस्थानों को आरएसएस के हवाले करने की साजिश कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा है की यूजीसी का कुलपतियों एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के संबंध में जो निर्णय सामने आया है वह निश्चित रूप से आश्चर्यजनक एवं शिक्षा को रसातल में ले जाने वाली है। यदि किसी दूसरे विषय के व्यक्ति को दूसरे विषय में प्रोफेसर बनाया जाएगा या शिक्षा से बाहर के लोगों को कुलपति बनाया जाएगा तो शिक्षा की क्या स्थिति होगी यह सर्व विदित है। यूजीसी के इस अव्यवहारिक फैसले से शिक्षा का महत्व ही समाप्त हो जाएगा । श्री गगन ने कहा कि यूजीसी के इस फैसले से निश्चित रूप से केन्द्र की भाजपा सरकार देश की जनता और शिक्षा के साथ छलावा कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह सारी कवायद लोगों को शिक्षा से वंचित करने और आर एस एस के लोगों को नाजायज तरीके से शिक्षण संस्थाओं में घुसाने के लिए हो रही है। राजद प्रवक्ता ने केन्द्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करे और अविलंब हस्तक्षेप कर यूजीसी को इसअव्यवहारिक फैसले को वापस लेने का निर्देश दे अन्यथा इसके परिणाम काफी भयावह होंगे।

# जलेबी का रस भी नहीं मिलेगा : दिलीप

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पिता-पुत्र को जलेबी खाने का बहुत शौक होता है। लेकिन, नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें जलेबी तो छोड़िए, जलेबी का रस भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी से एनडीए पूरे बिहार में संयुक्त रूप से एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। इस सम्मेलन में एनडीए के सांसदों से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और उनके नेतृत्व में बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।

# जमीनी कार्यकर्ता को हमारे नेता ने दिया सम्मान : उमेश

**विप उपचुनाव : एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार होंगे ललन प्रसाद**

● साधारण कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाना स्वागतयोग्य : दिलीप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित एनडीए की संयुक्त प्रेसवार्ता में विधानपरिषद उपचुनाव हेतु एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार के रूप में समता काल से पार्टी के साथी रहे एवं वर्तमान में जिलापरिषद सदस्य ललन प्रसाद के नाम का ऐलान किया गया। प्रेस वार्ता में एनडीए घटक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहें। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि ललन प्रसाद समता काल से पार्टी के समर्पित साथी रहे हैं एंव संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी को सेवा दी है। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेता को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उम्मीदवार बनाया है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे नेता सामाजिक न्याय के साथ विकास की सोच को आगे बढ़ाते हुए हर वर्गों के उत्थान में दिन-रात काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता का हित नीतीश सरकार की प्राथमिकता है, हमारे नेता कभी दिखावे की राजनीति नहीं करते है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि ललन प्रसाद जदयू के एक ऐसे जमीनी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने समता काल में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया और आज भी पूरी निष्ठा से नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरातल पर संगठन को सींचने वाले साधारण कार्यकर्ता को उचित सम्मान देने के लिए एनडीए के नेता और लोकप्रिय मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद और बधाई देता हूँ। हम से के प्रदेश अध्यक्ष ी अनिल कुमार ने कहा कि यह अति प्रसन्नता का विषय है कि ललन प्रसाद के रूप में एक ईमानदार और कर्मठ कार्यकर्ता को विधानपरिषद में रिक्त पद के लिए उपचुनाव हेतु एनडीए की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है। लोजपा आर के प्रदेश उपाध्यक्ष जनाब अशरफ अंसारी ने कहा कि ललन प्रसाद पार्टी के स्थापना काल से जुड़े रहे हैं और उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

# बिहार विद्युत के कॉर्डिनेशन फोरम की बैठक में महत्वपूर्ण एजेंडों पर हुई चर्चा

**बीईआरसी के अध्यक्ष आमिर सुबहानी की अध्यक्षता में हुई बैठक**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विद्युत फोरम की बैठक विद्युत भवन में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बिहार विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी ने की। बैठक में आयोग के अन्य दो सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के जरिये कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर बातचीत की गई। बैठक के दौरान बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिडेट एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा विद्युत की उपलब्धता, वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए अनुमानित पीक और औसत मांग, अगले पांच वर्षों के लिए पीक और ऑफ-पीक मांग को पूरा करने की योजना, पीक और ऑफ-पीक लोड का पूवानुर्मान आदि से संबंधित पीपीटी प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलेपमेंट एजेंसी द्वारा भी एक पीपीटी प्रस्तुति दी गई। इसमें पीएम-कुसुम योजना की वर्तमान स्थिति और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अन्य सौर परियोजनाओं की स्थिति, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत सभी नामांकित उपभोक्ताओं की अनुपालन स्थिति आदि के विषय में जानकारी दी गई। इसी तरह वितरण कंपनियों-एसबीपीडीसीएल व एनबीपीडीसीएल- ने अपनी प्रस्तुति में ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम, एटीएंडसी हानियों को कम करने के लिए उठाए गए उपाय, 33 केवी और 11 केवी स्तर पर फीडर मीटरिंग की स्थिति और 100% मीटरिंग प्राप्त करने का रोडमैप, वर्तमान में प्रगति पर बुनियादी ढांचे के विकास कार्य और अगले पांच वर्षों में पूरा करने की समय सीमा, बिलिंग दक्षता में सुधार के लिए उठाए गए कदम व आरडीएसएस की स्थिति की जानकारी दी। बीएसपीटीसीएल ने अपनी प्रस्तुति में बिहार राज्य विद्युत नियामक आयोग (अंतर-राज्य विनियम, 2020) डेविएशन सेटलमेंट मेकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए तैयारी, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित पूंजीगत व्यय और प्रत्येक परियोजना, कार्य, योजना की स्थिति, प्रस्तावित पूंजीगत व्यय (और पूंजीकरण) का लागत-लाभ विश्लेषण व ओपीजीडब्ल्यू लीजिंग की स्थिति की जानकारी दी।

पूर्व मध्य रेल
ई–नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मल्टी लेवल बाइक पार्किंग स्टैंड बिल्डिंग में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** PARK-DDU-25-02, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-GAYA-TW-19-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(AB/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** पिरो रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** PARK-DDU-25-02, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-PIRO-RW-12-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(AB/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** PARK-DDU-25-02, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-XBKJ-RW-13-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/01862/डीडीयू/सीओएमएल/एन/24–25/44

## संक्षिप्त खबरें

### देसी चुलाई शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

मधुबनी रहिका थाना पुलिस समकालीन अभियान के तहत ग्राम बलाट से 9 लीटर देसी चूलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है गिरफ्तार कारोबारी कि पहचान बलाट गांव निवासी मोहम्मद दिलशादके रूप मे किया किया गया है। रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद मध निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।मौके पर एस आई देव कुमार शर्मा के साथ अन्य पुलिस बल मैजूद थे।

### पांच घर में लगी आग

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी थाना क्षेत्र के नामापुर वार्ड 9 में सोमवार की रात अचानक आग लगने से पांच घर जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना पर मंगलवार की सवेरे अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार ने हल्का कर्मचारी को जायजा के लिए भेजा। हल्का कर्मचारी ने बताया कि गांव के अग्नि पीड़ितों में विजय राम की पत्नी अनीता देवी गुड्डू राम की पत्नी निशि कुमारी, रामराजी राम की पत्नी सुनीता देवी, मंगल राम की पत्नी रीता देवी, व स्वर्गीय सुदेश्वर राम की पत्नी मुसमात नीलम देवी के घर में रखें सभी सामान चलकर राख हो गए। वही अंचलाधिकारी ने कहा कि स्थल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही धटना की सही छति की जानकारी मिल पाएगा।

### प्रतिभावान छात्रा बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट, किया क्षेत्र का नाम रौशन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी अजीत कुमार मिश्र एवं पूनम देवी की पुत्री लक्ष्मी कुमारी चार्टर्ड एकाउंटेंट का परीक्षा में शामिल होकर सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन की है। बता दें कि लक्ष्मी मैट्रिक हाई स्कूल समर्था से एवं इंटर एम डी डी एम कालेज मुजफ्फरपुर से की। लक्ष्मी के पिताजी व्यवसायी एवं माता गृहणी है। बड़ी बहन कोमल शिक्षिका एवं भाई प्रभात कुमार अभी कॉम्पीटिशन की तैयारी कर रहा है। लक्ष्मी की सफलता पर माता-पिता, बहन, भाई एवं क्षेत्र के लोग बधाई दे रहे हैं।

### पिस्तौल का भय दिखाकर किया बलात्कार का प्रयास, विरोध करने पर किया मारपीट

विभूतिपुर, पिस्तौल का भय दिखाकर बलात्कार का प्रयास करने एवं विरोध करने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से पीड़िता ने बताई है कि 6 जनवरी सोमवार को सुबह 9:30 बजे स्नान करने के लिए आंगन में बैठी। तभी पूर्व से घात लगाए पड़ोसी पिस्तौल सटाकर बलात्कार करने का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर मेरी गोतनी एवं पति आया तो आरोपी पिता पुत्र मिलकर पिस्तौल के बट एवं खंती से हमला कर मेरी गोतनी एवं मेरे पति को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से मेरे पति को इलाज के लिए विभूतिपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। इससे पूर्व भी आरोपी दुकान जाने के क्रम में मेरे साथ छेड़खानी किया था।

### जिले में कडाके की ठण्ड, बंद रहे सभी शैक्षणिक संस्थान, जिला दण्डाधिकारी सह डीएम ने जारी किया आदेश

मुंगेर। जिले में सुबह और शाम के समय अत्यधिक ढंग के कारण विधालयों में छात्रों की उपस्थिति काफी कम रहने के साथ ही छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल ठण्ड का कुप्रभाव पडने की संभावना को द्दष्टिगत रखते हुए जिले के सभी निजी और सरकारी विद्यालयों प्रीस्कूल सहित आंगनबाड़ी केद्रों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों जैसे की कोचिंग संस्थानों को वंद रखने का आदेश दिया गया है। इस संम्बंध में जिला दण्डाधिकारी सह डीएम अवनीश कुमार सिंह ने एक आदेश जारी किया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि 08 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक सभी तरह के शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि प्री वोड की परीक्षा के लिए संचालित किए जाने वाले विशेष कक्षाओं और परीक्षाओं का संचालन इस आदेश से मुक्त रखा गया है।

# शिक्षाविद ही देश व प्रदेश के राजनीति को दिशा दे सकते है : कुलपति

## प्रो उमाकांत चौधरी मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा जयंती सह छात्र सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा।महान शिक्षाविद एवं राजनीतिक सुचिता के प्रतीक स्वर्गीय प्रो उमाकांत चौधरी के जन्म तिथि पर मंगलवार को प्रो उमाकांत चौधरी मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा हायाघाट प्रखंड के बिशनपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जयंती सह छात्र सम्मान समारोह काआयोजन किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों द्वारा उनके स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र एवं हायाघाट विधानसभा क्षेत्र तीन-तीन सर्वप्रथम मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ लक्ष्मी निवास पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिथिला के ऐसे विभूति जिन्होंने आनंदपुर के एक छोटे गांव से वाराणसी के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय तक शिक्षा का अलख जागने का काम किया।जिसकी सार्थकता आज दरभंगा में आकर देखने को मिल रही है कि शिक्षाविद ही देश और प्रदेश के राजनीति को दिशा दे सकते है।और उसका सार्थकता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उन्होंने सिद्ध कर दिखाया। जिसका अनुकरण उनके पुत्र विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी भी सिद्ध कर रहे हैं जो आज इस कार्यक्रम में पहुंचकर देखने को मिल रहा है।इस दौरान उन्होंने आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति शिक्षा ,सुचिता, ईमानदारी के बगैर न तो सच्चा इंसान बन सकता है और ना ही सच्चे राजनीतिज्ञ हो सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय बहेड़ी के प्राचार्य एल पी जायसवाल ने कहा कि सच्चे शिक्षाविद का सही सम्मान इसी तरह होनी चाहिए जो उनके जन्म तिथि पर मेधावी छात्र को सम्मानित किया जाए जिससे कि बच्चों में शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना जागृत हो।

इस अवसर पर संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक श्रीपति त्रिपाठी ने स्वर्गीय उमा बाबू कोअपना अभिभावक एवं कुशल मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि ऐसे बिरले ही देखने को मिलता है जब एक हिंदी के छात्र ,शास्त्र और धर्मशास्त्र के इतने बड़े ज्ञाता हो और उन्हें महान शिक्षाविद के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ हो। कार्यक्रम को विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैजनाथ चौधरी बैजू ने स्वर्गीय उमा बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज यदि मिथिला मैथिली के लिए सच्चे सपूत की संज्ञा दी जाए तो उमा बाबू से बढ़कर कोई दूसरा नहीं है।इस दौरान आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बाबूजी के शिक्षा के प्रति समर्पण ,राजनीतिक सुचिता और ईमानदारी ही मुझे आज तक संबल प्रदान करती आ रही है और यही मेरी मूल पूंजी है।जिसके बदौलत मैं आज आप लोगों के सेवा में समर्पित हूं और आगे भी रहूंगा।कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में जदयू के पूर्व अध्यक्ष सुनील भारती ,राजेश चौधरी,डॉक्टर शशी भूषण यादव,मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एजाज साहब सहित दर्जनों लोग शामिल थे ।धन्यवाद ज्ञापन शंभू नाथ झा ने किया एवं मंच संचालन विद्यालय के शिक्षिका श्सुश्री पूजा प्रियदर्शिनी, नागेश कुमार झा ने किया।

## भाकपा-माले के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगो को लेकर जिलाधिकारी से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।विभिन्न मांगो को लेकर मंगलवार को औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पूर्व प्रत्याशी व आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व भाकपा-माले के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिलाधिकारी,एसडीएम,एसडीओ और औराई सीइओ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में इंसाफ मंच बिहार के सह सचिव जफर आजम, माले नगर सचिव सूरज कुमार सिंह, माले जिला कमेटी सदस्य एडवोकेट मुकेश पासवान और आरवाईए कुढनी प्रखंड के संयोजक एजाज अहमद शामिल थे।आफताब आलम ने जिलाधिकारी को मांग पत्र देते हुए मांग किया कि बिहार में सामाजिक सर्वे के बाद पिछले साल बिहार सरकार ने घोषणा की थी कि सभी गरीबों को जिनकी वार्षिक आमदनी 72हजार रुपये से कम है उनको 2लाख रुपये की सहायता दी जायेगी ताकि वे कुछ अपना काम शुरू कर पाएं। लेकिन गरीबों को आय प्रमाण-पत्र बनवाने का अड़ंगा लगा दिया गया है और हजारों-हजार गरीब अंचल कार्यालय पर बार-बार प्रदर्शन कर आय प्रमाण- पत्र के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन उनको आय प्रमाण-पत्र नहीं दिया जा रहा है।

औराई-कटरा प्रखंड के डुमरी,बसघट्टा, मोहनपुर, तेहवारा, बभनगामां, कोकिलवारा, प्रसामा, बैगना, कोईला मन और अतरार में चचरी पुल की जगह पक्का पुल का निर्माण कराया जाए।गरीबों को अविलंब 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की व्यवस्था की जाए।सरकार की घोषणा के अनुसार सभी भूमिहीनों और गरीबों को 5डिसमिल वासभूमि और पक्का मकान देने की गारंटी की जाए।सौन्दर्यीकरण और विकास के नाम पर बर्षो से बसे गरीबों को जबरन उजाड़ने का सिलसिला जारी है। सरकार की घोषणा के अनुसार उनके पुनर्वास की व्यवस्था किए बिना हटाने पर रोक लगाई जाए।नदी के कटाव से विस्थापित या वासभूमि के अभाव में जो गरीब जहां भी मठ, सरकारी गैर मजरूआ जमीन, सिलिंग एक्ट से फाजिल व भूदान की जमीन में बसे हैं, उन गरीबों को बासकीत जमीन का पर्चा दिया जाए। जिनको जमीन का पर्चा मिला हुआ है उसका दाखिल-खारिज और उनको उस जमीन पर बसाने की गारंटी की जाए।स्कीम वर्कर्स और स्वयं सहायता समूह में कार्यरत महिलाओं- विद्यालय रसोइयों, जीविका दीदियों, आशाकर्मी, आंगनबाडी. सेविकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और सम्मानजनक वेतन देने की घोषणा की जाए।बुढी.गंडक नदी पर चंदवारा में बन रहे पुल को जल्दी चालू किया जाए तथा मुशहरी के रजवाडा. व बुधनगरा सहित नदी के ढाब में बसे हजारों परिवार तथा दलितों के टोले में जाने-आने के लिए पक्की सड़क व पुल-पुलिया जल्दी से बनवाने की व्यवस्था की जाए।पंचायतों में खेल का मैदान बनवाने के दौरान औराई व कटरा सहित अन्य क्षेत्रों में कब्रिस्तान व श्मशान की जमीन के अधिग्रहण पर रोक लगाई जाए।इस मौके पर कुढनी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज सोनबरसा साह कब्रिस्तान के घेराबंदी के मांग को लेकर भी आरवाईए कुढनी प्रखंड के संयोजक एजाज अहमद ने जिलाधिकारी से मांग किया कि सोनबरसा साह कब्रिस्तान के घेराबंदी के टेंडर के लिए योजना पदाधिकारी ने टेंडर का फाईल जिलाधिकारी को भेज दिया है।. इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही इस प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

## धावा दल ने दो बाल श्रमिकों को होटल से कराया विमुक्त



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। श्रम अधीक्षक दरभंगा किशोर कुमार झा के निदेश के आलोक में बहादुरपुर प्रखंड में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु गहन छापेमारी की गई। इसी क्रम में दो बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है, जिनमें एक कृष्ण मोहन सिंह वैष्णव होटल,बेंता चौक, लहेरियासराय,दरभंगा से और एक बाल श्रमिक आस्था डेयरी एण्ड मिठाई,देकुली, बहेड़ी रोड,लहेरियासराय से विमुक्त कराया गया है।श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग द्वारा जिले में विभिन्न नियोजनों में कार्यरत 29 बाल श्रमिकों को अब तक विमुक्त कराया जा चुका है।

श्रम अधीक्षक श्री झा ने बताया कि एक ओर जहां नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।वही दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर,बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है। धावा-दल में साधना भारती श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बहादुरपुर, रजत राउत श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी तारडीह, नीतीश कुमार श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी किरतपुर,प्रेम कुमार साह श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी जाले,कार्डस संस्था के प्रतिनिधि और नारद मंडल एवं नारायण कुमार मजमुदान एवं पुलिस बल शामिल थे।

## शिक्षा से मानव का सर्वांगीण विकास होता है : अमरनाथ साह



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।रूहेल्लागंज, कादिराबाद स्थित ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल में आज 33वां वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्राचार्य अमरनाथ साह ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत विद्यालय प्राचार्य, विद्यालय प्रबंधक सह संयोजक हर्षित राज ,विजय नाथ झा,नीलम कुमारी, मीणा झा के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक विद्यालय की रीढ़ होते हैं। किसी भी समाज की नींव एक शिक्षक ही होते हैं। शिक्षा से मानव का सर्वांगीण विकास होता है , क्योंकि शिक्षा मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक ज्ञान के स्तर को बढ़ावा देती है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।विद्यालय की वरीय शिक्षिका नीलम कुमारी ने बीते वर्षों के पलों को याद करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सदैव तत्पर रहा है। इस विद्यालय के द्वारा यहां के आसपास के बच्चे सर्वोच्च शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं।इस अवसर पर सभी शिक्षकों को उनके अनमोल योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर आशा कर्ण, रेणुका, अपूर्वा, ज्योति , पूनम, निक्कू, दुर्गा देवी, निखत, सोनी, नंदिनी , प्रशांत गौतम, आनंद राज, निशांत दिव्यांशु, सुधीर ,रुपेश, मुकेश, अबदुर रहीम ,संतोष आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन हर्षित राज के द्वारा किया गया।

## अपर सचिव ने की आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम और संपूर्णता अभियान के तहत प्रगति की समीक्षात्मक बैठक सोमवार को भारत सरकार के अपर सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह में आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने जिला की जिला का लक्ष्य, प्राप्त उपलब्धि, संचालित कार्य एवं भावी प्लानिंग के बारे में विस्तृत रूप से अपर सचिव को अवगत कराया । अपर सचिव ने सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई देते हुए जिले में संचालित कार्य एवं उपलब्धि की सराहना की तथा जिला में बृहत आकार के पुस्तकालय की स्थापना करने की आवश्यकता पर बल दिया।स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में पंचायत स्तर पर प्रसवपूर्व देखभाल, कुपोषण उन्मूलन, और संस्थागत प्रसव जैसे प्रमुख मुद्दों पर सघन प्रयास किये गये हैं। इसके लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाया गया है ।इसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने पंचायत में सभी सूचकांकों पर प्रभावी कार्य कर सकें और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा कर सकें।जिले में पहली तिमाही के दौरान 76 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने प्रसवपूर्व देखभाल के लिए पंजीकरण कराया। आगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण मेले और जागरूकता सत्र आयोजित कर 5 हजार से अधिक लाभार्थियों को सेवाएं दी गईं।30 बर्ष से अधिक आयु वर्ग के 50,000 से अधिक व्यक्तियों की मधुमेह और रक्तचाप की जांच की गई।नियमित शिविरों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता बढ़ाई गई।जिले में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और 16 मध्य विद्यालयों को मॉडल स्कूलों में परिवर्तित किया गया। सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किये गये हैं। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार जिला योजना पदाधिकारी नवीन कुमार जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती ममता वर्मा प्रखंड विकास पदाधिकारी मुसहरी चंदन कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरवासियों को जल संकट से निपटने की दिशा में निरंतर काम कर रहा हूं : संजय सरावगी




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। शहरवासियों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, विस में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी निरंतर प्रयासरत हैं। उनकी पहल पर शहर के जलापूर्ति व्यस्था में एक बड़ा सुधार हुआ है। अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विधायक श्री सरावगी ने शहर के तीन वार्डो में पांच मिनी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जल संकट से निपटने की दिशा में वे निरंतर काम कर रहे हैं। जहाँ जलापूर्ति योजना फेज 2 के माध्यम से 128 करोड़ की राशी से हर घर नल योजना से प्रत्येक घरों में पानी पहुंच ही रहा है, उसके साथ ही मिनी जलापूर्ति योजना भी जल संकट से निपटने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री सरावगी ने बताया कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायक मद से पांच मिनी जलापूर्ति योजनाओं का शुभारंभ हुआ है। वार्ड संख्या 23 स्थित वाजितपुर मुहल्ला में गणेशी पासवान के घर के निकट एवं कुम्हार टोली, वार्ड संख्या 8 शुभंकरपुर में मधु देवी के घर के निकट और वार्ड संख्या 9, रत्नोपट्टी में गुड्डू मेडिकल के निकट एवं ठठेरी टोला स्थित ब्रजकिशोर कन्या विद्यालय के निकट मिनी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन हुआ है। बतातें चले कि नगर विधायक के पहल पर हर घर नल योजना से भी अब तकरीबन सभी वार्डो में जल मुहैया कराया जा रहा है। शहरवासियों को पेय जल की समस्या ना हो इसके लिए श्री सरावगी निरंतर गंभीर नजर आते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने पाग-चादर से नगर विधायक श्री सरावगी का स्वागत किया। मौके पर वार्ड पार्षद चांदनी देवी, राकेश पासवान, कामोद राय, प्रमोद शरण सत्संगी, राजकुमार तिवारी, जितेन्द्र ठाकुर, दयाकांत झा, शिवजी राय, दिलीप पासवान, सुबोध पासवान, नागेश्वर सहनी, शंकर साह, संयोग राम, राजू राय, प्रीतम राय, गणपति सहनी आदि उपस्थित थे।

## स्कार्पियो चोरी की घटना को पुलिस ने किया विफल

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव निवासी सतनारायण महतों के नाति खानपुर गांव निवासी शंकर महतो के पुत्र विकास कुमार अपने ननिहाल स्कार्पियो से आये हुए थे। इसी दौरान विकास कुमार के पहचान के तीन दोस्त बताते हुए विकास कुमार के साथ अपने स्कॉर्पियो गाड़ी से सोमवार की शाम वासुदेवपुर गांव से पुसा चलने की बात करते हुए निकला। इसी क्रम में स्कॉर्पियो सवार तीन अन्य साथियों ने विकास को जबरन मथुरापुर टाटा चौक से बिरौली जाने वाली सड़क के किनारे धक्का मारते हुए गाड़ी से नीचे गिरा दिया। जहां से किसी तरह रात में थाने में पहुंच कर गाड़ी लूट होने की बात थाना अध्यक्ष को बताया। जिसपर थाना अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस ने गाड़ी में गाड़ी में लगे जीपीएस लोकेशन के आधार पर गाड़ी की पीछा किया गया। स्थानीय थाने के सब इंस्पेक्टर वत्स राहुल राजहंस, एएसआई कनिष्ठ कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर कर बेगुसराय जिले के बछवाड़ा थाने के पुलिस की मदद से स्कॉर्पियो को बछवारा पुलिस ने रुकने का कोशिश किया। तो गाड़ी छोड बदमाश अंधेरा का फैदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जहां स्थानीय पुलिस पदाधिकारी ने पहुंचकर कर स्कॉर्पियो को जप्त करते हुए कल्याणपुर थाने ले आए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि रुपए के लेन-देन का मामला सामने आया है। वाहन स्वामी के द्वारा आवेदन देने पर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## सांसद को जान से मारने की धमकी देने वाला निकला विक्षिप्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। वैशाली सांसद वीणा देवी को मोबाइल पर जान मारने की धमकी देने वाला शख्स विक्षिप्त पाया गया है।यह जानकारी एसएसपी कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बीते 5जनवरी को सांसद वीणा देवी के मोबाईल पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज करते हुए गोली मारने की धकमी दी गई थी ।उक्त घटना के आलोक में सांसद श्रीमती वीणा देवी द्वारा दिए गये आवेदन के आधार पर सदर थाना कांड सं0- 07/25 दर्ज किया गया।वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर एस0डी0पी0ओ0-02 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, उक्त टीम में सदर थानाध्यक्ष की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा आवेदन में वर्णित मोबाईल नंबर का तकनीकी रूप से जांच एवं सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में पाया गया है कि उक्त मोबाईल फोन से धमकी देने वाला व्यक्ति का नाम पंकज तिवारी उर्फ मानीक्या पे० रापमचन्द्र तिवारी ग्राम बहिलवारा गोविंद थाना सरैया जिला मुजफ्फरपुर है जो कि मानसिक रूप से विछिप्त है। उसका चिकित्सीय उपचार केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रॉची में चल रहा है।पुलिस द्वारा इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रखंड कमिटी रहिका की बैठक कामरेड के अध्यक्षता में आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड अंतर्गत ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रखंड कमिटी रहिका की बैठक कामरेड संतोष कुमार शाह के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पांच सूत्री एजेंडा पर सभी साथी के द्वारा विचार विमर्श किया गया जिसमें रहिका प्रखंड सम्मेलन करने पर विचार किया गया स्थान रहिका 9 फरवरी 2025 को करने का निर्णय लिया साथ ही 15 जनवरी 2025 से पूरे प्रखंड में कोषसंग्रह किया जाएगा 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें जिला में प्रखंड से अच्छा भागीदारी रहेगी।बैठक समाप्त होने के बाद भारत सरकार के गृह मंत्री का पुतला दहन रहिका विद्यापति चौक की पर किया गया पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य कमिटी सदस्य कामरेड प्रेम कुमार झा ने कहा कि देश के सांसद के राज्यसभा में भारत सरकार में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया बयान को पार्टी घोर निंदा करती है आजादी के बाद जब देश में कठिन संघर्ष का दौर चल रहा था उस समय बाबा भीमराव अंबेडकर जो संविधान का निर्माण किया उनका अपमान करना तानाशाही रवैया को घोतक हैं जिस पार्टी के नेता वह है उस पार्टी का या उसके पूर्वजो का देश को आजाद करने में कोई भूमिका नहीं है आरएसएस भाजपा उसके द्वारा अपमान आजादी के महान पुरुषो को करना उचित नही है पुतला दहन सभा को जिला महासचिव बेचन राम ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान देश के सभी 140 करोड़ जनता का अपमान है उसको ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक बर्दाश्त नहीं करेगी पार्टी जिला स्तर पर लगातार आवाज उठाती रहेगी इसका अपमान के बदले प्रखंड स्तर पर आंदोलन जारी रहेंगे बैठक को संबोधित किया दरभंगा जिला संयोजक नवीन कुमार झा (पिंटू) जिला कोषाध्यक्ष पंचू पासवान ,प्रखंड सचिव गुंडू मंडल ,प्रखंड कमिटी सदस्य अनिल कुमार मंडल,शीला देवी, अशोक महतो,रामाशीष पासवान,पंकज झा,मदन पासवान,अशोक ठाकुर, सहित दर्जनों साथी भाग लिए।

## जिले में बढ़ते ठंड के कारण तापमान में आई गिरावट

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले के सभी निजी सरकारी विद्यालयों विद्यालयो वर्ग 1 से 5 तक प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र सहित में वर्ग 8 तक शैक्षणिक गतिविधियों को दिनांक 11.01.2025 तक स्थगित किया गया है । वर्ग 8 के ऊपर सभी कक्षाओ का शैक्षिक कार्य पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक सावधानी के साथ संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया है। अपने आदेश में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालय प्रबंधन उपरोक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियो को पुनर्निर्धारित करेगे। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी विद्यालय में विद्यालय अवधि तक अपने विद्यालय में उपस्थित रहेगे तथा विद्यालयी विभागीय कार्यो का निष्पादन करेगे।उन्होने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि उपरोक्त आदेश 08 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा

## उज्जवल गोस्वामी के निधन पर एसोसिशन द्वारा शोकसभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में अधिवक्ता उज्वल गोस्वामी के निधन पर शोकसभा वकालतखाना भवन के सेन्ट्रल हॉल में मंगलवार को आयोजित की गई। महासचिव कृष्ण कुमार मिश्र ने स्वर्गीय गोस्वामी के वकालत पेशा से लेकर अधिवक्ता संघ के हितों में उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।महासचिव श्री मिश्रा ने कहा कि अंकेक्षक पद पर रहते हुए गोस्वामी ने बार एसोसिएशन का 2024 तक का अंकेक्षण कर दिये थे। अधिवक्ता कौशर इमाम हाशमी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि गोस्वामी एक सुलझे हुए मृदुभाषी वकील थे। अधिवक्ता अरुण कुमार चौधरी ने अपने शोकपूर्ण वाणी में कहा कि गोस्वामी जी हर दिल अजीज थे। वे सदैव वकालतखाना की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए क्रियाशील रहते थे। अधिवक्ता चंद्रधर मल्लिक, अधिवक्ता बब्लू झा अनिता आनंद, आदि ने शोक व्यक्त किया। सेंट्रल हॉल में मौजूद लोक अभियोजक नशीरूद्दीन हैदर समेत सैकड़ों अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए शोक प्रकट किया।

## बीडीओ ने राघोपुर पश्चिमी के मुखिया सहित तीन अन्य से मांगा स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। राघोपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया पुष्पा कुमारी, तकनीकी सहायक रोहित कुमार, लेखापाल रौशन कुमार एवं तत्कालीन पंचायत सचिव से वर्ष 22-23 एवं 23-24 के दौरान पंचायत में चलाई गई योजनाओं में हुई वित्तीय अनियमितता का जवाब बी डी ओ दुनिया लाल यादव ने अपने पत्रांक 2343 दिनांक 25 दिसम्बर 2024 के द्वारा मांगा था। तीन दिनों के भीतर मांगें गए स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिए जाने की स्थिति में बी डी ओ ने पुनः स्मार पत्र दिया है, जिसमें निर्धारित समय में जवाब नहीं देने पर अनियमितता की स्वीकार्यता का उल्लेख किया गया है। बताया जाता है कि पंचायत के मुखिया द्वारा तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं लेखापाल की मिलीभगत से सभी नियमों की अनदेखी करते हुए लाखों रुपए की अनियमितताएं योजनाओं में बरती गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जांच के लिए दिए गए आवेदन के आलोक में बी डी ओ दुनिया लाल यादव ने गत 4 दिसंबर 2024 को भौतिक जांच की थी। बी डी ओ द्वारा जांच की गई 6 योजनाओं में पंचायत भवन का जीर्णोद्धार एवं रंग रोगन, वार्ड 11 में गोढ़ियारी मुख्य सड़क से हवा महल तक पी सी सी, वार्ड 10 में लाल बाबू के घर से राम विलास महतो के घर तक नाला निर्माण,वार्ड 9 में कपलेश्वर कामती के घर से भिखारी कामती के घर तक पी सी सी सड़क,वार्ड 3 एवं 4 में दो छठ घाटों का निर्माण एवं विद्यालय परिसर में जीम निर्माण की योजनाएं शामिल हैं। प्रखंड सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन योजनाओं की कुल लागत करीब 27 लाख से अधिक है। जांच के दौरान पंचायत भवन के जीर्णोद्धार में की गई व्यापक अनियमितता की सच्चाई सामने आने के भय से अभिलेख,मापी पुस्तिका,अभिश्रव एवं योजना पंजी मुखिया द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।बी डी ओ द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण में किए गए बिंदुवार उल्लेख से ज्ञात होता है कि पी सी सी सड़क की तीन योजनाओं में सभी नियमों को ताक पर रखते हुए प्राक्कलन के विपरीत पूर्व से किए गए मिट्टीकरण एवं खरंजाकरण के ऊपर से पी सी सी कर राशि की हेराफेरी कर ली गई। जबकि जीम के उपयोग में आने वाले उपकरणों की खरीद में व्यापक गड़बड़ी कर सभी उपकरणों को विद्यालय भवन में रख कर छोड़ दिया गया। जिससे खरीदे गए उपकरण बबार्दी के कगार पर पहुंच गए।इस संबंध में बी डी ओ दुनिया लाल यादव ने बताया कि जांच के दौरान भौतिक स्थिति, अभिलेख की अनुपलब्धता सहित अन्य बातों से प्रथमद्दष्टया गड़बड़ी सामने आई है। स्पष्टीकरण का उत्तर मिलने के बाद ही आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शीतलहर और कोहरे से जन जीवन अस्त-व्यस्त

गिद्धौर। शहर से गांव तक पड़ रही कड़ाके की ठंड और कनकनी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मंगलवार की सुबह लगातार चौथे दिन भी घना कोहरा छाया रहा।कनकनी के कारण लोग परेशान रहे। ग्रामीण इलाके में ठंड से राहत देने के लिए पंचायत स्तर पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।लोगों का कहना है कि प्रखंड और अंचल की ओर से अलाव के लिए कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं किया गया है। ठंड में सर्वाधिक परेशानी मवेशी पालकों को हो रही है। गरीब तबके के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। लोग आग का सहारा लेकर रात गुजार रहे हैं।पंचायत में अभी तक कंबल का वितरण नहीं किया गया है। पंचायत में बहुत से लोग ऐसे हैं, जिन्हें कंबल की जरूरत है। घना कोहरा भी लोगों को काफी परेशान कर रहा है। सुबह 3 से लेकर दिन भर सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। गिद्धौर जमुई मुख्यमार्ग एनएच 333 पर चलने वाली ट्रकों व बसें,अन्य वाहन 25 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही है। काफी सतर्कता के साथ वाहन चलाए जा रहा है।

### 32 प्रसूता के खाते में 48 घण्टे के अंदर सरकारी राशि का हुआ भुगतान

जमुई [ झाझा ] जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत 1 जनवरी से प्रसव के बाद प्रसूता को मिलने वाली सरकारी राशि योजना में किए गए संसोधन का लाभ 48 घण्टे के अंदर सरकारी अस्पताल की ओर दी जा रही है। रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबन्धक सुभाषचंद्र ने बताया कि नए नियमावली के तहत 1- 4 जनवरी तक अस्पताल में कुल 32 गर्भवती महिलाओं का प्रसव करवाया गया जिसके बाद प्रसूता महिला का आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नम्बर सहित अन्य जानकारी फॉर्म में भरकर दिया गया जिसके तहत शहरी क्षेत्र में आने वाली प्रसूता महिला को 1000 और ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूता महिला को 1400 रुपए 48 घण्टे के अंदर उसके खाते में भेज दिया गया।

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में जिले के सभी प्रखंडों में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि आम लोगों की अपनी सामान्य समस्याओं को लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। जिसको लेकर मंगलवार 07 जनवरी को समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत परिसर में ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं उनसे उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिए गए। कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटान किया गया तो कुछ आवेदन को कठिनाई दूर करने के लिए नामित विभाग भेजे गए। उक्त कार्यक्रम में आमजनों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों से लोगों का अधिक से अधिक आवेदन लेने पर जोर दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम आवास , मनरेगा , आपूर्ति , पेंशन , हर घर नल का जल , विद्युत , स्वास्थ्य , शिक्षा , आंगनवाड़ी , कृषि , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों से जुड़े कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और इसके संबंध में उपस्थित जनों को वांछित जानकारी देकर उनका क्षमतावर्धन किया। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि हितकारी कार्यों के लिए सरकार कटिबद्ध है। फ्लैक्स के जरिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मद्य निषेध , समाज कल्याण , आईसीडीएस , स्वास्थ्य , शिक्षा , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए है, जरूरतमंद लोग वहां जाकर वांछित जानकारी हासिल करें और आवेदन के जरिए अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर उसका निदान कराएं।इस अवसर पर समेकित बाल विकास परियोजना के तहत एनीमिया , पूरक पोषाहार , पोषण भी पढ़ाई भी , पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इसका लाभ लेने का संदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से केंद्र पर एनीमिया जांच के लिए कैंप लगाने का भी निर्देश दिया। शिविर में सभी सम्बंधित प्रखंड स्तरीय व अंचल स्तरीय पदाधिकारी समेत पंचायत जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी की इस पहल की जमकर सराहना की जा रही है।

# एक दिवसीय नियोजन कैंप का किया गया आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय, मुंगेर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी फ्रीडम एम्पोयबिलेटि एकाडमिक के प्रतिनिधि विक्रम कुमार, टेटोरियल मैनेजर के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दिया। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 10 रिक्तियों (शिक्षक) के विरुद्ध कुल 21 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर सोट लिस्ट किया गया। जॉब कैंप में कुल 66 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर यूपी उज्जवल सिंह भंडारी, बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है] जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है] साथ ही बताया गया की जिले के वैसे वेरोजगार जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वैसे वेरोजगार को नियोजनालय द्वारा संचालित पुस्तकालय की सुविधा निःशुल्क दिया जा रहा है इस का लाभ वे लें सकतें है।

### शितलहर को देखते हुए पत्रकार के द्वारा गरीबों के बीच कंबल का वितरण



जमुई / सोनो : प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी सोनो संवाददाता चंद्रदेव बरनवाल के द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। भीषण शितलहर को देखते हुए गरीबी मे जीवन व्यतीत करने वाले वृद्ध महिला ओर पुरुषों , गरीब ओर निःसहाय व्यक्ति का चयन कर पत्रकार श्री बरनवाल ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाकर आशीर्वाद ले रहे हैं। पत्रकार श्री बरनवाल ने बताया कि बिते वर्ष कोविड महामारी के समय से ही अपने निजी कोष से यथा शक्ति गरीबों के बीच कंबल आदि का वितरण किया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा ।

# मुंगेर के आंगनवाड़ी केंद्रों को मिला 217 अपना भवन

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की जाल बिछी हुई है 1599 आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी आंकड़ों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां चल रहा है वहीं इन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के आंगनबाड़ी के दोनों को अपना भवन नहीं है कुछ सरकारी भवनों में चल रहा है पंचायत भवनों में कुछ सरकारी विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह के अनुसार मनरेगा कन्वेंशन से और आईसीडीएस के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है डीसी के अनुसार 21 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण संबंधित अधिकारी को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है निर्माण जल्द से जल्द कराया जाएगा अधिकारियों का दावा है की आंगनवाड़ी केन्द्रों को जल्द ही खुद की भवन मिलने वाली है।8 लाख50हजार की लागत से बन रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र जिले में 21 आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों को बनाने की हरी झंडी दे दी गई है भवन बन जाने से इन केदो में पंजीकृत बच्चों को सुविधा होगी एक भवन के निर्माण पर 8 लाख 50 हजार से अधिक खर्च किए जाएंगे। जिससे 6 लाख 50 हजार मनरेगा से तथा 2 लाख आईसीडीएस की ओर से खर्च किया जा रहा है जबकि योजना विभाग की ओर से भी दो आंगनबाड़ी केदो का भवन बनाए जाएंगे आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में एक कमरा एक किचन एक प्रधान एक स्टोर और एक बरामदा बनाया जाएगा मुंगेर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 1599 आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिसमें 986 आंगनबाड़ी केदो को किराए के भवन में संचालित हो रहा है या फिर आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी विद्यालय में संचालित हो रहा है सरकारी विद्यालय में संचालित होने वाले 250 आंगनबाड़ी केंद्र अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जा रहा है जबकि मात्र 143 आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी विद्यालय में संचालित हो रहे हैं जबकि मात्र 217 आंगनबाड़ी केंद्र को अपना भवन है कुल मिलाकर आधे से भी अधिक आंगनबाड़ी केदो को अपना भवन नहीं है इसे देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे एक की बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# वर्ष 2024 भी बीता, पर सिंचाई शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में नहीं हुआ बड़ा बदलाव

प्रात : किरण, संवाददाता

- तारापुर संग्रामपुर एवं असरगंज में मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने के कारण रोजी-रोटी के लिए जा रहे दूसरे प्रदेश

तारापुर ( मुंगेर )। वर्ष 2024 भी बीता पर तारापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को अनुमंडल बनने के 27 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव खल रहा है। क्षेत्र में सिंचाई ,शिक्षा, एवं चिकित्सा ,के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव नहीं हो सका। अनुमंडल क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालय को प्लस टू की मान्यता तो मिल गई लेकिन शिक्षक नहीं मिले । ठीक उसी तरह सिंचाई के क्षेत्र में बदुआ जलाशय, लकड़ाजोर, चानकेन, झगड़हवा , बिबियाबांध , जलाशय का पूरी तरह से जीर्णोद्धार भी नहीं कराया जा सका । पिछले कई वर्षों से क्षेत्रवासियों को प्रत्येक वर्ष कभी सुखाड़ तो कभी अतिवृष्टि की मार झेलना पड़ रहा है । क्षेत्र के बड़े हिस्से वाली आबादी को 2 जून की रोटी भी सही से नसीब नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि क्षेत्र के मजदूर वर्ग सहित छोटे-छोटे किसानों एवं युवाओं को यहां काम नहीं मिलने के कारण बेरोजगारी की समस्या इस कदर बढ़ गई है कि क्षेत्र के 90 प्रतिशत मजदूर एवं छोटे स्तर के किसानों का विभिन्न प्रदेशों में रोजी रोजगार के लिए पलायन हो रहा है । इस वर्ष क्षेत्र में धान की फसल काफी अच्छी रही है , लेकिन जिला पदाधिकारी मुंगेर की अक्रमन्यता के कारण 2024 में जो लक्ष्य तारापुर प्रखंड को धान उठाव के लिए मिला था । उससे आधा कर दिया गया जिसके कारण किसानों को औने पौने भाव में धान खुदरा बाजार में बेचना पर रहा है । मुख्य रूप से कृषि पर आधारित रहने वाला यह क्षेत्र में सिंचाई को लेकर बड़े जलस्रोत के रूप में माने जाने वाले बदुआ जलाशय , लकड़ाजोर , चानकेन , झगड़हवा , एवं बिबियाबांध , के गाद की साफ सफाई एवं मरम्मती नहीं होने के कारण जलाशय में लंबे समय से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं रहते जिसके कारण सूखे की मार भी मजदूरों एवं किसानों को काफी प्रभावित करता है । बता दें कि तारापुर के सभी 10 पंचायतों में मजदूरों को मनरेगा जैसे योजना में भी काम नहीं मिल रहा है। पिछले 5 वर्षों से संपूर्ण क्षेत्र में कभी किसी वर्ष अतिवृष्टि तो कभी अनावृष्टि की भयंकर मार किसानों के साथ-साथ मजदूरों को झेलना पड़ रहा है ।इधर राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा , प्रखंड राजद अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया विजय यादव , कर्मवीर भारती , जनसुराज के युवा प्रदेश सचिव समीर मधुकर , इत्यादि बताते हैं कि गरीबों के लिए चलाई जा रही कई छोटी-छोटी योजनाओं में बिचौलिए इस कदर हावी है की जमीन पर असली गरीबों को उनका वास्तविक हक भी नहीं मिल पा रहा है। लोगों के लिए क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा एवं शिक्षा का भी घोर अभाव है।

# धर्म अध्यात्म:14 जनवरी को मनेगी मकर संक्रांति, 15 से समाप्त हो जाएगा खरमास

- 14 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:46 तक पुण्यकाल
- भगवान सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होते ही मांगलिक कार्यों होंगे शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर।जिले में इस वर्ष मकर संक्रांति को लेकर कोई संशम नहीं है। मकर संक्रांति पौष महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व व स्नान 14 जनवरी को होगा। गिद्धौर के आचार्य पंडित दीपू पांडे ने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। मकर संक्रांति पर पूजा,स्नान और दान जैसे शुभ कार्य पुण्य काल में किए जाते हैं। मकर संक्रांति के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा। मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस वर्ष सूर्यदेव का गोचर मकर राशि में 14 जनवरी को सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर प्रवेश होगा।उस क्षण सूर्य की मकर संक्रांति होगी। मकर संक्रांति में उदयतिथि की मानता नहीं है,इसमें सूर्य के मकर राशि में गोचर के समय ही मान्यता है। पुरोहितों के अनुसार मकर राशि में भगवान सूर्य के गोचर करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं। 14 जनवरी की सुबह 9:30 बजे से लेकर शाम 5:46 बजे तक पुण्यकाल रहेगा। इस दिन महापुण्य काल सुबह 9:30 से लेकर सुबह 10 बजकर 48 बजे तक रहेगा। इसलिए इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाना ही उत्तम और शास्त्र सम्मत है। गुड़,तिल,खिचड़ी,गरम कपड़े दान करने का महत्व मकर संक्रांति के दिन गिद्धौर स्थित मां दुर्गा मंदिर घाट गिद्धौर समेत कई जिले से श्रद्धालु पतौना नदी में स्नान करने पहुंचेंगे। इसके साथ ही बाबा बूढ़ानाथ मंदिर और दुर्गा मंदिर समेत अन्य प्रमुख घाटों पर काफी भीड़ होगी।उसके बाद सूर्यदेव को जल अर्पित करते हैं,गुड़,तिल,खिचड़ी,गरम कपड़े आदि का दान करने का महत्व है। ऐसा करने से पाप मिटते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। वर्ष में पड़नेवाली 12 संक्रांतियों में से दो अति महत्वपूर्ण ज्योतिषाचार्य पंडित प्रभाकर पांडेय व दीपू पंडित के अनुसार जब सूर्य अपनी राशि बदलते हैं तब वह परिवर्तन संक्रांति कहलाता है। सनातन धर्म में संक्रांति का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से भगवान सूर्य उत्तरायण होने लगते हैं। वैसे तो सूर्य हर महीने अपनी राशि परिवर्तन करते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में 12 संक्रांति पड़ती है। इसमें से सिर्फ दो संक्रांति महत्वपूर्ण है। पहली मकर संक्रांति और दूसरी कर्क संक्रांति। मकर संक्रांति के दिन मौसम में परिवर्तन शुरू हो जाता है।यदि इस दिन कोई जातक जप, तप और दान करें तो उसे कई गुणा लाभ मिलता है।

# क्षतिग्रस्त बरमसिया पुल का जल्द होगा निर्माण जिलावासियों को मिली नये साल में सौगात



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई झाझा से चितोचक से सुंदरी पथ में क्षतिग्रस्त बरमसिया पुल के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत जिला संचालन समिति द्वारा उक्त योजना का चयन करके ग्रामीण कार्य विभाग को भेजा गया । इस पुल के बनने से करीब 15000 आबादी लाभान्वित होगी । पुल की लंबाई करीब 100 मी0 है । पुल के निर्माण पर करीब 10 करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान है। पुल पूर्व में सांसद फंड से निर्मित था, इसके एक पाया के नीचे पानी के कारण कटाव हो गया था जिसके कारण पाया लटक गया था। अभी पुल पर हल्के वाहनों का आवागमण हो रहा है। विभाग द्वारा पुल का प्राक्कलन तैयार करने हेतु निर्देश प्राप्त हो चुका है संबंधित परामर्शीय से प्राक्कलन तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा द्वारा संबंधित अभियंता को जल्द डीपीआर बनाने हेतु निर्देश दिया गया है।

# हवेली खड़गपुर नगर परिषद में 171 योजनाओं का निंविदा पर बनीं सहमति

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर नगर परिषद् की स्थिति काफी दयनीय अवस्था हो गई हैं जिससे आम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना होता है इस को लेकर नगर परिषद खड़गपुर की सामान्य बोर्ड की बैठक 4 जनवरी को नगर परिषद अध्यक्ष प्रभु शंकर की अध्यक्षता में हुई पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत कराया और सभी समस्या का निदान करने की मांग की। पार्षदों ने कहा कि नगर क्षेत्र के अधिकांश वार्डो में अभी भी नल जल योजना का पानी नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है। खड़गपुर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में कुल 171 योजनाओं के लिए निविदा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही इन सभी योजनाओं के प्रकरण एक बार फिर नए सिरे से तैयार करने पर भी सहमति बनी जबकि कई वार्ड पार्षदों ने विगत बैठक में विकास को लेकर लिए गए निर्णय पर अब तक क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी मांगी तो बैठक के दौरान ही हो हंगामा होने लगा। इस बैठक में मुख्य पार्षद उपमुख्य पार्षद दीपक कुमार वार्ड पार्षद पूजा कुमारी श्यामसुंदर दास रफत जहां विपिन कुमार आदि सभी लगभग पार्षद बैठक में मौजूद थे।

### बीडीओ ने 25 असहाय लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

जमुई [ झाझा ] बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के दिशा निर्देश पर बीडीओ ने रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थलों पर असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। इस दौरान कड़ाके की ठंड में कम्बल मिलने के बाद लोग खुश दिखाई दिए। बीडीओ रविजी ने बताया की रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थलों पर वैसे असहाय लोग जो इस भीषण ठंड में कोई संसाधन नही उपलब्ध रहने के कारण परेशानियों का सामना कर रहे थे उनकी मदद जिलाधिकारी के आदेशानुसार करते हुए कम्बल वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक पंचायत के महादलित टोला में भी कम्बल का वितरण किया जाएगा इसको लेकर पंचायत के मुखिया या अन्य जनप्रतिनिधियों को जिम्मेवारी सौंपी जाएगी।

# मुख्य सचिव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्र गति लाने के मद्देनजर मुख्य सचिव, बिहार श्री अमृत लाल मीणा के द्वारा मंगलवार 07 जनवरी 2025 को 11 बजे पूर्वांहन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के साथ साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी महोदया के कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा जल संसाधन विभाग आदि के आकड़ो से रूबरू हुए और कार्यों में तीव्र गति लाने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वहन किए जाने का निदेश दिया । उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और प्रदेश के बदलाव में अहम भूमिका निभाएं। जिला पदाधिकारी महोदया ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारी को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नही किया जायेगा। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वन प्रमंडल पदाधिकारी जमुई, उप विकास आयुक्त जमुई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जमुई, जिला परिवहन पदाधिकारी जमुई,जिला कृषि पदाधिकारी जमुई , जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मंगलवार को ट्रेक्टर पलटने से चालक सहित एक मजदूर हुआ घायल, रेफर

जमुई [ झाझा ] मंगलवार की दोपहर करीबन 12 बजे गिद्धौर से ट्रैक्टर पर छड़ लेकर दिग्घी जा रहे एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होने के कारण सलैया गांव के पास सड़क किनारे खेत मे पलट गई। ट्रैक्टर पर रखा छड़ एक तरफ हिल रहा था जिसके बाद मैंने चालक रोहित को गाड़ी में छड़ एक साइड हिलने की बात करते हुए धीरे चलाने के लिए कहा जिसके बाद चालक ने ब्रेक लगाया तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद चालक और प्रमोद ट्रैक्टर के नीचे फंस गया। घटना में चालक गिद्धौर निवासी रोहित मांझी और उसी क्षेत्र के रहने वाले मजदूर प्रमोद यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी थाना को लोगों के द्वारा दिया गया जिसके बाद पुअनि कुंज बिहारी घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों की मदद से एम्बुलेंस से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया ।

# डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल हयुमन राइटस काउंसिल ने किया डॉ. परवाज की सदस्यता रद्द

प्रात : किरण संवाददाता


DEFENDERS OF INTERNATIONAL HUMANRIGHTS COUNCIL
REGD. UNDER GOVERNMENT OF INDIA, MINISTRY OF CORP. AFFAIRS
Comp. No. DIHRC
|| सूचना ||
DR. D. K. SHAW
Chairman DIHRC
humanrights7dihrc@gmail.com

जमुई / सोनो : डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल हयुमन राइटस काउंसिल की प्रशासनिक कार्यालय की ओर से एक पत्र जारी किया गया है । जिसमे हयुमन राइटस काउंसिल के बिहार अध्यक्ष बने सोनो स्थित लाईफ कैयर अस्पताल के चिकित्सक डॉ एम एस परवाज को दिनांक छह जनवरी 2025 से आजीवन संगठन की सदस्यता रद्द करते हुए पद से निष्कासित कर दिया गया है । जारी पत्र में लिखा गया है कि डा० परवाज के विरुद्ध सोसल मिडिया मे अवैध लेन देन करना , अन्य अपराध प्रसारित होना , लम्बे वर्षो से बिहार पद पर रहते हुए पद के अनुकूल कार्य नहीं करना , बिहार में पिड़िताओं ओर सदस्यों द्वारा किसी भी शिकायत के आवेदन पर मदद नहीं करना एवं मानवाधिकार की जागरुकता आज तक नहीं करना आदि शामिल हैं । डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल हयुमन राइटस काउंसिल के चैयरमैन डा० डी0 के0 साव के द्वारा डा० परवाज को चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि आप डीआईएचआरसी आई0 डी0 कार्ड वापस करें , साथ ही डीआईएचआरसी की बैनर , स्टीकर , वाहन बोर्ड तथा अन्य किसी भी डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल हयुमन राइटस काउंसिल संगठन संबंधित पहचान का दुरूपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई है । दुरूपयोग करने की शिकायत या सुचना पाये जाने पर तत्काल आप पर संगठन द्वारा कड़ी कानुनी कार्यवाई की जायेगी । ज्ञात हो कि डा० एम एस परवाज के द्वारा पिछले एक वर्ष पूर्व बेलंबा पंचायत के सिधेश्वरी गाँव में गरीबों की सहायता के लिए एक वृधाश्रम खोला गया था जहाँ पर वृधाश्रम की आड़ में सिधेश्वरी गाँव के दर्जनों लोगों से तकरीबन दो लाख रुपये से अधिक की नगद राशी नोकरी दिलाने और बच्चों को शिक्षा दिलाने के नाम पर लेकर वृधाश्रम को बंद कर भाग गए ।

# घने कोहरे व सर्द पछुआ हवा से बढ़ने लगी मुश्किलें, रोजमर्रा दैनिक कार्यों पर असर

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज,पिछले तीन-चार दिनों से लगातार पारा के लुढ़कने से ठंड अब अपने परवान पर है। घने कोहरे व सर्द पछुआ हवा को ले न्यूनतम तापमान तकरीबन 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिससे वातावरण में ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं मंगलवार को दिनभर में सूर्य का किरण दिखाई नहीं देने व सुबह से शाम तक कोहरे से दिन के अधिकतम तापमान में भी भारी गिरावट आ गई है, जो अत्यधिक ठंड का मुख्य कारण है। ठंड के बढ़ने से आम जन जीवन प्रभावित होने लगा है। खास कर बुजुर्गों व बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए, जिला प्रशासन के द्वारा,सरकारी विधालय तो बंद कर दिया गया है।लेकिन कोचिंग संस्थान खुले है।जिससे कंपकंपाती ठंड मे छात्रों और रोजमर्रा दैनिक कार्यो मे आमजनो को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है।इस कनकनी ठंड ने अपना असर शुरू कर दिया है।एक तरफ सर्द हवाओ ने आमजन मानस को घरो से निकलना मुश्किल कर दिया है,लोग 12 बजे तक घरों में दुबके रहते है।वही दुसरी तरफ घने कोहरे की चादर ने यातायात परिचालन को भी प्रभावित कर दिया ,ठंड के चलते बाजारों में मंदी आ गई है। दुकानदार भी दुकानों पर बैठकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के कारण बिक्री में काफी कमी आ गई है कपकपानी वाली ठंड के बावजूद ग्रामीण व शहरी इलाको मे अभी तक समुचित अलाव की व्यवस्था नही की गयी है। लोग ठंड से बचने के लिए कार्टून जला कर ठंड से बचने का प्रयास करते दिखे, वही ठंड को देखते हुए लोजपा नेता बखोरी पासवान ,जितेंद्र कुमार,सुरेश पासवान,रोहित कुमार,जसपाल कुमार ,धर्मेन्द्र कुशवाहा,बसिर,फेकन मिस्त्री, कृष्ण मिस्त्री, मनोज विश्वकर्मा, पप्पू ,प्रवीण सहित प्रखंड के बुद्धिजीवियो व समाजसेवियो ने अलीगंज बाजार सहित चौक चौराहो पर जिला प्रशासन अलाव की व्यवस्था के साथ गरीबो के बीच कंबल वितरण की मांग किया है।अचानक ठंड में गिरावट से लोग परेशान है,इस कड़ाके की ठंड दैनिक मजदूरी करने वाले काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा,इस कड़ाके की ठंड में क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा उदासीनता देखी जा रही है,अलीगंज गोखुलचक हरिजन टोला में लगभग सैकड़ो मजदूरी करनेवाले को सुबह शाम कार्टून जलाकर ठंड से बचते है, लेकिन गरीब मजदूर पे कोई ध्यान देने वाला नहीं नेता से लेकर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता देखी जा रही है,दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों का काम ठप है अधिकतर लोग अपने हीं घरों में दुबके पड़े हैं। कितु जिन्हें बाहर रहकर काम करने की मजबूरी है उनकी हालत ठंड के कारण पस्त हो गया है। कुछ लोग तो जहां काम कर रहे हैं उसी जगह निजी खर्चे पर अलाव का व्यवस्था करके ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए विभाग द्वारा लगातार सावधानी बरतने की बात कही जा रही है। शीतलहर से प्रभावित होने वाले जन सामान्य व गरीब व्यक्तियों के बचाव के लिए कोई समुचित व्यवस्था नही है।

# दुकान से सामान नही लाने पर बदमाश ने मासूम को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर।मंगलवार को धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में मंगलवार को दुकान से सामान नही लाने पर बदमाश ने एक मासूम को गोली मार दी। गोली मासूम के सिर मे लगी और वह घटनास्थल पर ही गिर गया। जख्मी बच्चा धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी रोशन भस्खोर का पुत्र अंशु कुमार ( 08 ) है। उसे पड़ोस के ही एक दबंग नीतीश कुमार ने गोली मार दी। जानकारी के अनुसार घर के आगे अंशु आग सेक रहा था। उसी दौरान बदमाश ने मासूम को दुकान से सिगरेट जैसी कुछ सामान लाने को कहा। मासूम के मना करते ही बदमाश ने कट्टा निकाल कर गोली चला दी। मासूम खून से लथपथ होकर वही गिर गया। आनन-फानन में पिता ने पुत्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा ले गए। वहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में डा. अनुराग ने इलाज किया। उसके पश्चात बच्चे के गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उचित इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच भागलपुर भेज दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि गोली सिर में फंसा हुआ है। इस संबंध मे पिता का कहना है कि उनका पुत्र घर के बाहर आग सेक रहा था। इसी बीच नीतीश कुमार हाथ में देशी कट्टा लेकर पहुंचा और उससे छेडछाड करने लगा। इस दौरान कट्टा से गोली चल गई और अंशु के सिर में लग गई। पिता गांव के एक स्कूल में टोला सेवक हैं। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची।इस दौरान परिवार वालों से पूछताछ किया और बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। वही इस संबंध मे थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पाठक ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है। बदमाश पूर्व का वारंटीः- बदमाश नितीश पूर्व का वारंटी है।इसपर गोविंदपुर मुशहरी में गोलीबारी, अपहरण करने जैसे कई संगीन मामले दर्ज है। बीते 6 दिसंबर को जमीनी विवाद मे सगी चाची के उपर गोली चला दी। हालांकि घटना मे महिला बाल बाल बच गई। महिला ने बदमाश के भय से प्राथमिकी दर्ज नही कराई ।उसी दौरान वारंटी को पकड़ने के लिए जैसे ही पुलिस पहुंची। बदमाश पुलिस पर गोली फायरिंग करते हुए टाल क्षेत्र की ओर भाग गया। उस दौरान हेमजापुर पुलिस के सहयोग से उक्त युवक को पकड़ने का भरसक प्रयास किया गया।

# दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बनता मध्य प्रदेश

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आजादी नहीं पहुँची। वह गाँव आजाद नहीं है ।ह्व आजादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल कि ले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है ? कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं ? दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्ट डी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्य प्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्या चार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्या्दा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यातदा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हेंद भी आत्म सम्मांन के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेडदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है। अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हजार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हजार 214 मामले दर्ज किए गए। ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है। एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2, 521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है।

# सांस्कृतिक परम्पराओं के चलते पूरे विश्व में अपना विशेष स्थान बनाता भारत

आर्थिक क्षेत्र में प्रगति की दृष्टि से भारत की अपनी विशेषताएं हैं, जो अन्य देशों में नहीं दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए भारत में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं मेलों आदि में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से इन मेलों/कार्यक्रमों में भाग लिया जाता है बल्कि इन श्रद्धालुओं द्वारा इन स्थानों पर किये जाने वाले खर्च से स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करने में भी अपना योगदान दिया जाता है। इसी प्रकार, धार्मिक पर्यटन भी केवल भारत की विशेषता है। प्रतिवर्ष करोड़ों परिवार धार्मिक स्थलों पर, विशेष महुरतों पर, पूजा अर्चना करने के लिए इकट्ठा होते है। जम्मू में माता वैष्णोदेवी मंदिर, वाराणसी में भगवान भोलेनाथ मंदिर, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर, उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर, दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर आदि ऐसे श्रद्धास्थल है जहां पूरे वर्ष भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक 3 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। शीघ्र ही, 14 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किया जाता है। जिससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलता ही है, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होती दिखाई देती है। इसी प्रकार, भारत में विवाहों के मौसम में सम्पन्न होने वाले विवाहों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। वर्ष 2024 के, मध्य नवम्बर से मध्य दिसम्बर के बीच, भारत में 50 लाख विवाह सम्पन्न हुए हैं। उक्त एक माह की अवधि के दौरान सम्पन्न हुए इन विवाहों पर भारतीय परिवारों द्वारा 7, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए विवाहों पर 5, 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया था। उक्त वर्णित 50 लाख विवाहों पर औसतन प्रति विवाह 14, 000 डॉलर, अर्थात लगभग 13 लाख रुपए की राशि का खर्च किया गया है एवं 50, 000 विवाहों पर तो एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि का खर्च किया गया है। भारत में प्रति विवाह होने वाला औसत खर्च, परिवार की औसत प्रतिवर्ष की कुल आय का तीन गुणा एवं देश में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के 5 गुणा के बराबर रहता है। भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17, 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से, चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं।

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ तितियाल और दर्जनों एम्स

**आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना झजाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है। एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।**





**डॉ. आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस, एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा, शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल, डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है।

# कांग्रेस के पापपूर्ण कृत्यों का परिणाम है यूनियन कार्बाइड का कचरा

**यहां तक कि उसे भारत लाने की प्रक्रिया को काफी महंगा बताकर मामले से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया जाता रहा। गौर से देखा जाए तो विश्व की सबसे बड़ी गैस त्रासदी के लिए कांग्रेस भी उतनी ही जिम्मेदार है, जितना कि मृत हो चुका वारेन एंडरसन। क्योंकि कांग्रेस की वजह से ही वैश्विक सुरक्षा मानकों से अनेक समझौते हुए और यूनियन कार्बाइड को भोपाल में प्राण घातक संयंत्र लगाने की अनुमति मिली। जब हजारों लोग उसकी जहरीली गैस से मृत्यु को प्राप्त हो गए, तब इसी कांग्रेस के संरक्षण में मुख्य अपराधी वारेन एंडरसन को भारत से बाहर भागने में सफलता मिली।**








**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**
**लेखक**

कांग्रेस और कांग्रेसी नेता वर्तमान समय में जिस प्रकार की हरकतें सार्वजनिक रूप से कर रहे हैं, उन्हें देखकर हंसी भी आती है और बेहद आश्चर्य भी होता है। आजकल इन लोगों ने यूका यानि कि ह्ययूनियन कार्बाइडह्व के कचरे को लेकर आसमान सिर पर उठा रखा है। यह लोग मालवा क्षेत्र के पीथमपुर में इस कदर हाय-तौबा मचा रहे हैं, मानो जनता का इनसे बड़ा शुभचिंतक और कोई है ही नहीं। उनकी इस कार्यशैली पर एक किस्सा याद आता है। एक जेब कतरा किसी व्यक्ति की जेब काट कर भाग रहा था। जिसकी जेब कटी थी उसने जेबकतरे को जेब काटते हुए देख लिया और वह चिल्ला पड़ा-चोर-चोर पकड़ो-पकड़ो। ध्यान आकर्षित होने पर अन्य लोग भी उस जेबकतरे को देखकर चिल्लाने लगे-चोर-चोर पकड़ो-पकड़ो। अब जेब कतरा समझ गया कि अकल से काम नहीं लिया गया तो वह जल्दी ही जनता के हाथ लग जाएगा और फिर उसकी मिट्टी पलीद होना तय है। तभी उसने जुगत लगाई और खुद भी चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्लाने लगा। नतीजा यह हुआ कि जो लोग चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्लाते हुए उसकी ओर आ रहे थे, वह असमंजस में पड़ गए। क्योंकि अभी तक वह जिसे जेब कतरा समझ रहे थे और जो वाकई में जेब कतरा था, वह खुद भी अब उनसे भी ज्यादा जोर से चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्ला रहा था। जेब कतरे द्वारा खड़े किए गए भ्रम के चलते लोग समझ नहीं पा रहे थे कि अब तक वह जिसे चोर समझ रहे थे, सही मायने में वही चोर है भी या फिर कोई और ! बस जनता की इसी ऊहापोह का फायदा उठाकर जेब कतरे ने सबका ध्यान भटका दिया और खुद साफ-साफ बच निकला। यूनियन कार्बाइड के मामले में भी कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं का चरित्र बिल्कुल उस जेब कतरे के जैसा है, जिसने वास्तव में जेब काटी थी। लेकिन अपनी धूर्तता के चलते वह लोगों का ध्यान भटकाने में सफल हो गया था। लिखने का आशय यह है कि यूनियन कार्बाइड के जिस जहरीले कचरे को लेकर कांग्रेस चीख पुकार मचा रही है, दरअसल यह जहरीला कचरा उसी की देन है और स्पष्ट रूप से लिखा जाए तो यह कांग्रेस और कांग्रेसियों के पाप पूर्ण कृत्यों का ही फल है, जिसका सामना मध्य प्रदेश की जनता को चार दशकों से करना पड़ रहा है। जिसके चलते मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा यूनियन कार्बाइड के कचरे को ठिकाने लगाने का आदेश पारित करना पड़ा। न्यायालयीन आदेश के पालन में मध्य प्रदेश सरकार आम आदमी की कुशलता को ध्यान में रखते हुए उस जहरीले कचरे को अंततः खत्म करने की मशक्कत कर रही है। अब जब सुरक्षित संसाधनों की उपलब्धता के चलते पीथमपुर में उक्त जहरीले कचरे की समाप्ति की जा रही है, तब कांग्रेस अपना पाप छुपाने के लिए पूरी बेशर्मी के साथ मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को लांछित करने का हास्यास्पद कृत्य करती दिखाई दे रही है। कौन नहीं जानता वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश के हर शहर और गांव में एक नारा गूंजा करता था। भोपाल की गलियां सूनी हैं, अर्जुन सिंह खूनी है। जनता द्वारा यह नारा अकारण ही नहीं लगाया गया था। दरअसल वह व्यक्ति मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ही थे जो तत्समय प्रदेश की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। इतिहास में बेहद स्पष्ट रूप से यह सच्चाई दर्ज है कि उन्ही ने यूनियन कार्बाइड के मुख्य कर्ताधर्ता और इस खूनी कारखाने के सीईओ वारेन एंडरसन को विशेष वायुयान द्वारा यहां से भगाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। तब पुलिस और प्रशासन के दो वरिष्ठ अधिकारी सरकारी वाहन से वारेन एंडरसन को देश की जनता से बचाकर उक्त विशेष विमान तक स्वयं पहुंचाने गए थे। कौन नहीं जानता कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने यह पाप पूर्ण कृत्य तत्कालीन कांग्रेस शासित केंद्र सरकार के इशारे पर किया था। बाद में जब यह मामला मीडिया के हाथ में गया और न्यायालयीन हस्तक्षेप के चलते जांच आगे बढ़ी, तब वो सभी गफलतें निकलकर सामने आने लगीं, जिनसे पता चला कि कैसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपने निजी स्वार्थों के चलते, यूनियन कार्बाइड को सुरक्षा संबंधी वैश्विक नियमों को ताक पर रखकर, भोपाल में जानलेवा संयंत्र लगाने की अनुमति सहज ही प्रदान कर दी थी। 1984 में जब यह यूनियन कार्बाइड हजारों बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों की मौत का कारण बना, तो सबसे बड़ा पाप यह किया गया कि जिस वारेन एंडरसन को बंदी बनाकर गैस पीड़ितों और इस आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक राहत पहुंचाई जा सकती थी, उस अपराधी को कांग्रेस सरकार के संरक्षण में देश से बाहर भगा दिया गया। गैस कांड के समय भोपाल के कलेक्टर रहे मोती सिंह ने अपनी किताब भोपाल गैस त्रासदी का सच में उस सच को भी उजागर किया, जिसके चलते वारेन एंडरसन को जमानत देकर भगाया गया। मोती सिंह ने अपनी किताब में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए लिखा कि वारेन एंडरसन को मध्य प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुखिया और मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के आदेश पर छोड़ा गया था। वारेन एंडरसन के खिलाफ पहली एफआईआर गैर जमानती धाराओं में दर्ज थी। इसके बाद भी उसे जमानत देकर छोड़ दिया गया। एक बार जो वह भारत से बाहर निकल पाया फिर कभी लौटकर नहीं आया। आरोप तो यह भी हैं कि कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकारों ने उसे अमेरिका से भारत लाने के लिए गंभीर प्रयास तक नहीं किये।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नया वायरस नहीं है- इस वायरस में सर्दी जुकाम की दवाईयां होती है इस्तेमाल



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

चीन की नया वायरस संक्रमण ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से पूरी दुनिया में भयभीत हो गया है और लोग सतर्क भी हो गए हैं। यह वायरस श्वसन तंत्र पर हमला करता है और शुरू में फ्लू (बुखार) जैसे लक्षण दिखते हैं। इस वायरस से ग्रसित व्यक्ति में से किसी-किसी मरीज की स्थिति नाजुक हो जाती है।चीन कोरोना वायरस की जानकारी न देकर पूरी दुनिया को गुमराह किया था। ठीक उसी तरह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बारे में भी पूरी गोपनीयता बनाये हुए है। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के संबंध में जानकारी मिल रही है। सर्वविदित है कि चीन से आसानी से कोई भी सूचना पाना मुश्किल है, क्योंकि वह सूचनाओं को हरसंभव ढंग से छिपाता है और आधिकारिक रूप से वह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संबंध में अभी भी पूरी गोपनीयता बरत रहा है, जबकि उत्तरी चीन के अस्पतालों में इस वायरस संक्रमण के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बढ़ रहा है। इतना ही नहीं बल्कि संक्रमित व्यक्ति किसी सामान को हाथ लगाता है और उस सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छु दे, तो भी संक्रमित होने का खतरा बताया जा रहा है। भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के अब तक छह मामले सामने आए हैं। इनमें दो बेंगलूरु (कर्नाटक), दो तमिलनाडु, एक गुजरात और एक पश्चिम बंगाल का है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बेंगलूरु में तीन महीने की संक्रमित बच्ची को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि आठ महीने के बच्चे का इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर है। जबकि दोनों बच्चों की इंटरनेशनल ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है, लेकिन ब्रोन्को न्यूमोनिया की मेडिकल हिस्ट्री है। चिंता की बात यह है कि पांच साल पहले दुनिया में तबाही मचाने वाले कोविड वायरस की उत्पत्ति भी चीन के वुहान से मानी जाती रही है। हालांकि चीन ने कभी इसे स्वीकार नहीं किया है। सूत्रों की माने तो चीन की सरकारी न्यूज वेबसाइट ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, उत्तरी चीन के क्षेत्र के अतिरिक्त बीजिंग, दक्षिण पश्चिमी शहर चोंगकिंग, दक्षिणी चीन के गुआंगदोंग प्रांत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वायरस का वजूद है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बात को स्पष्ट किया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) सांस से संबंधित बीमारी का वायरस है। इससे संक्रमित मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। चीन के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र के अनुसार ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और घरघराहट शामिल है। ऐसी स्थिति में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित व्यक्ति को टिशू पेपर और रूमाल का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। स्वस्थ्य लोगों के साथ नजदीकी संपर्क, तौलिया आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति को बार-बार आंख, नाक और मुंह को नहीं छूना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर थूकना भी नहीं चाहिए। संक्रमण को कम करने के लिए कमरों में वेंटिलेशन की व्यवस्था करना चाहिए और घर पर रहना चाहिए और दूसरों से नही मिलना चाहिए। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव स्वस्थ्य लोगों को खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या टिशू पेपर से ढकना चाहिए। अपने हाथों को लगातार साबुन और पानी या अल्कोहल बेस्ड सैनिटाइजर से धोना चाहिए। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचना चाहिए। बुखार, खांसी और छींक आ रही हो तो सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाकर रखना चाहिए और खूब पानी पिना चाहिए और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। भारत के चिकित्सकों का मानना है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है। सर्दियों के समय में इस तरह के संक्रमण के मामले आते हैं। इसमें सर्दी जुकाम के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं दी जाती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बगहा परिक्षेत्रों में भूकंप के झटके किये गये महसूस,जानमाल के नुकसान नहीं

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा ।नेपाल सीमा पर स्थित बगहा व इसके परिक्षेत्रों में भी मंगलवार की अहले सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गए, बगहा समेत भीतहा,धनहा, रामनगर व वाल्मीकिनगर के तमाम हिस्सों में दो बार धरती हिली लिहाजा कंपन से लोग सहम गए। इस दौरान कुछ लोग घरों में सो रहें थे तो कुछ घर से बाहर निकल गए। भूकंप के इस तगड़े झटके के बाद अफरा तफरी मच गई ।दरअसल मंगलवार की सुबह वाल्मीकिनगर और बगहा समेत रामनगर में 6:37 बजे और 6:39 बजे के करीब भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए । लिहाजा लोग अपने घरों में ठंड के कारण सोए हुए थे तभी दो बार धरती हिलने डुलने के कारण अचानक लोग नींद से जग गए ,और घरों से बाहर निकल कर भागने लगे।आलम यह था की घरों में लगे हुए पंखे काफी तेज गति से हिलने लगे,भूकंप के इस झटके से फिलहाल अभी किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है, लेकिन लोगों को सर दर्द सर भारी होनें की शिकायत जरूर मिली है।

### होमगार्ड जवान की हार्ट अटैक से मौत

बगहा ।बगहा के रामनगर में हार्ट अटैक से एक होम गार्ड जवान की मौत हो गई।मृत जवान की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 18 तुरहा टोली निवासी करीब 55 वर्षीय उदय प्रकाश पुरी के रूप मे हुई है। मृत होमगार्ड जवान का पुत्र नालंदा के हरनौत में दारोगा के रूप में कार्यरत हैं ।बताया जा रहा है की होम गॉर्ड जवान अपने किसी नीजी काम से बाजार जा रहें थे तभी नगर के अम्बेडकर चौक के समीप अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वे सड़क पर गिर गए। राहगीरो द्वारा उन्हें रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ सीएचसी रामनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रभूषण ने होम गार्ड जवान को मृत घोषित कर दिया। उदय प्रकाश पुरी रामनगर अंचल में बतौर होमगार्ड जवान के तौर पर तैनात थे ।बतादें की रामनगर अस्पताल में पहुचाये जाने से पूर्व ही होमगार्ड जवान नें दम तोड़ दिया था इसकी पुष्टि सीएचसी रामनगर के एमओआइसी ने किया है ।

### 10 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज हुआ गिरफ्तार

खैरा। खैरा थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कृष्णा चौक पर 10 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धंधे बाज को गिरफ्तार किया गया तथा उसे जेल भेज दिया गया। उक्त धंधेबाज खैरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी अंबिका राय बताया जाता है ।इस बाबत खैरा थाना अध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कृष्णा चौक पर 10 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ उक्त धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर और बाइक की आमने सामने टक्कर में दो बाइक सवार की मौत

बगहा। बगहा में घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेक्टर ने बाइक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में घटना स्थल पर ही बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य की हालत गंभीर है ।घटना बेतिया गोरखपुर मुख्य सड़क के एनएच 727 पर लौकरिया गोबरहिया की बताई जा रही है ।दरअसल सीमावर्ती उतर प्रदेश के महाराजगंज जिला निवासी पति-पत्नी एक साथ बाइक पर सवार होकर इलाज करवाने के लिए आ रहे थे उसी दौरान सड़क हादसे के शिकार हो गए ।बताया जा रहा है की तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने सामने से बाइक चालक को ठोंकर मार दिया, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एसडीएच के चिकित्सा पदाधिकारी तारीक नदीम द्वारा जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया गया जबकि महिला गंभीर स्थिति में इलाजरत है ।बतादें की मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिला अंतर्गत सितलापुर निवासी फेकु गुप्ता के 38 वर्षीय पुत्र राम केवट के रूप में हुई है। अनुमंडल अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को घटना की सूचना दें दिया है लिहाजा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है फिलहाल ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है।

# वार्ड पार्षद की गाली एवं धमकी से आजीज सफाई कर्मियों ने लगाई सामूहिक तबादले की गुहार

## महापौर ने मामले को अत्यंत गंभीर बताकर दिया त्वरित कार्रवाई करने का आदेश

**वार्ड 24 के पार्षद और कथित पार्षद संघ के अध्यक्ष मो.एनाम पर उनके ही वार्ड के सफाईमित्रों ने लगाया गंभीर आरोप और विरोध में निगम कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया। नगर निगम के वार्ड 24 के पार्षद और कथित नगर पार्षद संघ अध्यक्ष बने मोहम्मद एनाम की गाली गलौज और धमकी से अजीज वार्ड के सफाई कर्मियों ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही वार्ड में प्रतिनियुक्त वार्ड जमादार, ड्राइवर और सफाईकर्मियों यथा टमाटर मल्लिक , सतीश कुमार गुप्ता, सहमत अली, सविता देवी, चंद्र किशोर राम, मालती देवी, रामसागर साह, करीमन राउत, सतन मेस्तर, रीता देवी, शोभा देवी आदि द्वारा आवेदन देकर महापौर और नगर आयुक्त से सामूहिक रूप से तबादले की गुहार लगाई। कर्मियों द्वारा सौंपे गए सामूहिक आवेदन में नगर पार्षद मोहमद एनाम पर सफाई कर्मियों से वार्ड की सफाई कार्य नहीं करवा कर अपना निजी और ठेकेदारी के कार्य में मजदूरी कराने की भी लिखित शिकायत की है।

नगर निगम के वार्ड 24 के पार्षदमो.एनाम के विरोध में निगम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने को महापौर गरिमा देवी सिकारिया गंभीर स्थिति बताया है। महापौर ने बताया कि वार्ड 24 में पहले भी कई बार सफाई मित्रों द्वारा धांधली, भ्रष्टाचार और सफाई कर्मियों को विकास योजनाओं के विभागीय कार्य में दहाड़ी मजदूर के रूप में लगाए जाने की शिकायत मिली है। जिसको लेकर सशक्तस्थायी समिति द्वारा पूर्व में अपनी बैठक में प्रस्ताव पारित कर के वार्ड 24 में तैनात सभी दैनिक मजदूरी वाले सफाईकर्मियों को निगम घारी पर बुलाने और उक्त वार्ड में केवल स्थाई और संविदा पर बहाल कर्मी और सफाई कर्मियों को तैनात करने का निर्देश दिया है। जिसका अनुपालन अब तक नहीं होने के बीच फिर नई शिकायत मिली है।

सशक्त समिति के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर ऐसी स्थिति बनी है। महापौर श्रीमति सिकारिया ने कहा कि उपरोक्त आवेदन, विरोध प्रदर्शन और सशक्त स्थायी समिति के आदेश के आलोक में उन्होंने नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह को त्वरित विधि सम्मत कार्रवाई करने के साथ सशक्त स्थायी समिति के आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डायट खगड़िया में शुरू




प्रातः किरण, संवाददाता

खगड़िया ।प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय डायट खगड़िया में पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण 7 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस आवासीय प्रशिक्षण में खगड़िया जिले के 240 से ज्यादा शिक्षक और शिक्षिका प्रशिक्षण ले रही हैं। डायट रामगंज संसारपुर जिला शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय प्रशिक्षण का उदघाटन प्राचार्य मनोज कुमार यादव, व्याख्याता और प्रशिक्षु शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। प्राचार्य मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेंद्रु पटना द्वारा यह प्रशिक्षण है।

प्राचार्य मनोज कुमार यादव ने बताया कि सतत व्यावसायिक विकास योजना के तहत सरकारी विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण 7 जनवरी से। 11 जनवरी 2025 तक 6 से 8 के शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्राचार्य मनोज कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को हर हाल में पढ़ाना है। बच्चे जिस तरह से पढ़ना चाहे। चाहे वह गाना गाकर या खेल खेल में उनकी बातों को ध्यान में रखकर पढ़ाना है। प्राचार्य मनोज कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को भाषा और गणित पढ़ाने के लिए नए तरीके सीखने को मिलते हैं। प्रशिक्षु शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षकों के कौशल में सुधार होता है। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों में नई चेतना, विकास, समझ, और सहयोग का विकास होता है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि बच्चों को पढ़ाने के लिए खेल खेल के तरीके सीखने को मिलते हैं। इस प्रशिक्षण के मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार यादव,उप प्राचार्य मोहम्मद औरंगजेब, व्याख्याता पंकज कुमार पंडित, तेजनारायण, वीरेंद्र कुमार, मधु श्री, रजनीकांत, लक्ष्मी कुमारी, आदित्य, प्रशिक्षु शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, गिरधारी कुमार, मुकेश, अनीता कुमारी, विभा कुमारी, रोमा भारती और जिला से आए हुए सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

# प्राकृतिक खेती विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

प्राकृतिक खेती की ओर रुझान बढ़ाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, मॉझी, सारण द्वारा प्रसार कर्मचारियों के लिए प्राकृतिक खेती विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनॉक 7 से 9 जनवरी, 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र, माँझी के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, मॉझी, सारण के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने प्रसार कर्मचारियों से कहा कि इस समय प्राकृतिक खेती की बहुत आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समय में उर्वरकों व एग्रो- केमिक्ल्स के दामों (मूल्यों) में काफी बढ़ोतरी के साथ-साथ समय पर आपूर्ति की भी समस्या, ऐसे में हमें इनका विकल्प की ओर देखना अति आवश्यक है। उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला जी ने बताया कि हमें अपने खेतों में सूक्ष्मजीवों एवं केंचुआ इत्यादि को सक्रिय कर कृषि लागत को कम किया जा सकता है ये पोषक तत्त्वों को उपलब्ध कराने में बहुत ही मददगार होते हैं साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढाया जा सकता है।

` लगातार भूमि पर रासायनिक कीटनाशकों, खादों का प्रयोग तथा भूमि को प्रतिवर्ष पलटने से भूमि की उर्वरा शक्ति पूरी तरह समाप्त हो चली है। हानिकारक कीटनाशकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ कृषि की लागत भी बढ़ रही है। रासायनिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता में और मनुष्यों के स्वास्थ्य में भी गिरावट आई है ।किसानों की पैदावार का आधा हिस्सा उनके उर्वरक और कीटनाशक में ही चला जाता है। यदि किसान खेती में अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं तो उन्हें प्राकृतिक खेती की तरफ अग्रसर होना चाहिए।

रासायनिक खाद और कीटनाशक के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता काफी कम हो गई है जिससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ गया है। मिट्टी की उर्वरक क्षमता को देखते हुए प्राकृतिक खेती जरूरी हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य में सुधार के बारे में भी विस्तृत में बताया। डॉ जीर विनायक ने प्राकृतिक खेती से कीट एवं रोगों के प्रबंधन की जानकारी दी ।

# बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा स्व. सुशील मोदी के जयंती समारोह पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता




रक्सौल। भाजपा महिला मोर्चा संगठन जिला रक्सौल जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धेय सुशील मोदी जी की जयंती समारोह ह्लसेवा सप्ताह अंतर्गत जयंत एकेडमी के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कड़ाके की ठंड में भी इस शिविर में 150 महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं डॉक्टर से उचित परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. कुमार मनीष, जिला मंत्री अनुराधा शर्मा, रक्सौल नगर अध्यक्ष मंटू गुप्ता, समाजसेवी नीरज शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मीरा कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ज्योतिराज गुप्ता गुप्ता द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अशोकुमार पांडेय का अभिनन्दन किया गया। असुख पांडे ने सुशील मोदीजी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनको भारत बिहार का निर्माण में मुख्य भूमिका रहने की बात कही ।इस अवसर पर ज्योतिराज गुप्ता ने बताया भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ साथ सबके कल्याण में विश्वास रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सभी नागरिकों को बेहतर चिकित्सा मिल सके। इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाया ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति को अच्छा-से अच्छा इलाज मिल सके। 70 वर्ष से ऊपर सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है सभी लोग जाकर बनवा सकते हैं। साथ ही नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष मंटू गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री वहां महिला मोर्चा प्रभारी अनुराधा शर्मा, महामंत्री पूनम देवी, उपाध्यक्ष मीरा कुशवाहा, मितु गुप्ता, रेणु गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमृता शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी प्रेरणा तिवाड़ी, मंत्री संध्या सर्राफ, संगीता मिश्रा, मीता कुमारी, प्रिया गुप्ता, आशा देवी, संगीत देवी, रीता देवी, गीता देवी, नीतू जायसवाल, चंपा देवी, नीता कुमारी, रीता देवी, कविता कुशवाहा एवं सीमा देव उपस्थित थी।

# जयंती पर याद किए गए सारण के वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत गुड्डू राय

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। सारण जिले के वरिष्ठ पत्रकार और संजीवनी समाचार के संस्थापक दिवंगत गुड्डू राय की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव, रिविलगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7, शमशुद्दीनपुर में मनाई गई। इस अवसर पर उनके परिवार और चाहने वालों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके परम मित्र और रिविलगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा पत्रकार मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू ने स्व. गुड्डू राय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वह ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति थे। उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने मेहनत और ईमानदारी के बल पर खुद को ऊंचाई तक पहुंचाया। मुकेश कुमार ने कहा, गुड्डू राय जी न केवल मेरे मित्र थे, बल्कि मेरे मार्गदर्शक भी थे। उन्होंने हमेशा ईमानदारी और कठिन परिश्रम की प्रेरणा दी। उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद दुःखद था।

उन्होंने आगे कहा कि स्व. गुड्डू राय का बनाया हुआ संजीवनी समाचार उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों और चाहने वालों ने स्व. गुड्डू राय की याद में नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया के माध्यम से भी उनके प्रशंसकों और शुभचिंतकों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू, पिता कन्हैया राय, माँ सिंधिया देवी, अनुज गणपत आर्यन, पिंटू राय, सुनील कुमार, धनपत कुमार, राजेंद्र राय, कामेश्वर राय, सोनू कुमार, और आशीष रंजन समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

स्व. गुड्डू राय की जयंती पर उनका जीवन और योगदान स्मरण करते हुए उपस्थित सभी ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ गाड़ी जब्त किया गया



प्रातः किरण, संवाददाता

मकेर( सारण) अंग्रेजी शराब की सैकड़ो बोतल ब्रांडेड कंपनी की अल्कोहल बरामद करने में मकेर पुलिस को सफलता मिली है ।इस बाबत मकेर थाना अध्यक्ष रवि रंजन सिंह ने बताया कि वाहन गस्ती के दरम्यान एक हुंडई क्रेटा सवारी गाड़ी अपने रफ़्तार से जा रही थीं ,पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया लेकिन चालक गाड़ी को फरार्टे से आगे भागता रहा ,जबकि पुलिस भी उस गाड़ी को पीछा करते हुए आगे बढ़ रही थी क्रेटा गाड़ी का चालक गाड़ी को लॉक कर फरार हो गया ।पुलिस ने उक्त गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर थाना लाई जिसमे सैकड़ो बोतलें अंग्रेजी शराब की बोतल थी ,जिसकी मात्रा 470 लीटर थी । पुलिस ने शराब की सूची तैयार कर उक्त वाहन एवम शराब सेवन एवम बिक्री की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई कर रही है ।मालूम हो कि बिहार में शराब बिक्री ,सेवन करना प्रतिबंधित है लेकिन दूसरे राज्यो से लाकर महंगे दम पर बेचने के लिए इसका ब्यवसाय कर रहे हैं ,जो पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया है

# जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती की भव्य तैयारी शुरू,एक जुट व गोलबंद हुए नाई समाज

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में जननायक कपूरी ठाकुर जयंती समारोह को भव्य तरिके से मनाये जाने की तैयारी शुरू हो गई है लिहाजा एकजुट और गोलबंद नाई समाज के कार्यकर्त्ता और नेताओं में कपूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि दिये जाने के बाद जोश और उत्साह का माहौल है।

बताया जा रहा है की आगामी 4 फरवरी को बेतिया गोरखपुर मुख्य सड़क एनएच 727 के समीप चौतरवा चौक स्थित शरणार्थी बंगाली कॉलोनी के कॉमन प्लांट परिसर में समारोह पूर्वक भारतरत्न कपूरी ठाकुर जयंती समारोह धुमधाम से मनाई जायेगी । जिसको लेकर लोग अभी से दिन रात एक कर तैयारियों में जुटे हैं ।खास बात यह है की कपूरी जयंती को यादगार बनाने के लिए चम्पारण नाई समाज द्वारा जिलें में तिरंगा यात्रा निकाला जायेगा । इस सम्बन्ध में पश्चिम चम्पारण नाई समाज के जिला संयोजक विजय रंजन ठाकुर ने बताया की जिला अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नाई समाज के लोगों को जोड़ने, शिक्षा का अलख जगाने के साथ ही समाज के लोगों को जागरूक भी किया जायेगा । तभी तो नाई समाज के कद्दावर वरीय नेता भागवत ठाकुर निराला ने समाज के लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया है ।

बतादें की बिहार में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होनें हैं। ऐसे में जननायक कपूरी ठाकुर जयंती के बहाने नाई समाज की हुंकार और एकजुटता एनडीए को भी मजबूती प्रदान करेगा ।

# राज्य में चल रही है कोल्ड वार पर भारी है विकास वार : सांसद



प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा। बुधवार को एकमा में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारी व समीक्षा स्थल का निरीक्षण करने सांसद पहुंचे । इस दौरान सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एकमा को मिलेगी 130 करोड़ की सौगात के साथ अन्य विकास को मिल सकती है।

नई उड़ान मंगलवार के दिन स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने एकमा में मुख्यमंत्री के आगम केचल रही तैयारी का जायजा लिया इस दौरान सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री मौसम अनुकूल हवाई या सड़क मार्ग से आ सकते हैं ।

प्रदेश में चल रही ठंड के कोल्ड वॉर लेकिन मुख्यमंत्री की विकास वार भारी पड़ रही है इस भीषण ठंड में लगता प्रगति यात्रा के तहत बिहार के हर जिले एवं प्रखंडों व गांव में जाकर घुमकर विकास की गाथा लिख रहे हैं ।वही जदयू के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह जिला उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह पूर्व मंत्री गौतम सिंह सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री की आगमन के लिए चल रही तैयारी का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है ।सड़क के दोनों किनारे खम्भों पर एनडीए के सभी नेताओं का पोस्टर बैनर लगाई गई है ।

विभिन्न जगहों पर तोरण द्वार बनाई गई है। ओर झंडा सभी जगह पर लगाई जा गई है जिससे पूरी तरह से एकमा मुख्यमंत्री का स्वागत के लिए तैयार है । इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह जितेंद्र सिंह विनय सिंह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह अरविंद सिंह पुर्व सरपंच राजकिशोर सिंह शिक्षक शैलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने की सांसद रूडी के कार्यों की प्रशंसा सांसद प्रतिनिधि के प्रति जताया आभार



छपरा कार्यालय ।सारण जिला अंतर्गत नयागांव हसनपुर मे विगत छह साल से विवाद में बंद पड़े ट्रांसफार्मर को सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से ट्रांसफार्मर को आरडीड-ीएस प्रोजेक्ट के तहत ग्यारह हजार लगा तार को ग्रामीणों की मांग पर 14 पोल कवर कॉन्डोक्टर लगा कर लाइन को चालू कराया गया ।ज्ञात हों कि बहुत दिन से ग्रामीणो का ट्रांसफामर चालू करवाने का मांग था जिसको सांसद रूडी ने गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर तार को बदलवाने की बात कही थी जिसके बाद तार बदला गया और मंगलवार को ट्रांसफार्मर चालू कराया गया जिसके बाद वहाँ पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह को भाजपा नेता पंकज यादव और वार्ड सदस्य रवि शर्मा के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने अंग वस्त्र और फुल माला से स्वागत किया तथा सांसद के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर इंजीनियर सचिन कुमार जैई सुजीत कुमार मोनू सिंह महेंद्र राय रामबालक चौरसिया उमेश राय दीपक शर्मा उमेश राय अमरजीत चौरसिया दिलीप सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।उधरसभी लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी ,सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह और बिजली विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# एनडीए गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा, सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल : प्रदेश अध्यक्ष

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा । सारण जिला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकताओं का सम्मेलन आगामी 20 जनवरी को होगा ' जिला कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगी, इस सम्मेलन में गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ता शामिल होंगे ' उक्त बाते जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कही ' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किसानों के लिए अनेको योजनाएं संचालित किए हैं , जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं ' स्थानीय भगवान बाजार स्थित बैंक कॉलोनी में आयोजित सारण जिला किसान प्रकोष्ठ के समीक्षा बैठक में छपरा निवासी अशोक कुमार सिंह को जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव पद का मनोनित पत्र सौपा गया ' इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में मुख्य रूप से 20 जनवरी को होने वाले एनडीए के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई, सम्मेलन में पांचों पार्टी के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे ' जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिला के सभी दस विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी ' इसको लेकर संगठन को मजबूत किया जा रहा है, और सरकार द्वारा आम जनता के लिए किए जा रहे कार्यों को भी जन-जन तक पहुंचा जा रहा है ' जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा से कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है, और उन्होंने उम्मीद जताया कि सारण में सीएम के हाथों बड़ी सौगात दी जाएगी । बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश किसान प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष भोला सिंह, प्रदेश महासचिव रमेश चौरसिया, प्रदेश महासचिव विजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश नारायण,जिला महासचिव ईङ्क प्रभास शंकर,महिला जिला अध्यक्ष कुसुम देवी,सुनील सिंह कुशवाहा,राखी कुशवाहा आदि थे

राधा सिंह तथा जिला महासचिव गणेश सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ' कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रभुनाथ पटेल अध्यक्षता किया ' जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ पटेल ने किया।

# प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन ने शिक्षकों को कपड़े के थैले बांटे



प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित नदी घाटी योजना उच्चतर विद्यालय के शिक्षकों के बीच प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन की तरफ से एमडी मनोज गुप्ता ने कपड़े के थैले का वितरण किया साथ ही शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि आप सब प्लास्टिक या पॉलीथिन का उयोग न करें इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

बतादें की पर्यावरण प्रेमी मनोज गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए मुहिम चलाते हुए लोगों से इस मुहिम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने की अपील भी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने आगे से पोलोथिन न यूज करने की शपथ लेते हुए मनोज गुप्ता के इस मुहिम की सराहना की।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## नपं गड़हनी के बाजार पर मिठाई दुकान में लगा भीषण आग,सारा सामान जलकर राख

गड़हनी(भोजपुर)। थाना क्षेत्र के नया बाजार में स्थित गोकुल स्वीट्स में मंगलवार के सुबह करीब 7 बजे भीषण आग का गोला देख अफरातफरी मच गया।देखेत ही देखते लोगों का हुजूम जुट गई और तरह तरह की अफवाह फैलने लगी। अगलगी की घटना की सूचना उपस्थित लोगों द्वारा स्थानीय थाना व दुकान के मालिक को दिया गया।आनन फानन में थाना में लगी छोटी अग्निशमन गाड़ी पहुंची तबतक दुकान में आग की लपट तेज थी जिस कारण छोटी अग्निशमन फेल साबित हुआ।आरा मुख्यालय से बड़ी अग्निशमन की गाड़ी घटनास्थल पर पहुँची तबतक मिठाई दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।हालांकि अग्निशमन गाड़ी के कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया गया नही तो आग की लपट इतनी तेज थी कि बगल के मार्केट में दर्जनों दुकान जलकर राख हो जाता और करोड़ो का नुकसान होता। दुकानदारों ने सैकड़ो उपस्थित लोगों की मदद से दुकान का सामान दूसरे जगह शिफ्ट किया।

# जिला जज ने एसपी व डीएम के साथ मंडल कारा सासाराम का किया निरीक्षण

## जिला जज व न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों से जाना उनका हाल-चाल

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम। जिला जज अनुज कुमार जैन ने मंगलवार को मंडल कारा सासाराम का निरीक्षण किया। जिला जज एसपी रौशन कुमार, प्रभारी डीएम विजय शर्मा सहित कई न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभी बंदी वार्ड व महिला वार्ड पहुंचे और एक-एक बंदियों से बातचीत की। इस दौरान बंदियों से खासतौर पर जाति, धर्म व सामाजिक स्तर जुड़े भेदभाव के संबंध में बातचीत की। साथ ही बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी ली। बंदियों ने इन सभी विषयों पर किसी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाया। कहा कि यहां किसी प्रकार का भेदभाव सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर नहीं की जाती है। न ही इस मानदंड के अनुसार बैरक ही निर्धारित किया गया है। सभी के लिए समान सुविधाएं लागू है। दरअसल, सामाजिक संस्था सुकन्या बनाम भारत सरकार के मामले (रिट याचिका संख्या 1404/23) में जेलों में जातिगत वर्गीकरण की शिकायत पर अदालत ने सभी जेलों में जांच का आदेश दिया है। इसी आलोक में जिला जज जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान कारा की साफ-सफाई, विधि व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की। कारा अस्पताल का भी निरीक्षण किया। साथ ही जेल अधीक्षक कार्यालय वेश्म में अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने संसीमित बंदियों के बच्चों से भी बातचीत कर उन्हें टॉफी दिया। बजाते बंदियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। औचक निरीक्षण के उपरांत उन्होंने विजिटर बुक में भी जेल की विधि व्यवस्था को लेकर अनुकूल प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि कारा में कहीं गंदगी नहीं मिली। किसी बंदी में हेल्थ से जुड़ी समस्या नहीं पायी गयी। कोई सिरियस मरीज नहीं मिले। इस मौके पर सीजेएम सचिन कुमार, डालसा सचिव राकेश कुमार, जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, भवन निर्माण विभाग के एसडीओ सच्चिदानंद, डॉ. कुमार जनमेजय, जेल उपाधीक्ष केके झा, सहायक अधीक्षक सुरेश प्रसाद, स्नेहा रंजन, गुड्डू गिरी, सिकेश, अरविंद सहित अन्य कारा कर्मी प्रमुख रुप से मौजूद थे।

# नगर कार्यालय में एक साल से धूल फांक रही फॉगिंग मशीन

■ 14 लाख की लागत से खरीदा गया फॉगिंग मशीन दो माह में खराब हो गया इसका मतलब की घटिया किस्म का फॉगिंग मशीन खरीद कर दिखाया गया : नगरवासियों का आरोप

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट नगर के सभी वार्डो की साफ- सफाई व फागिंग की व्यवस्था नगर निगम की जिम्मेदारी है। दवाओं के छिड़काव से लेकर फॉगिंग तक नगर पंचायत करवाता है। वर्तमान में निगम के पास एक फागिंग मशीन है लेकिन नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही के कारण सभी मशीन खराब पड़ी हुई है। जिसके कारण शहर में फॉगिंग नही पा रही है और मच्छरों का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकतर नालियों की स्थिति दयनीय है। कहीं नाले में कचरा जमा होने के कारण पानी का बहाव रुका हुआ है तो कही गंदी नाली के ऊपर ढक्कन तक नहीं होने से दिन प्रतिदिन मच्छरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। नगर के आधे से अधिक वार्ड में गंदगी के अंबार देखी जा रहीं है। अब इसमें खतरनाक मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद भी नपं के अधिकारी फॉगिंग नहीं करवा रहे हैं। जिस वजह से बड़ी संख्या में लोग मलेरिया एवं डेंगू के चपेट में आ रहे हैं। गौरतलब है कि मलेरिया और डेंगू की रोकथाम को लेकर नगर पंचायत को फॉगिंग कराना है।

नगरवासियों का कहना है कि शुरूआती कुछ महीना तक मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग मशीन चलाए गए थे, अब एक वर्षो से बंद है। नगरवासी पिंकू पांडेय से जानकारी ली गई तो बताया कि मच्छरों के ठंढ में प्रकोप बढ़ गया है करीब एक साल से फॉगिंग मशीन खराब है । दिखावा के लिए एक दो माह चला था इसके बाद नगर से फॉगिंग मशीन गायब ही गया जो आज तक नहीं दिखा । कहा कि फॉगिंग मशीन खरीद कर नगर वासियों को शो किया गया अब कहीं आता पता नहीं है । ऐसे में उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने बताया कि लगभग एक सालों से फॉगिंग मशीन खराब है और फॉगिंग संचालक या ड्राइवर का कई महीनों के वेतन भुगतान नहीं किया गया है एवं हमारे पास नगरवासियों का हमेशा शिकायत आता है जिसको देख मैंने कार्यपालक पदाधिकारी को कई बार बताया। लेकिन मशीन ठीक नहीं करवाया गया। ऐसे अधिकारी के रवैया से हमे भी खेद है नगरवासी भी हैरान है कि करीब 14 लाख की लागत से खरीदा गया फॉगिंग मशीन दो माह में खराब हो गया इसका मतलब की घटिया किस्म का फॉगिंग मशीन खरीद कर दिखाया गया । जब मामले में कार्यपालक पदाधिकारी को कॉल किए तो फोन उठाना भी मुनासिब नही समझा। स्वच्छता पदाधिकारी मोइन ने बताया कि फॉगिंग मशीन अभी बनने गया है और कुछ दिनों का समय लगेगा।

## महिला शक्ति ही 2025 में एनडीए सरकार बनायेगी: शोभा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ का भोजपुर जिला संविक्षा बैठक आरा के एक निजी होटल के सभागार में हुई। बैठक में पहुंची लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा सिन्हा को महिला कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।बैठक में संविक्षा के क्रम में कुमारी सिन्हा अपने कार्यकताओं से परिचय करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निर्देश पर बिहार के सभी जिलों में संविक्षा बैठक हो रही है,आप सभी महिला एक जुटता के साथ संगठन का विस्तार करे,चिराग पासवान जी के विजन को घर घर पहुंचावें।नारी शक्ति के बदौलत 2025 में बिहार में एनडीए सरकार बनेगी।आगे उन्होंने बताया कि जीविका,स्वयं सहायता समूह,सामाजिक कार्यकर्ता आदि महिला लोग पार्टी में दिन प्रति दिन जुड़ रही है।जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि भोजपुर जिला में सभी प्रकोष्ठ कार्यरत है।हमरा संगठन दिन रात सभी के सुख दुख में शामिल हो रहा है। सभा को संबोधित करने वालो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष माधुरी कुमारी,प्रदेश सचिव नीता कुशवाहा,कार्यकारी अध्यक्ष बबीता चौधरी,प्रदेश सचिव प्रभा सिन्हा,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव संतोष पासवान,संसदीय बोर्ड कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुशवाहा,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज पासवान,छात्र प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विकाश सिंह जिला मीडिया प्रभारी संजू पासवान,प्रकाश कुमार, एकमा देवी, झारो देवी,कल्याणी मिश्रा,गीता देवी,सुनैना देवी,फूलकुमारी देवी आदि सैकड़ों मिला उपस्थित थी

## पुलिस उपाधीक्षक साइबर सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया विभिन्न थानों का निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पुलिस उपाधीक्षक साइबर सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीरो द्वारा इमादपुर थाना का विधिवत निरीक्षण किया गया।इस दौरान कांडों के निष्पादन, कुर्की-जब्ती, वारंटों के निस्तारण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, सघन रात्रि गश्त, और थाना परिसर के रख-रखाव की समीक्षा की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए, सभी प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पहल की तरफ से कपड़ा दान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

■ महादलित बस्ती धरहरा, बिहिया में हुआ 'वस्त्रदान का कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज , आरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पहल की तरफ से कपड़ा दान कार्यक्रम का आयोजन महादलित बस्ती धरहरा, बिहिया में हुआ ' वस्त्रदान कार्यक्रम पहल में जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के छात्रों ने मुख्य भूमिका निभाते हुए सैकड़ों कपड़ों की व्यवस्था की ' एकेडमिक हेड, सिद्ध विजय जैन ने कहा कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज हमेशा समाज के वंचित वर्ग के जरुरत को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है ' वस्त्रदान कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ तुषार आर्य ने समाज के प्रति छात्रों की जिम्मेदारी को लेकर जागरूक किया और कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के लिए इस कार्यक्रम को किया गया है ।

चेयरमैन डॉ आदित्य विजय जैन ने बताया कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज निरन्तर छात्रों के साथ समाज के भी समग्र विकास के लिए अग्रसर रहता है 'इस कार्यक्रम मे टइअ, इइअ और इउअ के छात्रों ने भाग लिया' इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कॉलेज के चेयरमैन आदित्य विजय जैन, एकेडमिक हेड सिद्ध विजय जैन, अरिहंत विजय जैन, प्रधानाचार्य - डॉ प्रोफेसर तुषार आर्य, प्रोफेसर नीरज कुमार, डॉ सावित्री तिवारी, ओम कुमार झा, प्रोफेसर निशा कुमारी, सौरव कुमार, अरुण मिश्रा, राहुल आनंद, रंजन मिश्रा, प्रीति पांडे सहित अनेक प्रोफेसर एवं सैकड़ों छात्र शामिल थे !

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के वार्ड अध्यक्ष संदीप कुमार ने मरीज को ब्लड दे कर बचाई जान

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा सदर अस्पताल में हम पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें अचानक से एक मरीज को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी मिलना मुश्किल हो रहा था तो हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के वार्ड अध्यक्ष 20 नंबर वार्ड के संदीप कुमार ने मरीज को ब्लड देकर बचाई जान जिससे उसे मरीज का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से० के सिपाही कल्याण का कार्यों के लिए जाने जाते हैं गरीबों के लिए तत्पर रहते हैं निरीक्षण के दौरान प्रखंड अध्यक्ष आरा शक्ति कुमार और जिला कार्यकारिणी के एवं प्रखंड आरा कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद थे।

### भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने किया परेड का निरीक्षण

आरा। न्यू पुलिस केंद्र, भोजपुर(आरा) में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक ,भोजपुर के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया एवं पुलिस कर्मियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### पुलिस को देख भाग रहे कुख्यात अपराधी को हथियार के साथ किया गया गिरफ्तार

आरा,। गुप्त सूचना के आधार पर डी०आई०यू० टीम, थानाध्यक्ष नगर एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा बल के द्वारा 01 मैग्जीन, 02 कारतूस एवं 02 मोबाईल के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया इस संबंध में आरा नगर थाना कांड सं0-16/25 दि०-06.01.25 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पत्ता :-मन्दु कहार उर्फ मन्दु समीर पे० गणेश प्रसाद, सा०-आनन्द नगर, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर। पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

### नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में रोहतास से पीयूष राज का चयन

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन द्वारा जूनियर बॉय 50 वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप की सूची जारी कर दिया गया। जिसमें रोहतास से पीयूष राज को चयनित किया गया है। बताते चलें कि बिक्रमगंज निवासी वरीय पत्रकार दिनेश कुमार गृहणी माता स्वाति सिंह के पुत्र हैं पीयूष राज। इनका स्कूलिंग प्रज्ञापुंज पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज में हुआ है। खेल के प्रति रुचि जगने पर पिता ने कबड्डी ट्रेनिंग पाटलिपुत्र क्लब पटना एवं प्रदीप नरवाल कबड्डी अकादमी गुरुग्राम हरियाणा से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात इनका चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

## नई शुरूआत: बच्चों को मिला व्हाइट बोर्ड और बैडमिंटन



प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू(रोहतास)। चंदनपुर और बहेरा की निःशुल्क पाठशालाओं में आज एक नई पहल की गई। बच्चों की बेहतर पढ़ाई और खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए व्हाइट बोर्ड और बैडमिंटन प्रदान किया गया। यह कदम न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सहूलियत प्रदान करेगा, बल्कि ठंड के मौसम में खेल-कूद के माध्यम से उनकी शारीरिक सक्रियता भी बनाए रखेगा।इस कार्य में बसडीहा पाठशाला के संचालक सत्येंद्र राम का सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने इस पहल को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। चिंटू गुप्ता चंदनपुरा उपमुखिया और मिथलेश विश्वकर्मा जी आपको बहुत बहुत धन्यवाद।यह प्रयास शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास के लिए एक प्रेरणादायक कदम है। निःशुल्क पाठशालाओं के संचालन और इस तरह की सुविधाओं के लिए स्थानीय समाज की भागीदारी और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपका सहयोग इन बच्चों के मुस्कान का कारण बन सकता है।

## दुर्गा राज भारतीय जनता पार्टी भोजपुर का दोबारा जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बामपाली मे पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जी के जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह,जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह,विधान पार्षद जीवन कुमार,जिला चुनाव प्रभारी रूप नारायण मेहता, क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट, जिला प्रभारी संजय कुशवाहा, भाजपा नेता संजय टाईगर, मिथलेश कुशवाहा, कौशल विद्यार्थी, प्रेम रंजन चतुर्वेदी सहित नेतागण और कार्यकताओं ने सुशील मोदी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया ।मंच पर आसीन नेताओ ने श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।श्रद्धांजलि सभा के बाद संगठन महापर्व का अति महत्वपूर्ण बैठक हुआ।कार्यक्रम का संचालन ई.धीरेन्द्र सिंह ने किया। संगठन महापर्व बैठक में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह चुनाव प्रवेक्षक के रूप मे बैठक मे शामिल हुए। जिला चुनाव प्रभारी रुप नारायण मेहता के अनुशंसा से चुनाव पर्यवेक्षक बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह ने सर्वसम्मति से नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के रूप मे दुर्गा राज को दोबारा दायित्व दिया गया। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही सभा मे उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं में दुर्गा राज को बधाई देने के लिए होड़ मच गया। बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष के रूप मे दोबारा दुर्गा राज के बनने पर सभी मंडल अध्यक्ष और जिला के कार्यकताओ को धन्यवाद देते हुए जिलाध्यक्ष को माला और अंगवस्त्र पहना कर बधाई दी।जिला भर के नेताओ ओर कार्यकताओ ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम मे प्रदेश नेतागण,जिला के पदाधिकारीगण,मंडल अध्यक्ष पदाधिकारीगण और सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मो.रफी के जन्म शताब्दी पर सौ साल पहले..कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आरा। हरदिल अजीज गायक मो.रफी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में नागरी प्रचारिणी सभागार में प्रेम का सुसाज संस्था के बैनर तले सौ साल पहले...कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आरा, बक्सर और डाल्टेनगंज, झारखंड के कलाकारों ने मो.रफी और उनके साथ गाए गायक-गायिकाओं के 100 गानों को प्रस्तुत किया। साथ ही मो.रफी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित सवालों के जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गायक धर्मेन्द्र कुमार, शिक्षक रमेश कुमार, गायक मो. रफी, राजकुमार, गायिका सुनीता पांडेय और संगीत प्रेमी इकबाल इल्मी ने दीप जलाकर और मो.रफी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। तदोपरांत धर्मेन्द्र कुमार और रजनी शाक्या ने सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था...गीत को गाकर कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। तदोपरांत राजाराम शर्मा ने नाचे मन मोरा मग्न..., डा.अमित जयसवाल ने तू कहां ये बता ये बता इस नशीली रात में..., मो.नौशाद ने एक न एक दिन कहानी...., सबीना अंसारी ने ऐ फूलों की रानी बहारों की मलिका...., कुमार अनुपम ने ये चांद सा रोशन चेहरा...., मो.रफी ने खुदा भी आसमां से जब जमीं..., अलका शरण ने न झटको जुल्फ से पानी..., अंबे शरण ने बाबुल की दुआएं लेती जा..., सृष्टि ने मधुबन में राधिका नाचे रे...गीत को प्रस्तुतु क्रिया। वहीं राजकुमार व आरती मौर्या ने छुप गए सारे नजारे ओय य क्या बात....रमेश कुमार व सृष्टि ने झि लमिल सितारों का आंगन होगा..., धर्मेन्द्र कुमार व संजना सिह ने बेखुदी में सनम उठ गए..., शमशाद प्रेम व सरगम ने साथियां नहीं जाना कि दिल न लगे..., नवीन कुमार व सुनीता पांडेय ये परदा हटा दो ये मुखड़ा दिखा दो..., रमेश कुमार व मो. नौशाद ने सात अजूबे।

# रेड क्रॉस भोजपुर जिला इकाई के द्वारा किया गया कंबल वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। रेड क्रॉस भोजपुर जिला इकाई ठंड के मौसम में उन लाचार और कमजोर लोगों के सहयोग में कंबल वितरित कर पीड़ित मानवता की सेवा में सहयोगी बनकर खड़ा है। खराब मौसम को देखकर रोड पर रिक्शा चालक ,ठेला चालको को बुलाकर अपनी सेवा की प्रतिबद्धता को दुहराया।रेड क्रॉस की सचिव डॉक्टर विभा कुमारी लगातार सेवा का विशाल पेश करते रही है।आज साठ कंबल का वितरण रेड क्रॉस कार्यालय के सामने रोड पर किया गया। इनके साथ सहयोग करने वालों में पूर्व वाइस चेयरमैन डॉक्टर निर्मल कुमार सिंह, पूर्व सचिव डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंहा के साथ-साथ रेड क्रॉस के अमोद कुमार ,मनोज साह,राजू कुमार सिंह विकास कुमार आदि की उपस्थिति में हुआ। सचिव डा विभा कुमारी ने बताया की कंबल का संग्रह और वितरण साथ-साथ चल रहा है

## धान की खरीदारी नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने किया चक्का जाम

प्रातः किरण संवाददाता

कोचस / रोहतास -पैक्स के द्वारा धान की क्रय दूसरे पैक्स केंद्र से करवाने को लेकर मंगलवार को रेड़िया पंचायत के किसानों ने आरा मोहनियां एनएच को जाम कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। किसानों ने एकजुट होकर एनएच को जाम कर बीसीओ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। जिससे आमजन अस्त-व्यस्त दिखा । रेड़िया पंचायत में समिति का गठन नहीं होने के कारण अन्य पंचायत में धान क्रय करने को लेकर किसानों ने मुदार्बाद के नारे लगाए। किसान महेंद्र सिंह ने बताया कि जिला सहकारिता पदाधिकारी को एक आवेदन पत्र दिया गया था जिसमें रेड़िया पंचायत के पैक्स केंद्र को कपसिया पंचायत से टैग कर दिया गया। जिसका आवेदन की प्रति किसानों को जानकारी दी गई।

वहीं पुनः किसानों को यह जानकारी दी गई कि रेड़िया पंचायत को कंजर पंचायत से टैग कर दिया गया है। जिससे हम सभी किसानों में आक्रोश है।

उन्होंने बताया कि अगर हम सभी किसान कपसिया पंचायत के पैक्स केंद्र के टैग होने से पूरी तरह सहमत हैं तो बीसीओ के मिली भगत से कंजर पैक्स से क्यूं टैग किया गया। इस फैसले से हम सभी किसान नाखुश हैं। इस फैसले को माननीय पदाधिकारियों को बदलना होगा नहीं तो हम सभी किसान धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे।

वहीं कंजर पंचायत के पैक्स केंद्र का विरोध करते हुए बनारसी चौधरी ने कहा कि हम लोग दिनारा, बिक्रमगंज, कुदरा, भभुआ कही पर भी धान बेच देंगे परंतु कंजर पैक्स में धान नहीं देंगे इसके लिए हमलोग भले अपना धान कही बिक्री नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम किसानों को जहां सहूलियत होगी वहीं धान देंगे। अधिकारियों की मनमानी से बाध्य होकर हम धान कंजर पंचायत में नहीं देंगे। इस दौरान सभी किसानों ने बीसीओ व बीडीओ के मुदार्बाद के नारे लगाते रहे। कड़कड़ाती ठंड से एनएच के दोनों तरफ जाम हो गया। मौके पर रमेश सिंह , कृष्णनंदन सिंह,मोहन सिंह, सिकंदर सिंह, अनिल कुमार सिंह, बनारसी चौधरी, बहादुर चौधरी, भिखम पासवान, प्रेमचंद यादव, महेन्द्र सिंह, राजेश चौधरी, तेज नारायण चौधरी,विगु सिंह, विजय सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, रामसेवक सिंह, मनोज सिंह , गुड्डू सिंह, प्रेमचंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड में लक्ष्मण-परशुराम संवाद एवं श्रीराम-जानकी विवाह में उमड़े श्रद्धालु

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत धारूपुर वार्ड संख्या 20 में अवस्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला का आयोजन किया गया है । यह आयोजन हिंदू संस्कृति एवं गौ रक्षा हेतु गौ माता के लिए समर्पित भारत के प्रसिद्ध श्री धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी(बनारस) के प्रसिद्ध 25 कलाकारों द्वारा रामलीला आयोजित की जा रही है ।

इसकी जानकारी देते हुए रामलीला मंडल काशी बनारस के व्यास मिथलेश व्यास जी एवं संचालक कौशल कुमार ने बताया कि नगर के धारूपुर वार्ड संख्या 20 में अवस्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है ।

जिस कार्यक्रम में श्री राम प्रभु के रूप में पवन कुमार, लक्ष्मण के रूप में सुनील कुमार,माता जानकी के रूप में त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा,भगवान परशुराम के रूप में संचालक कौशल कुमार सहित अन्य कलाकारों ने अपनी-अपनी कला- कौशल को दिखाया । रामलीला मंडल के व्यास ने बताया कि सोमवार को चौथे दिन के रात्रि में रामलीला के आयोजन में लक्ष्मण-परशुराम संवाद एवं श्रीराम-जानकी विवाह का प्रसंग दिखाया गया ।

जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष के साथ- साथ छोटे-छोटे बच्चे एवं वृद्ध लोगों की काफी भीड़ देखी गई । कार्यक्रम के दौरान श्रीराम जानकी के विवाह समय ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो इस धरा धाम पर साक्षात बैकुंठ से चलकर भगवान प्रभु श्रीराम अपने समस्त परिवार के साथ माता जानकी के निज धाम जनकपुर में पधारे हुए हैं । उक्त कार्यक्रम के दौरान श्रीराम- जानकी विवाह के समय सभा स्थल पर विद्यमान सभी श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा के अनुसार चढ़ावा चढ़ाया गया ।

कार्यक्रम में रामलीला मंडल के अन्य कलाकारों में शिवांश मिश्रा,संगम मिश्रा,संतोष,मनोज कुमार,छोटू बावन ा,सतानंद,हिंछलाल,जगजीवन लाल ने अपनी-अपनी कला-कौशल को दिखाया । सभी कलाकारों के कला-कौशल को देखकर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोग भाव-विभोर हो गए । मौके पर नगर परिषद बिक्रमगंज के सभापति मनोरंजन सिंह, मनोज कुमार सिंह,चुल्लू तिवारी,अखिलेश सिंह,रघुवंश सिंह, बिंदु सिंह,बबन सिंह सहित हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## ठंड के बावजूद शिक्षा का अलाव:

### तिलौथू के बच्चों ने संवाद के साथ सीखी नई बातें

तिलौथू रोहतास। बढ़ती ठंड के चलते सभी प्राइमरी स्कूल और कोचिंग संस्थान बंद कर दिए गए हैं, लेकिन शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से तिलौथू के निःशुल्क पाठशाला के बच्चों ने ठंड में भी अनूठी पहल की। पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड के कारण बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है, लेकिन इसके बावजूद बच्चों ने अलाव जलाकर शिक्षा संवाद का आयोजन किया।अलाव के पास बैठकर बच्चों ने खेल-खेल में ज्ञानवर्धक विषयों पर चर्चा की और एक-दूसरे से संवाद के माध्यम से सीखने का प्रयास किया। इस कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर बातचीत की, जिसमें कहानी, कविता और गीतों की प्रस्तुति भी शामिल रही।सत्यानंद कुमार ने बताया कि ठंड के बावजूद बच्चों के सीखने के उत्साह को बनाए रखने के लिए इस तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। बच्चों ने शिक्षा के प्रति अपनी रुचि दिखाते हुए न केवल संवाद के माध्यम से नए विचारों को सीखा, बल्कि आपसी सहयोग और सौहार्द का संदेश भी दिया।इस आयोजन ने न केवल बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को जारी रखा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा दिया। निःशुल्क पाठशाला तिलौथू की यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# धर्मेन्द्र तिवारी दोबारा बनाए गए अरवल भाजपा के जिलाध्यक्ष

## मंत्री सह वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया। भाजपा जिला इकाई द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में संगठन महापर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पार्टी के वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सह वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं संगठन चुनाव प्रभारी आशुतोष शंकर सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. रामकिशोर सिंह ने सामूहिक रूप से पंडित दिन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम को शुभारंभ किया। भाजपा जिला कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित संगठन पर्व समारोह में पूरी प्रक्रिया के तहत सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल समिति, जिला कोर कमेटी, पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, निवर्तमान जिला एवं मंडल अध्यक्ष के मौजूदगी में सर्वसम्मति से संगठन चुनाव अधिकारी प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष शंकर सिंह के द्वारा संगठन पर्व चुनाव के तहत जिला अध्यक्ष के लिए धर्मेन्द्र तिवारी के नाम का निर्विरोध उन्हें पुनः पार्टी का अध्यक्ष घोषित किया गया। वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर धर्मेन्द्र तिवारी को बधाई दी। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि धर्मेन्द्र तिवारी का पिछला कार्यकाल काफी शानदार व उपलब्धियों से भरा हुआ रहा। उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए पार्टी ने उन्हें दुबारा जिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी दी है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के कुशल नेतृत्व में पार्टी नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और कार्यकर्ता संगठन के रीढ हैं। 2025 के विधानसभा में एनडीए द्वारा 225 सीट जीतने का संकल्प लिया गया है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को अभी से 2025 की लक्ष्य को पूरा करने की तैयारी में लग जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत ही एनडीए ने 225 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तथा तीसरी बार केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। 10 वर्षों में भारत के हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। दुनियां के विभिन्न देशों पीएम नरेंद्र मोदी को लोहा माना जा रहा है। भारत के लिए स्वर्णिम काल है। किसानों के लिए भारत सरकार एकदम तत्परता से कार्य कर रही है। आजादी के बाद भारत पहली राज्य है जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के साथ कई अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की हर सुविधा दी जा रही है। उन्होंने महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन के पास न नीति है और न नियत है। केवल जात पात के नाम पर महागठबंधन राजनीति कर रही है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का परिश्रम और अथक प्रयास ने संघर्ष और मेहनत से आज बिहार बदला है और पूरे राज्य में अमन, चैन और शान्ति कायम है। उन्होंने व्यवसायी समाज से अपील की कि पूर्व के सरकार के कार्यकाल में हुए अपराधिक घटनाओं को याद रखें। विकसित बिहार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बनाने के लिए कार्य करने की जरूरत है। वहीं संगठन चुनाव अधिकारी अशुतोष शंकर सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा को अरवल में इस कदर मजबूत बनाना है कि 2025 में भारतीय जनता पार्टी का कमल फूल अरवल में खिले और पूर्ण बहुमत की एनडीए की सरकार बिहार में पुनः बने जिसमें अरवल की भूमिका भी रहे, वक्ता पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. राम किशोर सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस कर तैयारी में जुट जाना है। इस मौके पर संगठन सह चुनाव अधिकारी राम विनय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम सुन्दर शर्मा, ज्योति रंजन, अजय पासवान, प्रदेश प्रेस पैनलिस्ट सचिदानंद पीयूष, जिला महामंत्री रामाशीष दास, जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार, आनन्द चंद्रवंशी, सविता शर्मा, शशिभूषण भट्ट, पूर्व प्रमुख ई. संजय कुमार, कोशी प्रमंडल सह प्रभारी सत्येन्द्र राय, सभी मंडल अध्यक्ष थे।

# देश का भविष्य, युवा देश का गति :डॉक्टर प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान में भारत युवाओं का देश है। युवा पीढ़ी देश के भविष्य को तय कर रहे हैं। भारत के विकास को गति हमारे युवा दे रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर देश के प्रधानमंत्री मोदी ने कई प्रकार की योजनाएं युवाओं के लिए चालू की है, ताकि युवाओं के बल पर विकसित भारत का सपना पूरा हो सके। सुंदर व सुनहरा भारत का सपना पूरा हो सके। युवाओं के बल पर देश का कल सुनहरा हो सके। देश को भी युवाओं से काफी अपेक्षाएं हैं। युवाओं के हुनर, युवाओं के कौशल ,युवाओं की कुशाग्र बुद्धि, युवाओं के असिमित बल एवं साहस से सुंदर बनेगा भारत का कल। आप युवाओं का एक-एक पल से विकसित भारत का सपना होगा पूरा। युवा जब जोर लगाता है, पत्थर भी पानी बन जाता है।पहाड़ों का सीना चीरने वाले,समुद्र की गहराई नापने वाले और अनंत गगन में ऊंची उड़ान भरने वाले असीमित बल व साहस अगर किसी में है तो वो हैं हमारे युवा है। पीएम मोदी ने स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत 50 लाख रुपए तक युवाओं को लोन दे रही है।

विश्वकर्म योजना में प्रशिक्षण एवं दैनिक प्रशिक्षण भत्ता, टूल किड्स एवं 3,00,000 तक का लोन दे रही है। पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने कई योजनाएं चलाई है।जिसमें प्रमुख रूप से है पीएम रोजगार योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, पीएम मुद्र लोन योजना, पीएम वाणी योजना।राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 26 तक के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने 2710.65 करोड रुपए का बजट का आवंटन किया है।युवाओं के खेल विकास,युवाओं के कौशल विकास,युवाओं के रोजगार केंद्र एवं नौकरी के द्वार मोदी सरकार ने खोल दिए हैं। अब तक 17 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री मोदी जी ने नौकरी की नियुक्ति पत्र बांट चुके हैं।

देश में पीएम मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है।देश की स्वक्षता कार्यक्रम में 98 लाख से अधिक युवा स्वयंसेवक ने 1.14 करोड़ किलोग्राम से अधिक कचरा की सफाई की है। देश के युवाओं के भविष्य की मैं मंगल कामना करता हूं। अपने लिए तो हर प्राणी जी रहे हैं। आप देश के लिए जिए यही हमारी कामना है।पीएम मोदी जी के सपनो को पूरा करने के लिए आप युवा मोर्चा जुट जाएं,देश के दुश्मन को परास्त करें।हैट्रिक मोदी सरकार बनाई है आपने,विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है भारत को।केंद्र की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं। हर मतदाता के घर पर दस्तक दे। आप सभी कर्मयोगी,देवदुर्लभ युवाओं से यही अपेक्षा है हमारी है।

# डीएम ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत नियुक्ति पत्र दिया

प्रातः किरण संवाददाता



करपी। थाना क्षेत्र के गद्दोपुर निवासी स्व० रंजीत कुमार दास पिता राम एकबाल राम को 28.11.2022 की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। इनकी मृत्योपरांत इनके निकटतम आश्रिता मो० शीला देवी को तत्काल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत अनुदान की राशि उपलब्ध कराई गई थी। स्व० रंजीत कुमार दास अपने परिवार में अकेले कमाउ सदस्य थे। इनके परिवार का भरण-पोषण हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी अरवल द्वारा आश्रितों को जीवन-यापन हेतु नौकरी प्रदान किये जाने निमित आवेदन पत्र जिला अनुकंपा चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्राप्त आवेदन पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अन्तर्गत जिला अनुकंपा चयन समिति द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आश्रिता मो० शीला देवी को समूह घ (कार्यालय परिचारी) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा किया गया।

पीड़िता मो० शीला देवी को 07.01.2025 को जिलाधिकारी कुमार गौरव द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत अरवल जिला में यह पहला मामला है, जिसे जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के निदेश पर विभागीय नियमानुसार पीड़िता को सरकारी सेवा में नियुक्त किया गया है।

# वैश्य रत्न ललन बाबू के हाता में दहेज रहित सामूहिक विवाह 3 फरवरी को

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के वैश्य रत्न ललन बाबू के आवास पर राम प्रज्ञा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई श्रीराम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यों ने आगामी 3 फरवरी को दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह के आयोजन की तैयारी पर चर्चा की। तैयारी के संदर्भ में बताया गया कि 3 फरवरी को होने वाली सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया चालू है।यह कार्यक्रम 3 फरवरी को आयोजित किया जाएगा लड़कों के ठहराव के लिए स्टेशन पर रमेश लॉज को ठीक किया गया है वहीं वधू पक्ष के ठहराव के लिए ललन बाबू के हाता में व्यवस्था की गई है।उस दिन भव्य एवं दिव्य माहौल में इस कार्यक्रम को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा।आज के बैठक में उपाध्यक्ष विक्की अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गुप्ता उर्फ बबलू, उपसचिव प्रवीण अग्रवाल,सह कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार गुप्ता,आयोजन समिति के सदस्य गौरव वर्मा मनीष शौंडिक,संतोष कुमार गुप्ता,पिंटू शौंडिक, सुमन कुमार,लक्ष्य कुमार,राम पुकार ओझा,दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्तमान परिवेश में जिस तरह से सामाजिक परिवर्तन की ओर पूरा मुहिम चल पड़ा है उस दौर में इस तरह के कार्यक्रम को यदि बढ़ावा दिया जाए।

# मुख्य सचिव ने की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), जिला सहकारिता पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (लघु सिंचाई प्रमंडल), जिला पंचायती राज पदाधिकारी, निदेशक (डीआरडीए), कार्यपालक अभियंता (सोन नहर प्रमंडल, आरा) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मुख्यतः कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग और पंचायती राज विभाग आदि द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समय पर पूर्ण किया जाए।

# भोजपुर डीएम ने की पटना-आरा-सासाराम फोरलेन व आरा-बबुरा रोड, का पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के पथ की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया(भा.प्र.से) के द्वारा एनएच 119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन, आरा-बबुरा रोड, पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के पथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एनएचएआई की पटना इकाई को तेरह मौजों का प्राक्कलन स्वीकृत करने, बाल आलेखन से प्रभावित संरचनाओं की सूची उपलब्ध कराने, एवं उदवंतनगर अंचल के दो मौजों (असनी एवं एडौरा) का 3अ प्रारूप प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस परियोजना के पैकेज-1 के अंतर्गत चरपोखरी एवं गड़हनी मौजों के हितधारक रैयतों को कैंप के माध्यम से मुआवजा प्राप्त करने हेतु नोटिस तामील कराने का निर्देश संबंधित अंचल अधिकारी एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दिया गया।समाहर्ता ने निर्देश दिया कि 31 जनवरी 2025 तक वैसे सभी मौजों, जिनका प्राक्कलन स्वीकृत है, उसका मूल्यांकन पंजी तैयार किया जाए एवं हितधारक रैयतों को नोटिस निर्गत किया जाए। परियोजना निदेशक, एनएचएआई सासाराम इकाई को यह निर्देश दिया गया कि अंचल अधिकारी (गढ़हनी, तरारी, चरपोखरी) एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर एनएच 119ए परियोजना के मार्ग संलेखन में पिलरिंग कार्य के लिए कार्य योजना तैयार कर अविलंब प्रस्तुत करें ताकि इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश समय पर दिए जा सकें। साथ ही, आरा-बबुरा रोड में जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग,आरा को दिया गया। तथा इससे संबंधित प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, आरा शहर के चारों तरफ रिंग रोड बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को जिले अंतर्गत लंबित सड़को के निर्माण के लिए भू अर्जन हेतु विधिवत अधियाचना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।इस बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (एनएचएआई पटना एवं सासाराम), अनुमंडल पदाधिकारी (सदर आरा, जगदीशपुर, पीरो), खनिज विकास पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शिबीर आयोजित कर थानाध्यक्ष ने गरीब असहायों के बीच किया कंबल का वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को शिविर आयोजित कर गरीब असहाय वर्ग के लोगों के बीच थानाध्यक्ष के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में गरीब असहाय वर्ग के लोगों की सेवा ही सच्चा धर्म है इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है इसी उद्देश्य के तहत थाना परिसर में कंबल का वितरण किया गया उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से थाना क्षेत्र के गरीब वर्गों के सहायता हेतु कंबल वितरण की गई वहीं उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के चौक चौराहा बस स्टैंड समेत स्लम बस्तियों में जहां ठंड के वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त है वैसे-वैसे लोगों को कंबल दी गई इस मौके पर थाना अध्यक्ष के अलावे एसआई तरुण कुमार, पीएसआई रिंकू कुमारी, स्मिता उपाध्याय, चंद्रदेव महतो समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# राजद सांसद जिस उत्तर कोयल नहर का जीर्णोद्धार करेंग वह भाजपा की देन है:प्रभारी

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुझे सोशल मीडिया और विभिन्न जगह पर लगे बैनर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुआ कि 11 जनवरी 2025 शनिवार को मदनपुर के ग्राम आजन के खेल मैदान में राजद सांसद अभय कुशवाहा के द्वारा उत्तर कोयल नहर का जीर्णोद्धार शुभारंभ का कार्यक्रम रखा गया है। मैं यह बताना चाहता हुँ कि आप जिस कार्य का शुभारंभ करने जा रहे है यह कार्य औरंगाबाद के तत्कालीन भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह के अथक प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देन है कि यह कार्य पूरा होने के कगार पर है।उत्तर कोयल नहर सिंचाई परियोजना नहर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ तत्कालीन सांसद सुशील कुमार सिंह के द्वारा 28 नवम्बर 2023 को ढूंढा अम्बा में किया गया था और फिर उसी कार्य का शुभारंभ वर्तमान सांसद अभय कुशवाहा के द्वारा किया जा रहा है।आपको बता दे कि कुटकु डैम का डूब क्षेत्र में आने वाली भूमि टाइगर प्रोजेक्ट का भूभाग में पड़ रहा था उस समय के यूपीए सरकार के उदासीनता के वजह से 2007 से लेकर 2013 तक उक्त सिंचाई परियोजना मृतप्राय हो गई।

# गया-कोयंबत्तूर स्पेशल अब चलेगी धनबाद जंक्शन से

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधाजनक आवागमन के मद्देनजर प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर- वरंगल-विजयवाड़ा-काटपाडी-सेलम के रास्ते गया और कोयंबत्तूर के मध्य स्पेशल ट्रेन गाड़ी सं. 03679/03680 गया-कोयंबत्तूर-गया साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन दिनांक 04.01.2025 से अगले आदेश तक किया जा रहा है।

गया जं. पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मद्देजनजर अब इस स्पेशल ट्रेन का टर्मिनल चेंज करते हुए इसे अगले आदेश तक गया के स्थान पर धनबाद जं. से चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन का गया और कोयंबत्तूर के मध्य ठहराव एवं समय पूर्ववत रहेगा। गया और धनबाद के मध्य इस ट्रेन का ठहराव एवं समय का विवरण निम्नानुसार है -

अब धनबाद से गाड़ी सं. 03679 धनबाद-कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन दिनांक 18.01.2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक शनिवार को (दिनांक 25.01.2025, 01.02.2025 एवं 08.02.2025 को छोड़कर) तथा कोयबंत्तुर से गाड़ी सं. 03680 कोयंबत्तूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन दिनांक 21.01.2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक मंगलवार को (दिनांक 28.01.2025, 04.02.2025 एवं 11.02.2025 को छोड़कर) किया जाएगा।

दिनांक 18.01.2025 से गाड़ी सं. 03679 धनबाद-कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल धनबाद से प्रत्येक शनिवार को 16.10 बजे खुलकर 16.40 बजे नेसुब गोमो, 17.00 बजे पारसनाथ, 17.23 बजे हजारीबाग रोड, 18.02 बजे कोडरमा रुकते हुए 19.30 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से यह 19.35 बजे कोयंबत्तुर के लिए प्रस्थान करेगी।

इसी तरह दिनांक 21.01.2025 से कोयबंत्तुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 03680 कोयंबत्तूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल कोयंबत्तुर से प्रत्येक मंगलवार को 07.50 बजे खुलकर गुरूवार को 08.55 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से यह 09.00 बजे खुलकर 10.25 बजे कोडरमा, 11.00 बजे हजारीबाग रोड, 11.18 बजे पारसनाथ, 11.48 बजे नेसुब गोमो रुकते हुए 13.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

इसके साथ ही इस स्पेशल का डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी सं. 03679 धनबाद-कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल 20.40 बजे डेहरी ऑन सोन रुकते हुए 20.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी सं. 03680 कोयंबत्तूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल 06.48 बजे डेहरी ऑन सोन रुकते हुए 06.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भागलपुर में किया नई शाखा का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर। एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भागलपुर में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। यह विस्तार भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में निवेशकों के लिए सुलभ निवेश समाधान प्रदान करने और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है।

नई शाखा एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, अंगार कॉम्प्लेक्स, पटेल बाबू रोड में स्थित है। उद्घाटन समारोह में एक्सिस एमएफ के आरआरबीएच, ईस्ट और साउथ के संतोष सिंह ने भाग लिया। यह नई शाखा कई तरह की आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगी, जिसमें नए आवेदनों की स्वीकृति और प्रसंस्करण, केवाईसी, खातों का विवरण और बहुत कुछ शामिल है। एक्सिस म्यूचुअल फंड के रिटेल सेल्स के राष्ट्रीय प्रमुख रोहित मट्टू ने कहा कि भागलपुर में हमारी नई शाखा का खुलना इस क्षेत्र में निवेशकों और वितरकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले निवेश समाधान आसानी से सुलभ बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भागलपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य स्थानीय ग्राहकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने वाले अनुरूप वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना है। हम व्यक्तिगत निवेशकों और वितरण भागीदारों दोनों की वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं और इस शाखा के माध्यम से, हम उनके लिए अपने समर्थन को मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

# भाजपा नेता लाला साव की मनी दूसरी पुण्यतिथि

कुर्था (अरवल)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर बाजार स्थित भाजपा नेता के पैतृक घर में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल साव की दूसरी पुण्यतिथि बनाई गई।

इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता व वन विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार शरीफ हुए इस मौके पर मंत्री ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया साथ ही उन्होंने कहा कि लाला साव बड़े ही नेक दिल इंसान थे उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत किया था और अपने अंतिम सफर तक भी उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामे रहा उनका निधन से मानो प्रखंड क्षेत्र में पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसे निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर मानिकपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ भोला केसरी, भाजपा नेता राकेश कुमार,भाजपा के बरिस्ट नेता सुरेंद्र सिंह, लोजपा नेता जयप्रकाश पासवान,राम प्रवेश पासवान समेत कई भाजपा नेता शामिल थे।

# सुशील कुमार मोदी के जंयती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया




गया। श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी दधीचि देह दान समिति के सरंक्षक जंयती के अवसर पर रक्त दान किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता सह रोगी कल्याण समिति के सदस्य अनंत धीश अमन और समाजसेवी सोनू सौरव गुप्ता, विकास कुमार अन्य लोगों ने रक्त दान किया है। इस अवसर पे भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अनिल स्वामी एवं सदर अस्पताल उपाधीक्षक संजय सिह, अरविंद राय पियूष शर्मा वार्ड सारिका वर्मा आदि उपस्थित रहे हैं।

## साप्ताहिक कैंप का आयोजन हर शनिवार को

गया।निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के ज्ञापांक -1693 दिनांक 18.12.24 के माध्यम से दीपक आनंद, सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में जिले के सभी नियोजकों औद्योगिक, व्यावसायिक, प्रतिष्ठान, दुकान सभी तरह के एजेंसी इत्यादि से अनुरोध है कि यदि आपके पास किसी भी पद के लिए एक या एक से अधिक रिक्ति उपलब्ध है तो कृपया निर्धारित दिन प्रत्येक शनिवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया में आने की कृपा करेंगे, जिससे इस दिवस पर उपस्थित अभ्यर्थियों में से उपयुक्त उम्मीदवार का चयन किया जा सके। कृपया इस तरह की रिक्ति की सूचना कम से कम दो दिन पूर्व अवर प्रादेशिक नियोजनालय गया को ईमेल आईडी पर उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे ताकि अभ्यर्थियों के बीच इसका प्रचार प्रसार भी कराया जा सके। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया नियोजकों को आवश्यकता के अनुसार उचित अभ्यर्थी एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग हेतु प्रयासरत है।

# और 08 जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे द्वारा महाकुम्भ के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 08 जोड़ी और कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1.गाड़ी सं. 05559/05560 सहरसा-टूण्डला-सहरसा कुंभ मेला स्पेशल (मानसी-खगड़िया-मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 05559 सहरसा-टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 2025 को सहरसा से 09.00 बजे खुलकर 14.45 बजे पटना, 19.40 बजे डीडीयू, 23.10 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे टूण्डला पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05560 टूण्डला-सरहसा कुंभ मेला स्पेशल 19 जनवरी, 2025 टूण्डला से 11.20 बजे खुलकर 19.00 बजे प्रयागराज, अगले दिन 00.10 डीडीयू, 03.50 बजे पटना जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

2.गाड़ी सं. 05561/05562 सहरसा-टूण्डला-सहरसा कुंभ मेला स्पेशल (मानसी-खगड़िया-मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 05561 सहरसा-टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 22 एवं 27 फरवरी, 2025 को सहरसा से 09.00 बजे खुलकर 14.45 बजे पटना, 19.40 बजे डीडीयू, 23.10 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे टूण्डला पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05562 टूण्डला-सरहसा कुंभ मेला स्पेशल 23 एवं 28 फरवरी, 2025 टूण्डला से 16.20 बजे खुलकर अगले दिन 01.00 बजे प्रयागराज, 05.20 डीडीयू, 08.55 बजे पटना जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

3.गाड़ी सं. 05563/05564 सहरसा-भिण्ड-सहरसा कुंभ मेला स्पेशल (मानसी-खगड़िया-मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 05563 सहरसा- भिण्ड कुंभ मेला स्पेशल 08 फरवरी, 2025 को सहरसा से 06.10 बजे खुलकर 11.20 बजे पटना, 15.10 बजे डीडीयू, 18.30 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 01.05 बजे भिण्ड पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05564 भिण्ड-सरहसा कुंभ मेला स्पेशल 09 फरवरी, 2025 भिण्ड से 03.30 बजे खुलकर 11.00 बजे प्रयागराज, 13.40 डीडीयू, 17.25 बजे पटना जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.30 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

4.गाड़ी सं. 05205/05206 रक्सौल-टूण्डला-रक्सौल कुंभ मेला स्पेशल (सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज रास्ते) - गाड़ी सं. 05205 रक्सौल-टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 18 फरवरी, 2025 को रक्सौल से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 01.00 बजे मुजफ्फरपुर, 03.40 बजे पाटलिपुत्र, 07.35 बजे डीडीयू, 11.10 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 20.15 बजे टूण्डला पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05206 टूण्डला-रक्सौल कुंभ मेला स्पेशल 20 फरवरी, 2025 टूण्डला से 11.20 बजे खुलकर 19.00 बजे प्रयागराज, अगले दिन 00.10 डीडीयू, 03.55 बजे पाटलिपुत्र, 07.00 बजे मुजफ्फरपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 11.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

5.गाड़ी सं. 03695/03696 धनबाद-टूण्डला-धनबाद कुंभ मेला स्पेशल (कोडरमा-गया- सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 03695 धनबाद-टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 08 फरवरी, 2025 को धनबाद से 12.40 बजे खुलकर 14.25 बजे कोडरमा, 15.55 बजे गया, 19.40 बजे डीडीयू, 23.10 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे टूण्डला पहुंचेगी।

## सहंगी मोड़ गड़हनी के पास दो वाहनों की हुई आमने सामने टक्कर

गड़हनी। आरा- सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी सहंगी मोड़ के पास मंगलवार के अहले सुबह पिकअप व एक अज्ञात वाहन के आमने सामने टक्कर हो गया। जिसमें पिकअप बुरी तरह झतिग्रस्त हो गया। पीकअप का ड्राइवर बाल बाल बच गया है। वही अज्ञात वाहन घटना स्थल से फरार हो गया।गड़हनी पुलिस व ग्रामीणों के मदत से ड्राइवर को पीकअप के दरवाजा तोड़ निकालकर गड़हनी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को ले भेजा गया। गड़हनी एसएचओ रणवीर कुमार ने इस संबंध में कहा कि है इसकी जांच पड़ताल कर आगे की करवाई किया जाएगा।

## 11 जनवरी तक लगातार बढ़ रहे ठंड को लेकर निजी एवं सरकारी विद्यालय रहेंगे बंद :डीएम



**प्रातः किरण संवाददाता**

नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालय 11 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिले में लगातार बढ़ते ठंड को लेकर यह निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार मधेपुरा जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुई है।जिसके कारण बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बढ़ते ठंड के मौसम को देखते हुए जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित कक्षा 8वीं तक शैक्षणिक गतिविधियों पर 11 जनवरी तक रोक लगा दिया गया है। कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाओं के शैक्षणिक संचालन 9 बजे से 3:30 बजे बीच संचालित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

# निजी क्लिनिक पर बम धमाका, जांच में जुटी पुलिस

## घटना की जानकारी मिलते ही पहुचें सिटी एसपी

**प्रातः किरण संवाददाता**




शेरघाटी।शहर के गोला बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक पर हुए बमबारी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है सोमवार की देर रात स्वास्थ्य विभाग के मुख्य निदेशक डॉक्टर तपेश्वर प्रसाद के क्लीनिक पर बाइक सवार को क्या अपराधियों ने सरेआम बमबारी वाकोलीबारी की घटना का अंजाम दिया है यह घटना तकरीबन 7:45 के आसपास की बताई जा रही है इस घटना के बाद चिकित्सक के दीवार कला वर्ग कला। धब्बा जैसा दिख रहा है वहीं घटना के जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की वाहनों को जो पहुंच गए आसपास के लोगों ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर 3 अपराधी में से एक युवक में घर पर बम एक और कर र और धुआ धुआ फेल गई इसके बाद दो अपराधी फायरिंग करते हुए बाइक पर सवार पुकार भाग निकले इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर तपेश्वर प्रसाद ने बताया कि संपत्ति को लेकर आपसे विवाह चल रहा है इन्हीं अंदेशा को लेकर या घटना का अंजाम दिया गया है उन्होंने बताया कि घटना के वक्त में मौके पर मौजूद नहीं था क्लिनिक बंद हो चुका था लेकिन टेलीफोन के माध्यम से सूचना दी गई इधर उनके पुत्र डॉक्टर शशी रंजन ने बताया कि वह अपने आवास पर चाय पी रहे थे तभी जोरदार आवाज हुई इसके बाद फायरिंग हुई हम लोगों को लगा कि बिजली का फाल्ट हुआ है बाहर निकाल कर देखें तो बाहर में धुआ धुआ फैला हुआ है और लोगों की भीड़ जुटी हुई है कोई है घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी एसपी शैलेंद्र सिंह एवं थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है वहीं घटनास्थल से पुलिस को एक खोखा एवं एक मैगजीन भी बरामद पुलिस ने की है इधर किधर इस घटना के बाद शेरघाटी में दहशत का माहौल बना हुआ है बता दे की अशोक घटना के बाद गया टीएसपी ने घटना की जानकारी मिलते ही सुबह की शेरघाटी के घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छांव में शुरू किया है इधर पुलिस हर पहलुओं पर जांच में जुटी हुई है

### बम धमाके से दो बच्चे हुए घायल ,जांच में जुटी पुलिस



शेरघाटी। शहरी क्षेत्र के रमना मोहल्ला स्थित पशु मेला के पास मंगलवार को लगभग साढ़े तीन बजे एक छत पर बम विस्फोट होने से छत पर खेल रहे दो बच्चे घायल हो गए हैं। पुलिस घटना स्थल पर जांच में जुट गई है। दोनो बालक की उम्र ग्यारह बारह वर्ष बताई जाती है। बम विस्फोट को लेकर पुलिस प्रथम दृष्टया छत पर बच्चों को खेलने के दौरान विस्फोट होने की संभावना व्यक्त कर रही है। वहीं घर वाले किसी के द्वारा छत पर बम फेंकने की बात बता रहे हैं। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना जुम्मन मिस्त्री के छत पर उस वक्त हुई जब मो नुरैन उम्र लगभग 11 वर्ष एवं अयान अली 10 वर्ष खेल रहे थे। विस्फोट में नुरैन का आंख में गंभीर चोट है। दोनों का प्राथमिक इलाज अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी में किए जाने के बाद दोनों को मगध मेडिकल अस्पताल गया रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। दिन के उजाले में बम विस्फोट की आवाज से मोहल्ला वासी में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। विस्फोट होने के बाद घर के स्वजन राजिया खातून, आयशा खातून, मो शमशाद आलम का कहना है कि बम आस पास के किसी घर के छत से फेंका गया है। लेकिन यह जांच का विषय है।

## भाजपा को दोबारा मधेपुरा के जिला का कमान मिलने पर दीपक यादव को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**प्रातः किरण संवाददाता**



नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन तथा प्रत्येक जिले के प्रभारी के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्षों तक का चुनाव या मनोनयन किया जाना सुनिश्चित है। इसी परिप्रेक्ष्य में पहले बूथ अध्यक्षों का चुनाव अथवा मनोनयन किया गया इसके बाद जिले के प्रत्येक मंडल के अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष का भी मनोनयन किया गया। बूथ अध्यक्षों के चयन के संबंध में तात्कालीन मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल से कमोबेश सभी बूथ पर चयन हो चुका है। जिसमें खाड़ा शक्ति केंद्र बूथ नंबर-1 से मिट्ठन ऋषिदेव, 2 से प्रमोद पासवान, 3 से रंजित कुमार ठाकुर, 4 से राजकिशोर राम, 5 से नागो मेहता, 6 से रंजू देवी, 7 से विजय कुमार मंडल तथा 8 से ज्योतिष झा तथा अन्य शेष बूथों पर अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है। मिल रही जानकारी से सप्ताह दिन पहले ही उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल से तीसरी बार मंडल अध्यक्ष का दायित्व पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को मिला। इसके पश्चात सोमवार 6 जनवरी को मधेपुरा जिला में भाजपा सांगठनिक चुनाव में दोबारा जिलाध्यक्ष का दायित्व दीपक कुमार यादव को ही मिला। प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी हरि सहनी ने बैठक में इस आशय की जानकारी दी। मधेपुरा जिला के सभी मंडलों के अन्तर्गत आ रहे नवमनोनित बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं दूसरी बार मनोनित जिलाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है। नवमनोनित जिलाध्यक्ष दीपक कुमार यादव को दूसरी पारी में भाजपा का जिला का दायित्व मिलने पर खाड़ा के मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह, भाजपा नेता चंदन कुमार झा, संजीव कुमार कश्यप, सुमन कुमार सिंह, गुड्डू कुमार ठाकुर, भाजपा नेता सुभाषचंद्र सिंह, भूतपूर्व मुखिया सुनील कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष कमलेश कुमार झा, शक्ति केंद्र प्रमुख ललित नारायण ठाकुर, रविन्द्र कुमार सिंह हब्बौवाह्, श्यामल किशोर सिंह, प्रमोद कुमार पासवान, मिठन ऋषिदेव, दीपक कुमार ठाकुर, दीपक मेहता, ज्योतिष झा, जयकृष्ण झा, गोपाल झा, दिलीप कुमार मेहता, राजकिशोर राम, रंजित कुमार ठाकुर, मुन्नी देवी, रंजू देवी, मीरा देवी सहित दर्जनों गणमान्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## राज्यपाल गुरुद्वारा बाललीला पहुंचे भेंट की गई श्री साहिब व सिरोपा

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना सिटी। बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मंगलवार की शाम गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत पहुंचे। यहां उनका स्वागत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह एवं बाबा गुरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद महामहिम दरबार साहिब में गए और गुरु महाराज को नमन किया। इस दौरान बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सिरोपा और श्री साहिब (तलवार) भेंट किया।

उन्होंने कहा कि यह तलवार महाराज की अनुपम उपहार है। इस दौरान राज्यपाल श्री आरिफ ने कहा कि वह सर्वंशदानी के प्रकाश पर्व पर तख्तश्री पटना साहिब पहुंच कर खासा खुश हुए, मगर आज उनके बाल क्रीड़ा स्थान पर पहुंच कर वह अपने को गौरवान्वित व धन्य महसूस कर रहे हैं। यह पवित्र धार्मिक स्थल है। यहां बाला प्रीतम से जुड़े अनेक धरोहर देखने का सौभाग्य मिला। यहां बाबा भूरीवाले जी के द्वारा देश-विदेश से आने वाली सिख संगतों को आवास और लंगर की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने यहां लंगर भी छका। उन्होंने कहा कि महाराज ने सच की राह अपनाई, झूठ को कभी स्वीकार नहीं किया। यही कारण रहा कि आज विश्व में उनके परिवार की तरह शहादत देने वाला कोई दूसरा नहीं दिखता है। इस मौके पर बाबा गुरबंत सिंह, बाबा मिंटा सिंह, बाबा राजन सिंह, सुक्खा सिंह वालिया, सरदार राम सिंह आदि सेवा में सक्रिय दिखे।

### इसुआपुर में चौकीदारों को कराया गया दफादारी परेड

इसुआपुर। थाना परिसर इसुआपुर में थानाध्यक्ष कमल राम ने चौकीदारों को दफादारी परेड कराया। वहीं थानाध्यक्ष ने चौकीदारों से कहा कि आप लोग अपने कर्तव्य व ड्यूटी के प्रति सजग रहें। को सही ढंग से करें। साथ ही कहा कि थाना क्षेत्र में अमन,चैन, शांति व्यवस्था स्थापित कराने में चौकीदारों की मुख्य भूमिका होती है। चौकीदारों को रात में गस्ती व पहरा देने की भी बात कही गई। वहीं उन्होंने कहा कि कहीं भी शराब बेचने वाले, खरीदने वाले तथा पीने वालों की जानकारी मिले तो थाना को गुप्त सूचना दें। अगर आपकी जानकारी में कोई घटना या दूसरा कोई मामला आता है,तो उसकी भी जानकारी शीघ्र दी जाए। असामाजिक तत्वों पर विशेष पर नजर रखें, तथा उसकी गतिविधि की जानकारी थाना को दें। विशेषकर ठंड के मौसम में आपकी जिम्मेवारी बढ़ जाती है। इसका सही रूप से पालन किया जाए। मौके पर एस-आई संजय कुमार शर्मा, हीरा पासवान, एएसआई सुधांशु कुमार व अन्य थे।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक



**प्रातः किरण संवाददाता**

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज 07.01.2025 को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की प्रगति समीक्षा की। परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें। बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

## छात्र नेता राहुल यादव ने की आवेदन देकर रोगी वाहन की संख्या बढ़ाने की मांग

**प्रातः किरण संवाददाता**

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को आए दिन होने वाली एंबुलेंस की समस्या को लेकर छात्र नेता राहुल यादव ने जिला लोक शिकायत में आवेदन देकर एंबुलेंस की मांग की है। आपको ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हायर सेंटर रेफर किए जाने वाले मरीजों को इन दिनों एंबुलेंस के लिए 2 से 4 घंटे तक का इंतजार करना पड़ रहा है। यदि हायर सेंटर जल्दी पहुंचना है तो मरीज को खुद की गाड़ी या प्राइवेट एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है यदि इस दौरान सरकारी एंबुलेंस मिलने का इंतजार किया जाए तो फिर मरीज की जान भी जा सकती है। बता दे की आय दिनों इस स्वास्थ्य केंद्र से किसी न किसी कारणों से पीड़ित मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है ऐसे में एक एंबुलेंस को दोनों जगहों पर आने - जाने में करीब दो-तीन घंटे का वक्त लग जाता है। यह बात तब है जब हालात सामान्य हो यदि कोई वीआईपी का आगमन या फिर कोई आंदोलन हो तो फिर दिक्कत और भी बढ़ जाती है ऐसे में अगर कहीं अगर दूसरे मरीज को हायर सेंटर रेफर किया जाए या फिर किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाना हो तो एंबुलेंस की कमी महसूह होने लगती है। वहीं छात्र नेता राहुल यादव ने स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से रोगी वाहन की जिम्मेदारी एनजीओ को दी गई है तब से सेवाएं और भी बत्तर हो गई है। जबकि पुरैनी मुख्यालय में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 16 उप स्वास्थ्य केंद्र मौजूद है साथ ही प्रखंड में लगभग 1.5 लाख से अधिक की आबादी है ऐसे में एक एंबुलेंस के सहारे कार्य काफी दयनीय हो गई है। तत्पश्चात आए दिन होने वाले एंबुलेंस से जुड़ी समस्या को देखते हुए छात्र नेता राहुल यादव ने जिला लोक शिकायत में आवेदन देकर 3 या 4 एंबुलेंस मुहैया करने की गुहार लगाई है।

## देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

तरैया। थाना क्षेत्र के देवरहा बाबा कॉलेज के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार अपराधी तरैया गांव निवासी रवि कुमार सिंह है।इस संबंध में पु.अ.नि.राकेश कुमार ने तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि संध्या गस्ति के दौरान गुप्त सूचना मिली कि देवरहा बाबा कॉलेज के पास एक अपराधी के द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को घेर कर डरा धमका रहा है।सूचना सत्यापन के लिए जब देवरहा बाबा कॉलेज के पास पहुंचे तो पुलिस को देखते ही दो व्यक्ति भागने लगे।पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

वही दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर पहने जींस में कमर के बाई तरफ खोसा हुआ एक देसी कट्टा एवं पैकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

**प्रातः किरण संवाददाता**



हाजीपुर।हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ डेवलेपमेंट डिसएबिलिटीज के पदाधिकारियों का चयन

पटना। पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ डेवलपमेंटल डिसएबिलिटीज (पीपीएडीडी) एवं भरत चिंतामणि डिसएबिलिटी फाउंडेशन (बीसीडीएफ) की संयुक्त बैठक सोमवार को शीला कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. राजीव गंगोल ने की। बैठक में पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ डेवलपमेंट डिसएबिलिटीज के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें डॉ. राजीव गंगौल- अध्यक्ष, डॉ. धनंजय कुमार- उपाध्यक्ष, चंदा सिंह- सचिव, विनीता कुमारी- संयुक्त सचिव, नीरज कुमार- कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्यों में पप्पु कुमार राय, शंभूनाथ सिंह, अजय कुमार, विभा मिश्रा, सौरभ सानी, डेजी रानी का चयन किया गया। कार्यक्रम में मिलन राज राठौड़, सतेन्द्र कुमार, बृजय कुमार, कुमारी मीनल, कुमारी ऋतु, कुमारी अर्चिता, कुमारी स्नेहा उपस्थित रहे। बैठक में एसोसिएशन की 24वीं वार्षिक आम सभा 12 जनवरी को पटना में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें 100 अभिभावकों की उपस्थिति अपेक्षित है, जो विकासात्मक दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें कानूनी अभिभावकता को सशक्त बनाने के लिए कार्य किए जाएंगे। बैठक में विशेष अतिथि डॉ. शिवाजी कुमार, पूर्व आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने दिव्यांगजनों के अधिकार और नीति निर्माण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा संदीप कुमार, सचिव, बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं बिहार स्पेशल ओलंपिक्स ने भी बैठक में भाग लिया और दिव्यांगजनों के लिए खेलों की भूमिका पर चर्चा की।

## खाड़ा में निः शुल्क पशु बांझपन निवारण शिविर का मुखिया ने किया उद्घाटन

नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत खाड़ा पंचायत में पशु बांझपन निवारण शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर, भ्रमणशील पशु चिकित्सक राहुल कुमार, बुधामा ओपी प्रभारी जिउत राम व सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शिविर मनरेगा भवन बरहकोल में मंगलवार को लगाया गया। शिविर उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने कहा कि पशु एवं मतस्य संसाधन विभाग बिहार सरकार द्वारा आयोजित की जा रही शिविर से पशुपालक लाभ लें।

## पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

बरियारपुर (मुगेर)। प्रखंड कार्यालय के अंबेडकर भवन सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय (जीडीपीडी/बीपीडीपी) प्रशिक्षण शिविर का कुशलतापूर्वक समापन हो गया। इस शिविर में प्रशिक्षणार्थी पंचायत प्रतिनिधियों को उनके द्वारा चयनित योजनाओं को सफलता पूर्वक पूरा करने की तकनीकी जानकारी दी गयी।

प्रतिनिधियों को विकास कार्य के चयन में मनमानी व सरकारी आदेश के उलंघन पर सख्ती से रोक लगाने को कहा गया। इस बात से प्रतिनिधियों मे आक्रोश व्याप्त है। पदाधिकारीयों के मनमाने रवैये से जन प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। तमाम जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पदाधिकारियों को स्वतः योजना चयन करना चाहिए। इस प्रतिक्रिया पर पदाधिकारियों द्वारा बिना बताए सदन छोड़ कर चले जाने से पंचायत प्रतिनिधि अपने को अपमानित महसूस कर रहे हैं।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–75 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 11.01.2025 के अपराहन 12:00 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ | मात्रा | इकाई | उद्वत की जानेवाली दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type-D) (Block-06 flat No.-803 & 804) at Gardanibagh, Patna for the year 2024 -25** | | | |
| i | S/F/F Cupboard/Cabinet with 19 mm thick water proofing ply board partion and 12 mm thick water proofing plywood in back side including 1'6" clear depth with all necessary ornaments fittings etc all complete job. (Supply, Fabrication and installation 18 mm thick BWP Plywood framed wardrobe, Cabinet & hanging cabinets along with basket & trolley in kitchen fabrication at site with all fixtures fitting and accessories complete as per drawings & direction of E/I. make green ply, century ply S/F/F/ fixing of Baskets made of 201 grade S.S. rod and with around 1% nickel and chrome plating. It has 7 mm upper rod and 6 mm parallel rods and 2.9 mm base rods provided in all types of baskets, Hetich, KAFF & Godrej, Plain Basket, Cutlary tray, Thali Basket) | 379.34 Sft | Per Sft | |
| ii | S/F/F of Modular kitchen with aerialic finished with steel sliding basket etc all complete job. | 93.28 Sft | Per Sft | |
| iii | Providing and fixing curtain rods of 1.25 mm thick chromium plated brass plate, with two chromium plated brass brackets fixed with C.P. brass screws and wooden plugs, etc., wherever necessary complete: 20 mm dia metre | 39.32 Sft | Per Sft | |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

PR- 016486 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–16, वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 17.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.01.2025 03:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18.01.2025 (03:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1, भ0 नि0 वि0,पटना, विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना एवं विद्युत कार्य अवर प्रमण्डल संख्या–2, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED Flood Light as per requirement on the occasion of 'Republic Day "26 Jan 2025" on the Statue/Golamber of 1. Vishwesharaiya Bhawan Golamber 2) Daroga Prasad Rai Golamber at Patna for Two days Patna dated 25 .01.2025 to 26.01.2025 (2 Days) | 39,645.00 | 800.00 | 250.00 | 2 Days |
| 2 | Emergent temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED Flood Light as per requirement on the occasion of 'Republic Day "26 Jan 2025" on the Statue/Golamber of 1. Bhagat singh Golamber, 2. Mahatama Gandhi Golamber, 3. Kargil Golamber, 4. Swami Nandan Golamber and at Patna Dated form 25.01.2025 to 26.01.2025 (2 Days) | 1,30,000.0 | 3000.00 | 500.00 | 2 Days |
| 3 | Emergent temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED Flood Light as per requirement on the occasion of 'Republic Day "26 Jan 2025" on the Statue/Golamber of 1. Jagjiwan Ram 2. B.P. Mandal at Patna for Two days from 25.01.2025 to 26.01.2025 (2 Days) | 27,045.00 | 600.00 | 250.00 | 2 Days |
| 4 | Emergent temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED Flood Light as per requirement on the occasion of 'Republic Day "26 Jan 2025" on the Statue/Golamber of 1) Income Tax Golamber and 2) Ambedkar Golamber Near Patna High Court at Patna dated 25.01.2025 to 26.01.2025 (2 Days) | 57,420.00 | 1800.00 | 500.00 | 2 Days |
| 5 | Emergent temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED Flood Light as per requirement on the occasion of 'Republic Day "26 Jan 2025" on the statue of 1) Ramanand tiwari Golamber 2.) Sri Ram Gulam, Golamber 3.) Subhash Chandra Bose Golamber 4.) J.P Golamber at Patna dated 25.01.2025 to 26.01.2025 (2 Days) | 1,00,591.00 | 2500.00 | 500.00 | 2 Days |
| 6 | S/R with Addition & Alteration to E.I in Vikash Bhawan (1st Floor) at Gandhi Maidan, Patna | 14,98,668.00 | 30000.00 | 2500.00 | 10 Days |
| 7 | S/R with Addition & Alteration to E.I in Vikash Bhawan (Gr. Floor) at Gandhi Maidan, Patna | 14,98,918.00 | 30000.00 | 2500.00 | 10 Days |
| 8 | Estimate of Supply, Installation, Testing and Commissioning of Split Type AC in Room No-263 of Minor Water Resources Department at 2nd Floor of Vikash Bhawn, Patna | 9,50,069.00 | 19100.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 9 | Estimate for S/R with Addition and Alteration to E.I and Computer Networking in Room No-263 of Minor Water Resources Department at 2nd Floor of Vikash Bhawan, Patna | 14,98,069.00 | 30000.00 | 2500.00 | 10 Days |

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

PR. No. 016418 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, बुधवार, 08 जनवरी,2025

## लक्ष्य, प्रणय मलेशिया ओपन में भारत का अभियान शुरू करेंगे



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पर सबकी नजरें रहेंगी, क्योंकि वे मंगलवार को मलेशियाई राजधानी के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाले नए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पहले सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन 2025 में साल का अपना पहला खिताब जीतने की उम्मीद में सर्किट पर लौट रहे हैं। पुरुष एकल में लक्ष्य का सामना यू जेन ची (चीनी ताइपे) से होगा, जबकि प्रणय राउंड ऑफ 32 मैचों में ब्रायन यांग (कनाडा) से भिड़ेंगे। इस बीच, पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने ब्रैकेट में लू मिंग चे और टैंग काई वी (चीनी ताइपे) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चिराग और सात्विक पुरुष युगल में सातवें स्थान पर हैं।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप अपने पहले दौर के मुकाबले में जूली डावल जैकबसेन (डेनमार्क) से भिड़ेंगी, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना गोह जिन वेई (मलेशिया) से होगा। अनुपमा उपाध्याय आठवें स्थान पर रहने वाली पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड) को चुनौती देंगी। महिला युगल में सातवें स्थान पर रहने वाली ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी शामिल होगी, जो ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई (थाईलैंड) से भिड़ेंगी। आठवें स्थान पर रहने वाली तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना मिसाकी मात्सुतोमो और चिहारू शिदा (जापान) से होगा। बहनों के बीच होने वाले मुकाबले में रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सामना बेनयापा और नुंताकरन एम्सार्ड (थाईलैंड) से होगा।

कई मिश्रित युगल जोड़ी भी एक्शन में होंगी, जिसमें सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ के बीच आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश के खिलाफ एक अखिल भारतीय मुकाबला शामिल है। तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला राउंड ऑफ 32 में को सुंग ह्यून और इओम हये वोन (दक्षिण कोरिया) से भिड़ेंगे।

## स्मृति मंधाना इस सीरीज में बनेंगी वनडे कप्तान, हरमनप्रीत को रैस्ट, हुई घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की बेहतरीन ओपनर स्मृति मंधाना 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका में हैं। हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिए जाने के बाद, मंधाना तेजल हसबनीस, प्रिया मिश्रा और राघवी बिष्ट जैसे उभरते सितारों वाली प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा, जिसका लक्ष्य अपनी जीत की लय को बरकरार रखना है!

आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट , मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे

### आयरलैंड महिला टीम का भारत दौरा

10 जनवरी-पहला वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

12 जनवरी-दूसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

15 जनवरी-तीसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

साल 2025 में स्मृति से उम्मीदें

**स्थिरता:** स्मृति मंधाना की सभी प्रारूपों (वनडे, टी20आई, टेस्ट) में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता महत्वपूर्ण होगी। अगर वह ऐसा करती है, तो वह साल 2024 में अपने करियर की कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

### श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया

# ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका दौरा

## पैट कमिंस के अलावा यह तेज गेंदबाज भी हो सकता बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गई है। ऐसे में वह जोश हेजलवुड की चोट से वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहती। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने भारत को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया को इस डब्ल्यूटीसी साइकल में एक टेस्ट सीरीज और खेलनी है। उसे श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। इस दौरे पर टीम कप्तान पैट कमिंस के बगैर जा सकती है। इसके अलावा भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोटिल हुए जोश हेजलवुड भी दौरे से बाहर हो सकते हैं। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार कंगारू टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गई है। ऐसे में वह जोश हेजलवुड की चोट से वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहती।



### स्टार्क, बोलैंड और एबॉट दौरे पर जाएंगे

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि हेजलवुड के श्रीलंका दौरे पर जाने की संभावना नहीं है। चयनकर्ता उनकी वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते। हेजलवुड को पूरी तरह से फिट होने के बाद भी मैच खेलने में संघर्ष करना पड़ सकता है। मिचेल स्टार्क और फॉर्म में चल रहे स्कॉट बोलैंड को बाहर करना लगभग असंभव हो गया है। न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर सीन एबॉट दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल होंगे।

### पैट कमिंस को लेकर क्या है खबर

चयनकर्ता बुधवार को अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे। दौरे के लिए 16 खिलाड़ियों को चुना जा सकता है। टीम की घोषणा गुरुवार को होने की उम्मीद है। कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि वह दौरे के कुछ भाग या पूरे दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी पत्नी बेकी उनके दूसरे बच्चे को कब जन्म देती हैं। साथ ही यह भी देखना होगा कि भारत के खिलाफ लगातार पांच टेस्ट मैच खेलने के बाद वह थकान से कैसे उबरते हैं। कमिंस और स्टार्क को तीन साल पहले श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के केवल दो फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों के तौर चुना गया था, जो 1-1 से बराबर रहा था। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार

## भारत इस साल करेगा भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी

### नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा




**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवत: इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे।

यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, 'भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा, 'नीरज चोपड़ा वहां होंगे। वह उस टीम का हिस्सा हैं जो इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। जेएसडब्ल्यू, एक विदेशी फर्म और एएफआई मिलकर इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं।

## मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने उठाए सवाल

**सिडनी, एजेंसी।** मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए पूर्व दिग्गज रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने कहा कि अगर इस अनुभवी तेज गेंदबाज को पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के दूसरे भाग में टीम में शामिल किया जाता तो भारत का पलड़ा भारी हो सकता था।

ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी ने खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की और पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद अपने गृह राज्य बंगाल के लिए तीनों प्रारूपों रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे उनकी भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद बढ़ गई थी। लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को समाप्त कर दिया था।

पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था। पूर्व भारतीय मुख्य




कोच शास्त्री ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं मीडिया में चल रही बातों से बहुत हैरान था कि आखिर में मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां है? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से एनसीए (भारतीय क्रिकेट अकादमी) में है। वह किस स्थिति में है इसको लेकर उचित संवाद हो सकता था। अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर आ जाता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट का परिणाम अपने पक्ष में कर सकते थे। ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे पोंटिंग ने भी शास्त्री की बातों का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे वास्तव में हैरानी है कि उसे श्रृंखला के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह अगर कम ओवर भी करता तब भी अंतर पैदा कर सकता था। जब आपने मुझसे (आईसीसी की पिछली समीक्षा में) शुरुआत में पूछा था कि श्रृंखला का परिणाम क्या होगा, तो मैंने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीतेगा क्योंकि भारतीय टीम में शमी नहीं हैं। अगर शमी, बुमराह और सिराज उनकी शुरुआती टीम में होते, तो मुझे लगता है कि परिणाम भिन्न भी हो सकता था।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के शुरू हुए बुरे दिन! बेरोजेगारी ने बढ़ाई मुश्किल, नौकरी की कर रहा है तलाश




**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टुअर्ट लॉ ऑस्ट्रेलिया के लिए कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं. उनका फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी कमाल का रहा है. लेकिन वे संन्यास के बाद कोच बन गए. लॉ अफगानिस्तान, श्रीलंका और यूएसए समेत कई टीमों को कोचिंग दे चुके हैं. लेकिन वे इन दिनों बेरोजगार हैं. स्टुअर्ट लॉ को अपनी पिछली जॉब एक गंभीर आरोप के बाद छोड़नी पड़ गई थी. वे अब नौकरी की तलाश कर रहे हैं और इसको लेकर एक पोस्ट भी शेयर की है. स्टुअर्ट लॉ यूएसए क्रिकेट टीम के हेड कोच थे. वे टी20 विश्व कप 2024 में भी इस भूमिका में थे. क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्टुअर्ट लॉ पर गंभीर आरोप लगे थे. इसके बाद उन्हें कोचिंग से हटा दिया गया था. लॉ पर खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगा था. उनके और प्लेयर्स के बीच दूरी भी बढ़ गई थी. इसी वजह से लॉ को अपनी कोचिंग की नौकरी से हाथ धोड़ा पड़ा. अब वे नौकरी की तलाश में है।

### नौकरी के लिए शेयर की पोस्ट -

स्टुअर्ट लॉ ने लिंकडिन पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें उन्होंने लिखा है कि क्रिकेट कोच रोल की तलाश कर रहे हैं. लॉ ने लिखा कि अगर आपके पास इस तरह की नौकरी की जानकारी हो तो मुझे मैसेज या कमेंट करें. स्टुअर्ट लॉ एक समय पर ऑस्ट्रेलिया के अच्छे प्लेयर्स में गिने जाते थे. उनका कोचिंग रिकॉर्ड भी अच्छा रहा. लेकिन अब नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं.

### स्टुअर्ट लॉ का ऐसा रहा है करियर -

स्टुअर्ट लॉ ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट और 54 वनडे मैच खेल चुके हैं. उन्होंने वनडे में 1 शतक और 7 अर्धशतकों की मदद से 1237 रन बनाए हैं. इसके साथ ही 12 विकेट भी झटके हैं. स्टुअर्ट लॉ का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी शानदार रहा है. उन्होंने इस फॉर्मेट के 367 मैचों में 27080 रन बनाए हैं. इस दौरान 79 शतक और 128 अर्धशतक लगाए हैं. लॉ लिस्ट में 11812 रन बनाए हैं.

## कगिसो रबाडा का अनचाहा 'अर्धशतक', केपटाउन में 17 समेत 4 महीने में 51 नोबॉल, जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर

**केपटाउन, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज कगिसो रबाडा रहे। उन्होंने 8 विकेट लिए। रबाडा ने केपटाउन टेस्ट में 6 विकेट लिए, लेकिन इस मैच को उनके अनचाहा रिकॉर्ड के लिए भी याद किया जाएगा। रबाडा ने केपटाउन में 5-6 नहीं 17 नोबॉल किए। हालांकि, वह ऐसा करने वाले साउथ अफ्रीका के पहले गेंदबाज नहीं हैं।

रबाडा इस डब्ल्यूटीसी साइकल में 50 नोबॉल करने वाले गेंदबाज बन गए। उनके अलावा किसी गेंदबाज ने 35 से ज्यादा नोबॉल किए हैं। रबाडा ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक 4 महीने में 51 नोबॉल कर दिए। इस दौरान किसी भी अन्य गेंदबाज ने 25 से ज्यादा नोबॉल नहीं किए हैं। उनके बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

**कगिसो रबाडा के नाम अनचाहा रिकॉर्ड** - कगिसो रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवरा (6 दिसंबर) को अनचाहा अर्धशतक पूरा किया। इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में अपनी 50वीं नोबॉल फेंकी। उन्होंने कुल 54 नोबॉल किए। सूची में अगले स्थान पर अल्जारी जोसेफ हैं, जिन्होंने 35 नो-बॉल फेंकी हैं। अकेले न्यूलैंड्स टेस्ट में रबाडा ने 17 नोबॉल फेंकी, जिनमें से 13 दूसरी पारी में आईं।



**कगिसो रबाडा ने छह टेस्ट मैचों में 51 नोबॉल फेंकी** - कगिसो रबाडा ने अक्टूबर 2024 से अब तक छह टेस्ट मैचों में 51 नोबॉल फेंकी हैं। किसी अन्य गेंदबाज ने इस समय सीमा में 25 से अधिक नो बॉल नहीं फेंकी हैं। इस अवधि में सबसे ज्यादा नोबॉल करने के मामले में जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 7 मैचों में 24 नोबॉल डाले हैं। रबाडा ने दूसरी बार किसी टेस्ट मैच 17 नोबॉल फेंकी। उनके अलावा शॉन पोलाक ने भी 2 मैच में 17 नोबॉल फेंकी हैं। डेल स्टेन के नाम एक बार 16 नोबॉल फेंकने का रिकॉर्ड है। फॉलोऑन खेलने के बाद हारे हुए मैच में पाकिस्तान के नाम दूसरा सर्वोच्च स्कोर हुआ। पूरी खबर पढ़ें।

### टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा नो-बॉल देने वाले साउथ अफ्रीका के गेंदबाज

17 - कगिसो रबाडा बनाम पाकिस्तान, केपटाउन, 2025

17 - कगिसो रबाडा बनाम भारत, सेंचुरियन, 2021

17 - शॉन पोलक बनाम श्रीलंका, केपटाउन, 1998

17 - शॉन पोलक बनाम इंग्लैंड, ट्रेंटब्रिज, 1998

16 - डेल स्टेन बनाम इंग्लैंड, पोर्ट एलिजाबेथ, 2004

### पाकिस्तान-साउथअफ्रीका:

## पाकिस्तान ने तोड़ा 136 साल पुराना रिकॉर्ड, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के भी किया कमाल

**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को केपटाउन टेस्ट में 10 विकेट से हरा दिया. लेकिन पाकिस्तान ने हारकर भी एक कमाल कर दिया. उसने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है. दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को फॉलोऑन दिया था. पाकिस्तान ने इसका करारा जवाब देते हुए 136 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. पाकिस्तान दक्षिण अफ्रीका में फॉलोऑन की पारी में सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली मेहमान टीम बन गई है. उसने केपटाउन में 478 रन बनाए थे. दरअसल दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 615 रन बनाए थे. इस दौरान रयान रिकल्टन ने दोहरा शतक लगाया. उन्होंने 259 रनों की पारी खेली. वहीं कप्तान टेम्बा बावुमा और वेरेन ने शतक लगाया. इसके जवाब में पाक टीम पहली पारी में 194 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई. दक्षिण अफ्रीका ने इस पारी के बाद उसे फॉलोऑन दे दिया ।

### पाकिस्तान ने 136 सालों में पहली बार किया ऐसा -

पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका में फॉलऑन के दौरान सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली मेहमान टीम बन गई है. उसने 136 साल पुराना रिकॉर्ड अपने नाम किया है. इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज था. ऑस्ट्रेलिया ने 1902 में जोहान्सबर्ग टेस्ट में फॉलऑन के दौरान 7 विकेट गंवाने के बाद 372 रन बनाए थे. लेकिन अब यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज हो गया है ।

## पिता लगाते हैं अंडों की रेहड़ी, बेटी अंडर-23 क्रिकेट टीम की कप्तान, दो मैच भी जीताए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाजिल्का की 22 वर्षीय प्रियंका रेवाड़िया ने यह साबित कर दिया है कि हालात नहीं बल्कि इंसान का कुछ कर दिखाने का जज्बा बड़ा होता है। प्रियंका ने घर के आर्थिक हालातों और अपने क्रिकेट करियर के आगे झुकने नहीं दिया और अब वह बीसीसीआई द्वारा करवाए जा रहे वुमंस अंडर-23 इंटर स्टेट टी-20 क्रिकेट मुकाबले में पंजाब टीम की समान संभाल रही हैं।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होना लक्ष्य** - प्रियंका के पिता अंडों की रेहड़ी लगाकर परिवार की गुजर-बसर करते हैं। बीसीसीआई द्वारा राजकोट (गुजरात) में करवाए जा रहे टूर्नामेंट के पहले दोनों मैच में प्रियंका ने पंजाब को शानदार जीत दिलाई है। 5 जनवरी को मणिपुर के खिलाफ खेले गए मैच में 9 विकेट से मैच जीता। 6 जनवरी को आंध्र





प्रदेश की टीम को हराया। पिता टेकचंद ने एक समाचार पत्र को बताया कि शहर में डीसी ऑफिस के पास खाली जगह पर बच्चे क्रिकेट खेलते थे। प्रियंका कपड़े धोने वाली थापी और प्लास्टिक की गेंद लेकर बच्चों के साथ खेलने पहुंच जाती थी। उनका सपना है कि बेटी एक दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बने।

### बचपन से ही क्रिकेटर बनने का जुनून

टेक चंद उर्फ बबली रेवाड़िया ने बताया कि बेटी प्रियंका उर्फ पिंकू को बचपन से ही क्रिकेट का जुनून था। इस जुनून को फाजिल्का डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने पहचाना और उसे क्रिकेट की बारीकियां सिखलाई। एफडीसीए के कोच अर्पित सक्सेना ने उसे क्रिकेट के गुर सिखाए। एफडीसीए के पास क्रिकेट ग्राउंड ना होने की वजह से प्रियंका ने मोगा क्रिकेट एसोसिएशन और बाद में बरनाला में शिक्षा के दौरान बरनाला क्रिकेट एसोसिएशन के साथ खेलते हुए खुद को साबित किया। अपनी कामयाबी का श्रेय प्रियंका ने महिला क्रिकेट को प्रफुल्लित करने का विजन रखने वाले पंजाब क्रिकेट एसेसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री राजेंद्र कुमार द्वारा दिए प्रोत्साहन को दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सऊदी अरब में भारी बारिश, मक्का और मदीना में सड़कें पानी से लबालब, ट्रैफिक जाम में फंसे लोग

रियाद। सऊदी अरब के जेद्दा शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों सहित मक्का और मदीना के अधिकांश इलाकों में सोमवार को भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि हुई। पर्यावरण, जल और कृषि मंत्रालय के अनुसार, बदर प्रांत के अल-शफि याह में सबसे ज्यादा 49.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद जेद्दा के अल-बसातीन में 38 मिमी बारिश दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मदीना में पैगंबर की मस्जिद के केंद्रीय हरम क्षेत्र में 36.1 मिमी और क्यूबा मस्जिद के पास 28.4 मिमी बारिश शामिल है। सड़कें और चौराहे बारिश के पानी से भर गए, जिससे मक्का, जेद्दा और मदीना शहरों में राजमार्गों और सड़कों पर यातायात बाधित हुआ। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने जनता से अधिकारियों की ओर से जारी की गई सलाह और चेतावनियों का सख्ती से पालन करने की अपील ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।जेद्दा में किंग अब्दुलअजीज इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने पैसेंजर से एयरपोर्ट पर जाने से पहले अपने संबंधित एयर कैरियर से संपर्क करने और उड़ान कार्यक्रम अपडेट की जांच करने की अपील की। एनसीएम के प्रवक्ता हुसैन अल-कहतानी ने कहा कि जेद्दा प्रांत में मध्यम से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य भर के क्षेत्रों में बारिश की स्थिति अभी भी जारी है।

### हे लिफेंग ने जेनेट येलेन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की

बीजिंग।चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापार मामलों के चीनी पक्ष के प्रमुख, चीनी उप प्रधान मंत्री हे लिफेंग और चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापार मामलों के अमेरिकी पक्ष के प्रमुख, अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने मंगलवार को एक वीडियो कांफ्रेंसिंग की।चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में आर्थिक क्षेत्र में चीन और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान और सहयोग के अनुभवों की समीक्षा की और उनका सारांश दिया।दोनों पक्षों ने चीन-अमेरिका आर्थिक और वित्तीय कार्य समूह जैसे संवाद तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका का सकारात्मक मूल्यांकन किया और संक्रमण अवधि के दौरान संचार बनाए रखने, मतभेदों का प्रबंधन करने और चीन-अमेरिका आर्थिक संबंधों को स्थिर रखने पर सहमति व्यक्त की।चीनी पक्ष ने अमेरिकी आर्थिक और व्यापार प्रतिबंधों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की , विशेष रूप से अमेरिका द्वारा लागू की गई हालिया व्यापार जांच पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग स्पष्ट, गहन और रचनात्मक थी और दोनों पक्ष संचार बनाए रखने के महत्व पर सहमत हुए।

### स्वाकोपमुंड : नामीबियाई राष्ट्रपति ने वांग यी से मुलाकात की

बीजिंग।नामीबिया के स्थानीय समय के अनुसार, 6 जनवरी को नामीबियाई राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने पश्चिमी नामीबिया के अटलांटिक तट पर बंदरगाह शहर स्वाकोपमुंड में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान, वांग यी ने कहा कि चीनी विदेश मंत्री हर साल पहली बार अफ्रीका का दौरा करते हैं और अफ्रीका से एक साल की राजनयिक प्रक्रिया शुरू करते हैं। उन्होंने पिछले 35 वर्षों में लगातार ऐसा किया है और अपना मूल इरादा नहीं बदला है। चीन इस परंपरा को कायम रखेगा क्योंकि दुनिया के सहयोग को मजबूत करने के लिए चीन और अफ्रीका की जरूरत बढ़ रही है। चीन और अफ्रीका का विकास ग्लोबल साउथ के उदय और न्याय की शक्ति की मजबूती का प्रतिनिधित्व करता है।

### चीन ने इंडोनेशिया के ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बनने का स्वागत किया

बीजिंग।चीन की राजधानी पेइचिंग में आयोजित एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में एक रिपोर्टर ने पूछा कि 2025 ब्रिक्स अध्यक्ष ब्राजील ने एक प्रेस घोषणा जारी कर कहा कि इंडोनेशिया ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बन गया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। इस पर चीन की क्या टिप्पणी है ?चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने कहा कि चीन ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बनने पर इंडोनेशिया का स्वागत करता है और हार्दिक बधाई देता है। एक प्रमुख विकासशील देश और ह्लग्लोबल साउथह्न में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में, इंडोनेशिया ब्रिक्स भावना को अत्यधिक मान्यता देता है और ब्रिक्स+ सहयोग में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

# नई हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण : उत्तर कोरिया

प्रात : किरण/एजेंसी

सोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उसने हाइपरसोनिक वारहेड से लैस एक नई मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। उसकी ओर से कहा जा रहा है कि यह हथियार प्रणाली प्रशांत क्षेत्र में किसी भी प्रतिद्वंद्वी को मजबूती से रोक देगी। हालांकि दक्षिण कोरियाई सेना का कहना है कि हाइपरसोनिक मिसाइल प्रक्षेपण की सफलता का दावा एक धोखा हो सकता हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम जोंग उन ने एक मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए प्रक्षेपण की निगरानी की और मिसाइल ने ध्वनि की गति से 12 गुना अधिक लगभग 1500, किलीमोटर की रफ्तर पकड़ी।

इससे पहले दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने सोमवार को कहा कि प्योंगयांग क्षेत्र से दागी गई



उत्तर कोरिया की संदिग्ध हाइपरसोनिक मिसाइल पूर्वी सागर में गिरने से पहले लगभग 1,100 किलोमीटर तक उड़ी। उत्तर कोरिया का नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण, लगभग दो महीनों में पहला उकसावे वाली कार्रवाई है। प्रक्षेपण 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से लगभग दो सप्ताह पहले किया गया है। यह परीक्षण दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हुआ, जो पिछले महीने राष्ट्रपति यून सुक योल की ओर से मार्शल लॉ लागू करने से पैदा हुआ।योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया सैन्य गतिविधि के जरिए राजनीतिक संकट का लाभ उठा सकता है और सीमा पार तनाव बढ़ा सकता है।2024 के अंत में आयोजित पार्टी बैठक में उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि उनका देश अमेरिका के प्रति ह्यसबसे कठोरह्न जवाबी रणनीति अपनाएगा। उन्होंने दावा किया कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच सैन्य सहयोग अब ह्यहमले के लिए सैन्य गुटह्न के रूप में बदल गया है।

# नेपाल-तिब्बत सीमा पर भूकंप से तबाही मृतकों की संख्या हुई 53

**मीडिया रिपोट्स में यह दावा किया गया।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि शिजांग शहर में बड़ी तबाही हुई, कई लोगों की मौत हुई जबकि कई अन्य घायल हो गए।**

प्रात : किरण/एजेंसी

काठमांडू। मंगलवार सुबह नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने से कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 62 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोट्स में यह दावा किया गया।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि शिजांग शहर में बड़ी तबाही हुई, कई लोगों की मौत हुई जबकि कई अन्य घायल हो गए।
शिगाजे (शिगात्से) में डिंगरी के चांगसुओ टाउनशिप के टोंगलाई गांव में, कथित तौर पर कई घर ढह गए। भूकंप के झटके पूरे उत्तर



भारत में भी महसूस किए गए। बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और दिल्ली-एनसीआर जैसे इलाकों में इसका भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। भारत में अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। शुरुआती भूकंप के बाद दो झटके महसूस किए गए। पहला सुबह 7:02 बजे (आईएसटी) 4.7 तीव्रता का झटका दर्ज किया गया।

जिसका केंद्र अक्षांश 28.60 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.68 डिग्री पूर्व पर, 10 किलोमीटर की गहराई पर था और दूसरा 4.9 तीव्रता का भूकंप सुबह 7:07 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.68 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.54 डिग्री पूर्व पर, 30 किलोमीटर की गहराई पर था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने भूकंप का स्थान नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे से 93 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बताया। लोबुचे काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व और एवरेस्ट बेस कैंप से 8.5 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में खुम्बू ग्लेशियर के पास स्थित है।

नेपाल, एक अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जहां भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं, भूकंप के लिए कोई अजनबी नहीं है। यह टेक्टोनिक गतिविधि, जो हिमालयी क्षेत्र का निर्माण करती है, अक्सर अलग-अलग परिमाण की भूकंपीय घटनाओं का कारण बनती है। नेपाल और प्रभावित भारतीय क्षेत्रों के अधिकारी सतर्क हैं और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भूकंप ने ऐतिहासिक रूप से विनाशकारी भूकंपीय गतिविधि के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में चिंताओं को फिर से जगा दिया है।

# एचएमपी वायरस से घबराने की जरूरत नहीं, जागरूकता और सावधानी ही इस संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका है: डॉ. पलक सिंह

प्रात : किरण/एजेंसी

भारत में भारत में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी ) के कुछ मामले सामने आये हैं जिसको लेकर लोगों में चिंताएं हैं। इस संबंध में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की मेडिकल ऑफिसर डॉ. पलक सिंह ने बताया कि यह वायरस मुख्य रूप से श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और बच्चों, बुजुर्गों, और उन व्यक्तियों में अधिक तेजी से फैलता है जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। डॉ. पलक सिंह ने यह भी बताया कि एचएमपी वायरस की पहचान तो काफी पहले हुई थी, लेकिन हाल ही में इसके मामले भारत सहित दुनिया भर में तेजी से बढ़े हैं।

ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी) एक श्वसन वायरस है, जो पैरामाइक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है। यह वायरस मुख्य रूप से नाक, गले, और फेफड़ों को प्रभावित करता है और बच्चों में ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन बीमारियों का कारण बन सकता है। यह वायरस ठंड के मौसम में अधिक सक्रिय रहता है और श्वसन संक्रमणों का एक प्रमुख कारण है।

इसके प्रमुख लक्षणों में नाक बहना या बंद होना, गले में खराश, खांसीबुखार, सांस लेने में कठिनाई, घरघराहट (खासकर बच्चों में) अदि शामिल है। गंभीर मामलों में, यह निमोनिया या ब्रोंकियोलाइटिस जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है। वृद्ध व्यक्ति, छोटे बच्चे, और प्रतिरोधक क्षमता में कमी वाले लोग इस वायरस से अधिक गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। डॉ. पलक ने बताया कि एचएमपी



वायरस मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के श्वसन बूंदों के माध्यम से फैलता है। जब एक संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो यह वायरस हवा में फैलता है और पास में मौजूद व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है। इसके अलावा, संक्रमित सतहों को छूने के बाद यदि व्यक्ति अपने मुंह, नाक या आंखों को छूता है, तो संक्रमण फैल सकता है। वर्तमान में एचएमपीवी के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जागरूकता और सावधानी ही इस संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। ज्यादातर मरीजों अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से हाथ धोना और सैनिटाइजर का उपयोग करना चाहिए, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखना चाहिए, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना चाहिए तथा खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकना चाहिए।इसके अलावा मरीज को पर्याप्त आराम करना चाहिए तथा शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए अधिक पानी या तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। गंभीर मामलों में, ऑक्सीजन थेरेपी और इंट्रावेनस फ्लूड्स की आवश्यकता हो सकती है। गंभीर लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श लें।

# अमेरिका : लुइसियाना में बर्ड फ्लू से पहली मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

लॉस एंजेल्स। अमेरिका के लुइसियाना राज्य में बर्ड फ्लू यानि एच5एन1 से पहली मौत रिपोर्ट हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लुइसियाना स्वास्थ्य विभाग ने एक समाचार विज्ञप्ति में इस बात की पुष्टि की है। इसमें कहा गया है कि रोगी को एवियन इन्फ्लूएंजा की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रोगी की आयु 65 वर्ष से अधिक थी और उन्हें पहले से ही कई तरह की कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं।
विभाग ने कहा कि रोगी को जंगली पक्षियों के संपर्क में आने के बाद एच5एन1 का संक्रमण हुआ था। विभाग ने उल्लेख किया कि रोगी दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य में एच5एन1 का एकमात्र मामला है और विभाग की व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य



जांच में एच5एन1 के कोई अतिरिक्त मामले या किसी से संपर्क के साक्ष्य की पहचान नहीं हुई है। राज्य के अधिकारियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लोगों को एच5एन1 से बचाने का सबसे अच्छा तरीका संपर्क के स्रोतों से बचना है। फिलहाल आम जनता के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम बना हुआ है। जो लोग पक्षियों, मुर्गियों या गायों के साथ काम करते हैं, या उनके साथ मनोरंजन के लिए संपर्क में आते हैं उन्हें इससे अधिक जोखिम है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एजेंसी इस मौत से दुखी है। एजेंसी ने कहा, ₹हालांकि यह दुखद है, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका में एच5एन1 बर्ड फ्लू से मौत अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इन वायरस के संक्रमण से गंभीर बीमारी और मौत होने की आशंका है।

सोमवार तक अमेरिका में 2024 तक एच5एन1 बर्ड फ्लू के 66 पुष्ट मानव मामले हैं। अमेरिका के बाहर विश्व स्वास्थ्य संगठन को एच5एन1 बर्ड फ्लू के 950 से अधिक मामले बताए गए। सी.डी.सी. ने बताया कि व्यक्ति-से-व्यक्ति संक्रमण फैलने की पहचान नहीं की गई है। एजेंसी ने कहा कि उसने लुइसियाना में मरने वाले व्यक्ति के बारे में उपलब्ध जानकारी का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और इस आधार पर कह सकते हैं कि आम लोगों को इससे खतरा नहीं है।

# लेबनानी प्रधानमंत्री ने अमेरिका से कहा, संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन कर रहा इजरायल

प्रात : किरण/एजेंसी

बेरूत। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने आरोप लगाया है कि इजरायल संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा है और उसे ये तुरंत बंद करना चाहिए।मिकाती ने सोमवार को अमेरिकी दूत अमोस होचस्टीन के साथ बैठक के दौरान संघर्ष विराम उल्लंघन, दक्षिणी शहरों पर चल रहे हमलों, घरों और सुविधाओं के व्यवस्थित विनाश और लेबनानी हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का जिक्र करते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग दोहराई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, उन्होंने समझौते द्वारा निर्धारित 60 दिनों की समाप्ति से पहले इजरायली वापसी को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट समय सारिणी निर्धारित करने का भी आह्वान किया। होचस्टीन ने मिकाती और लेबनानी सदन के अध्यक्ष नबीह बेरी के साथ हुई बैठकों के बाद कहा कि इजरायली वापसी तब तक जारी रहेगी जब तक कि सभी इजरायली सेना लेबनानी क्षेत्र को नहीं छोड़ देती। होचस्टीन ने एक टेलीविजन बयान में कहा, "इजराइली रक्षा बलों ने आज पश्चिमी क्षेत्र के अधिकांश भाग नकौरा से अपनी वापसी शुरू कर दी है और ब्लू लाइन के दक्षिण में इजरायल में वापस आ गए हैं। ये वापसी तब तक जारी रहेगी जब तक कि सभी इजरायली सेनाएं लेबनान से पूरी तरह से बाहर नहीं निकल जातीं और लेबनानी सेना दक्षिण और ब्लू लाइन में तैनात होती रहती है।" होचस्टीन ने कहा कि युद्ध विराम की निगरानी करने वाली समिति अगले 20 दिनों तक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के सहयोग से इजरायल की वापसी और लेबनानी सेना की तैनाती पर काम करना जारी रखेगी। होचस्टीन ने कहा, ₹मुझे अगले कुछ दिनों में काफी प्रगति देखने की उम्मीद है।" उन्होंने आगे कहा, कार्यान्वयन उतनी जल्दी नहीं दिख रहा है, जितनी कुछ लोग चाहते थे।

# पाकिस्तान ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया : तालिबान

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने देश में रह रहे सैंकड़ों अफगानों को हिरासत में लिया है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने यह दावा किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। अमू टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद स्थित तालिबान के नेतृत्व वाले अफगान दूतावास ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें वो लोग भी शामिल हैं जिनके पास वैध निवास दस्तावेज थे।
एक्स पर एक बयान में, दूतावास ने दावा किया कि हिरासत में लिए गए प्रवासियों में वे लोग शामिल हैं जिनके पास वीजा, पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) या अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) दस्तावेज हैं, जो पाकिस्तान में उनके रहने को अधिकृत करने के लिए हैं।दूतावास ने अफगान



प्रवासियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों पर प्रकाश डाला, जो हिरासत से बचने के लिए एक शर्त बन गई है। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल इस्लामाबाद में उन प्रवासियों को निशाना बना रहे हैं जिनके पास एनओसी नहीं है, भले ही उनके पास अन्य वैध दस्तावेज हों। रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान वापस भेजे गए लोगों में से 137 के पास वैध वीजा था, लेकिन वे एक्सटेंशन का इंतजार कर रहे थे। तालिबान ने स्थिति को और खराब बताया और इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारियों के दौरान महिलाओं और बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया गया है। उन्होंने पाकिस्तान से अपनी सीमाओं के भीतर रहने वाले अफगान नागरिकों के अधिकारों और सुरक्षा को बनाए रखने का आग्रह किया।बयान में संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से हस्तक्षेप करने और अफगान प्रवासियों के प्रति पाकिस्तान की नीतियों को संबोधित करने का भी अपील की गई।संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वर्तमान में लगभग तीन मिलियन अफगान प्रवासी पाकिस्तान में रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि 2024 में 1.2 मिलियन से अधिक अफगान प्रवासी अफगानिस्तान लौट आए, जो पाकिस्तान में अभी भी रह रहे लोगों के सामने बढ़ती चुनौतियों को उजागर करता है।बात दें अफगानिस्तान और पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। टीटीपी का उद्देश्य पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और राज्य के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर पाकिस्तान सरकार को उखाड़ फेंकना है। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक यह पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को हटाकर इस्लामी कानून की अपनी व्याख्या के आधार पर एक कट्टरवादी शासन की नींव रखना चाहता है। पाकिस्तान का अफगान तालिबान पर आरोप है कि वह टीटीपी विद्रोहियों को सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने और उनकी आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता है।

**आरोप** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया।

# सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे हैं बाइडेन : ट्रंप का बड़ा आरोप

प्रात : किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति बन जाएंगे लेकिन प्रेसिडेंट जो बाइडेन के खिलाफ उनके तल्ख तेवर कायम हैं। अब उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन पर सत्ता हस्तांतरण को कठिन बनाने का आरोप लगाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, बाइडेन इस बदलाव को जितना संभव हो सके उतना



मुश्किल बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई से लेकर ग्रीन न्यू स्कैम और अन्य पैसे बर्बाद करने वाले महंगे और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश शामिल हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, डरो मत, ये सभी ह्यआदेशह्न जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ और ताकत वाला राष्ट्र बन जाएंगे। बाइडेन के साथ ही ट्रंप कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो पर भी काफी हमलावर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जब अपने इस्तीफे की घोषणा की तो उन्होंने तंज कसते हुए एक बार फिर कनाडा को अमेरिका में मिला देने का ऑफर किया। बता दें कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे। ट्रंप ने ट्रूडो की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद अपने प्रस्ताव को फिर दोहराया। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कहा, ह्लकनाडा में बहुत से लोग 51वें राज्य का हिस्साथ बनना पसंद करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका अब उस बड़े व्यापार घाटे और सब्सिडी को सहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को बने रहने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ट्रंप ने आगे कहा, \अगर कनाडा अमेरिका के साथ मिलता है तो कोई टैरिफ नहीं होगा, टैक्स बहुत कम हो जाएंगे, वह रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा जो लगातार उन्हें घेर रहे हैं। साथ मिलकर यह कितना महान राष्ट्र होगा। ट्रंप अपनी चुनावी जीत के बाद से ट्रूडो पर आक्रामक रहे हैं। वह पहले भी उन्हें कनाडा के महान राज्य का गवर्नर कहकर मजाक उड़ा चुके हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति यह भी घोषणा कर चुके हैं कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह तब तक लागू रहेगा जब तक कि वे अपने देशों से अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और ड्रग्स, खास तौर से फेंटानाइल के प्रवाह को न रोकें।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129